


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना, एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


03 मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के 750 एकड़...

ओवल टेस्ट- इंग्लंड की पारी लड़खड़ाई... 11

वर्ष : 13 ■ अंक : 116 ■ पटना, सोमवार, 04 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

**प्रात : किरण**



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। हालांकि, इस चर्चा के बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की गई है। राष्ट्रपति के सोशल मीडिया हैंडल एक्स से रविवार को पीएम मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर भी शेयर की गई, जिसमें वे दोनों चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स हैंडल से तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। पीएम मोदी और राष्ट्रपति के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है, जब भारत के अगले उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के अनुसार, उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान आगामी 9 सितंबर को कराया जाएगा। चुनाव आयोग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार, 7 अगस्त को चुनाव के लिए आधिकारिक अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी की जाएगी। इसके बाद इच्छुक उम्मीदवार 21 अगस्त तक अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी। इससे पहले, 16 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी। यह मुलाकात संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले हुई थी। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर बैठक की तस्वीरें साझा की गई थीं।

इसके अलावा, 7 मई को पीएम मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी थी। इस अभियान में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया था। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पोस्ट में बताया था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

## गोंडा : नहर में गिरी बोलेरो, 11 लोगों की दर्दनाक मौत

**प्रात : किरण**



गोंडा/एजेंसी। उत्तर प्रदेश के गोंडा में दर्दनाक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है। गोंडा के पृथ्वी नाथ मंदिर दर्शन करने जा रही बोलेरो कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। मौके पर ही 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है मृतक थाना मोतीगंज के सिहागांव के निवासी हैं. ये सड़क हादसा इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवा बहुता रेहरा मोड के पास हुआ है। हादसे में जिनकी मौत हुई हैं, उनमें 5 महिलायें और 6 पुरुष हैं। ड्राइवर की जान बच गई है भारी बारिश के बीच गोंडा में बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जो अधिकतर एक ही परिवार के हैं। बोलेरो में कुल 15 लोग सवार थे। ये सभी लोग सावन के महीने में पृथ्वीनाथ मंदिर जल चढ़ाने जा रहे थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बोलेरो गाड़ी का गेट नहीं खुल रहा था। लोग अंदर जान बचाने की गुहार लगा रहे थे। कार का शीशा तोड़ कर लोगों को गाड़ी के अंदर से निकाला गया। हादसे का शिकार हुई बोलेरो कार में 15 लोग सवार थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवारों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने के निर्देश दिए।

### राष्ट्रपति व पीएम मोदी ने जताया दुख

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के गोंडा में हुए सड़क हादसे पर रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया। पीएम मोदी ने हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी के हवाले से लिखा, उत्तर प्रदेश के गोंडा में हुए एक हादसे में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

### मौसम

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 55% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 05% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 1,01,370 |
| चांदी | 1,10,000 |
| सेंसेक्स | 81,185 |
| निफ्टी | 24,768 |

### रोजगार निर्माण सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता है : नितिन गडकरी

नागपुर। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रोजगार के विषय पर बड़ा बयान दिया है। महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू की दो बातों का जिक्र करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि रोजगार निर्माण करना हमारी सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता है। नितिन गडकरी ने रविवार को नागपुर में भारत@100: विदर्भ की विकसित भारत की यात्रा विषय पर आधारित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमें रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाना है। ऐसा इसलिए कि विदर्भ की गरीबी दूर करनी है। सुखी, संपन्न, विकसित विदर्भ तभी होगा, जब कृषि और उद्योग क्षेत्र में अच्छी प्रगति होगी। इसलिए यहां के लोगों की आकांक्षा विकास के साथ जुड़ी हुई है। इसी बीच, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू को याद किया। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी जी और जवाहर लाल नेहरू की दो बातें बड़ी प्रसिद्ध हैं।

**सीएम ने किया पटेल भवन का दौरा, आपदा प्रबंधन की तैयारियों का लिया जायजा**

# अलर्ट मोड में रहें व सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखें : सीएम नीतीश

■ राज्य में अच्छी वर्षा होने से किसानों को रोपनी कार्य में हो रहा फायदा

**प्रात : किरण**



पटना। बिहार के अधिकांश इलाकों में हो रही बारिश और नदियों के जलस्तर में हो रही वृद्धि के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को पटेल भवन पहुंचकर गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आपदा प्रबंधन विभाग तथा राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं तथा कार्यपद्धतियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में वषार्पात की स्थिति, नदियों के जलस्तर तथा फसल आच्छादन की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र बहुत उपयोगी केन्द्र है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 24 घंटे संचालित यह केन्द्र बेहतर ढंग से कार्य कर रहा है जिसका लाभ राज्य के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी वर्षा होने से किसानों को रोपनी कार्य में फायदा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर संबंधित अधिकारी को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश देते हुए कहा कि एसओपी के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखी जाएं।

### 222 प्रखंडों में 25 मिमी से अधिक हुई बारिश

विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य में वषार्पात की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 24 घंटों में राज्य में अच्छी बारिश हुई है। राज्य के 222 प्रखंडों में 25 मिलीमीटर अथवा इससे अधिक बारिश दर्ज की गई है। गंगा, कोसी तथा बूढ़ी गंडक नदियों का जलस्तर बढ़ा है, पानी का स्तर खतरे के निशान के आसपास है, लेकिन स्थिति अभी नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि राज्य में धान की फसल का आच्छादन प्रतिशत तीन अगस्त तक 79.43 प्रतिशत है, गत वर्ष इस समय तक यह 67.38 प्रतिशत था। राज्य में अच्छी वर्षा हो रही है जिससे भू-जल स्तर भी बेहतर हुआ है। निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के अलावा पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह सहित गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेमी ऊपर**

## सूबे में बाढ़ की स्थिति भयावह, कई नदियां उफान पर

■ जल संसाधन विभाग ने जारी किया अलर्ट

**प्रात : किरण**



पटना। बिहार में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश और नेपाल से छोड़े गये पानी से उत्तर बिहार की अधिकांश नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर गंगा, कोसी, पुनपुन, गंडक, बूढ़ी गंडक, कमला बलान, महानंदा और घाघरा नदियां उफान पर हैं। प्रदेश के कई जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। जल संसाधन विभाग ने एहतियातन अलर्ट जारी किया है। गंगा नदी का जलस्तर पटना, भागलपुर और कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। गांधी घाट (पटना) पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेमी ऊपर दर्ज किया गया, जबकि हाथीदह में 1 सेमी, भागलपुर में 10 सेमी और कहलगांव में 13 सेमी ऊपर चला गया। बक्सर में अगले 24 घंटे में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जाने की आशंका है।

अभी यह खतरे के निशान से महज एक फीट नीचे है। कोसी नदी, जिसे बिहार की शोक भी कहा जाता है, अब एक बार फिर अपने उसी रौद्र रूप में लौट आई है। खगड़िया में इस नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। जल्द ही डुमरी, बलतारा, सहरसा, सुपौल और कुरसेला में भी इस नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर सकता है। पुनपुन नदी का जलस्तर पटना में खतरे के निशान के पार पहुंच चुका है। इसके साथ ही गंडक, बूढ़ी गंडक, कमला बलान, भूतही बलान, सोन, महानंदा और घाघरा जैसी नदियों के जलस्तर में 10 से 48 सेमी तक की वृद्धि का अनुमान है। जमुई जिले के झाझा प्रखंड स्थित बरमसिया पुल का एक हिस्सा अचानक धंस गया, जिससे झाझा नगर और सोनो प्रखंड के दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया। यह पुल उलाय नदी पर बना हुआ था। अब हजारों ग्रामीणों का झाझा मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट चुका है।

इसी प्रखंड के बाराकोला पंचायत अंतर्गत पचकठिया गांव में शनिवार को भारी बारिश के कारण एक कच्चा घर ढह गया। 49 वर्षीय मोहन खैरा मलबे में दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रशासन द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और परिवार को सहायता देने की प्रक्रिया जारी है। उधर, हवेली खड़गपुर-तारापुर मार्ग एक बार फिर ठप हो गया। डंगरी नदी पर बना अस्थायी डायवर्जन पानी के साथ बह गया। टेटियाबंबर प्रखंड का संपर्क टूट चुका है। बीते महीने भी यह डायवर्जन दो बार बह चुका है, जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी हुई थी। बिहार से होकर बहने वालीं उक्त तमाम नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

विभागीय अभियंताओं को सभी तटबंधों की चौबीस घंटे और सातों दिन निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें कई संवेदनशील जिलों में तैनात की जा रही हैं। प्रशासन की ओर से कई तटीय गांवों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। बाढ़ प्रभावित इलाके के लोग राज्य और केंद्र सरकार राहत और पुनर्वास कार्यों को युद्धस्तर पर चलाए जाने की मांग कर रहे हैं, ताकि जान-माल की हानि कम से कम हो।

## अमित शाह 8 अगस्त को सीता मंदिर की रखेंगे आधारशीला

**प्रात : किरण**

पटना/एजेंसी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को सीतामढ़ी जिले के पुपरी नगर स्थित नागेश्वर स्थान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और बिहारवासियों से माता सीता के बनने वाले मंदिर के शिलान्यास समारोह में आने का न्योता दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना भी साधा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगामी आठ अगस्त को मंदिर का शिलान्यास करने वाले हैं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के सीतामढ़ी में माता सीता के भव्य मंदिर निर्माण की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस भूमि ने माता सीता को जन्म दिया, वहां अब अयोध्या की तरह भव्य मंदिर का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आठ अगस्त को मंदिर की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने बिहार के लोगों से शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि मैं इस मंच से सभी बिहारवासियों को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण देता हूं।

केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि देश में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं हो रहा है, फिर भी कुछ लोगों को दिक्कत हो रही है। कल उनकी (तेजस्वी) की झूठ की बुनियाद सबके सामने बेनकाब हो गई। उन्हें अपनी पत्नी के नाम और पहचान को छिपाने की क्या जरूरत थी? अगर वो ईसाई थीं, तो इसमें क्या बुराई थी? भारत तो सबको स्वीकार करता है। जब देश ने सोनिया जी को स्वीकार किया,तो तेजस्वी की पत्नी भी इस देश की बेटी हैं। गिरिराज ने कहा कि आज राजनीति विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर चल रही है, जिसमें एस से सोनिया, आई से इमरान (या इशारा), और आर से राहुल है।

## भारी बारिश का पूर्वानुमान, सरकार अलर्ट

पटना/एजेंसी। बिहार में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच राज्य सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को कहा कि पिछले दो-चार दिनों में जो बारिश हुई है, वह अब पर्याप्त मात्रा में हो चुकी है। अगर अगले दो-तीन दिनों तक बारिश का यही सिलसिला जारी रहा, तो यह चिंता का विषय बन सकता है। मंत्री चौधरी ने कहा, बारिश की स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग पूरी तरह अलर्ट है। अधिकारी पूरी सजगता और सतर्कता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के कई जिलों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिससे नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। कुछ निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति भी बन सकती है, इसलिए सरकार ने पहले से ही हाई अलर्ट घोषित कर दिया है।

## क्यों काटे वोटर लिस्ट से नाम, स्पष्ट करे चुनाव आयोग : तेजस्वी


**प्रात : किरण**

पटना/एजेंसी। बिहार में चुनाव आयोग की ओर से जारी किए गए मतदाता सूची के मसौदे (ड्राफ्ट) पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर सवाल उठाए हैं। तेजस्वी ने कहा कि जिन लोगों का निधन हो चुका है या फिर जो दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में चले गए हैं, चुनाव आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि उनके नाम क्यों हटाए गए। राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, कल हमने चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे थे। चुनाव आयोग ने उन लोगों के नाम क्यों छिपाए हैं जिनके बूथवार ईपीआईसी (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर दर्ज हैं या जिनका निधन हो चुका है, जो स्थानांतरित हो गए हैं, या जो दूसरे विधानसभा क्षेत्र में चले गए हैं? उनके बारे में जानकारी क्यों छुपाई गई है? चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन नामों को क्यों हटाया गया। तेजस्वी ने मतदाता सूची संशोधन और निवास प्रमाण पत्र की प्रक्रिया की गंभीरता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, जब बिहार में डॉग बाबू और मोनालिसा के नाम पर निवास प्रमाण पत्र बनाए गए, तो यह दिखाता है कि यह पुनरीक्षण कितना गहन था। कई आईएएस अधिकारियों और कई अन्य लोगों के नाम भी काटे गए हैं। हम चाहते हैं कि आयोग श्रेणी-वार डेटा जारी करे ताकि सच्चाई सामने आए। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर चुनाव आयोग से कई सवाल किए थे। उन्होंने लिखा, चुनाव आयोग ने जिन 65 लाख मतदाताओं के नाम विलोपित किए हैं, उससे संबंधित हमारे कुछ वाजिब एवं तार्किक सवाल हैं। क्या आयोग इसका जवाब देगा?

**जानकारी** | **बिहार एसआईआर को लेकर ईसीआई ने जारी किया बुलेटिन, आपत्तियों और फॉर्म्स की जानकारी साझा की**

## बिहार की प्रारूप मतदाता सूची पर राजनीतिक दलों से अब तक नहीं मिली आपत्ति : चुनाव आयोग

**प्रात : किरण**




नई दिल्ली/एजेंसी। भारत के निर्वाचन आयोग ने रविवार को बिहार के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित 1 से 3 अगस्त तक का डेली बुलेटिन जारी किया है। इस बुलेटिन में राजनीतिक दलों, मतदाताओं और नए मतदाताओं से प्राप्त दावों, आपत्तियों और फॉर्म्स की जानकारी साझा की गई है। ईसीआई ने बताया कि बिहार एसआईआर 2025 के तहत 1 अगस्त से 3 अगस्त दोपहर 3 बजे तक विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से किसी भी तरह की कोई आपत्तियां नहीं मिली हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, पात्र मतदाताओं की सूची में शामिल करने और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के लिए 941 दावे या आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनका निपटारा अभी बाकी है।

चुनाव आयोग ने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले नए मतदाताओं से 4,374 फॉर्म-6 और घोषणाएं प्राप्त हुईं, जिनका निपटारा किया जाएगा। ईसीआई के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ/एईआरओ) द्वारा 7 दिनों के भीतर किया जाएगा। ईसीआई के मुताबिक, बिहार में आम आदमी पार्टी का 1 बीएलए है, बहुजन समाज पार्टी के 74, भारतीय जनता पार्टी के 53,338, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के 899, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 17,549, और नेशनल पीपुल्स पार्टी के 7 बीएलए हैं। इन राजनीतिक दलों की तरफ से कोई आपत्तियां नहीं मिली हैं। इसके अलावा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (लिबरेशन) के 1,496, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के 1,913, जदयू के 36,550, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 1,210, राष्ट्रीय जनता दल के 47,506, और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के 270 बीएलए हैं, और उनकी तरफ से भी कोई आपत्ति नहीं मिली है। एसआईआर आदेश के अनुसार, 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची से नाम तभी हटाया जा सकता है, जब ईआरओ द्वारा जांच और उचित सुनवाई के बाद आदेश दिया जाए। बता दें कि बिहार में भारत निर्वाचन आयोग ने 1 अगस्त को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की है। एसआईआर के पहले चरण में कुल 65,64,075 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

### चुनाव आयोग ने तेजस्वी यादव से मांगा स्पष्टीकरण

पटना/एजेंसी। बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव को दो अलग-अलग मतदाता पहचान पत्र रखने के मामले में चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। आयोग का दावा है कि दो में से एक एपिक नंबर अस्तित्वहीन है।आयोग ने तेजस्वी से इस पर स्पष्टीकरण मांगा है। तेजस्वी यादव ने दावा किया था है कि बिहार की मतदाता सूची के प्रारूप में उनका नाम नहीं है। तेजस्वी के अनुसार उन्होंने जो एपिक नंबर (आरएबी 2916120) शेयर किया, वो रिकॉर्डस में नहीं है। चुनाव आयोग ने इस पर संज्ञान लेते हुए तेजस्वी यादव को नोटिस जारी किया और एपिक नंबर आरएबी 2916120 का विवरण मांगा है, ताकि इसकी जांच की जा सके। आयोग ने इस पर स्पष्टीकरण मांगते हुए उनसे तय समयसीमा के भीतर तथ्यात्मक जवाब देने को कहा है। चुनाव आयोग ने नोटिस में कहा है कि आपकी ओर आपका नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं होने की बात बताई गई। लेकिन जांच में पाया गया कि आपका नाम मतदान केन्द्र संख्या 204 (बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन) के क्रम संख्या 416 पर अंकित है, जिसका एपिक नंबर आरएबी 0456228 है। दरअसल, तेजस्वी यादव के नाम पर दो एपिक नंबर आरएबी 2916120 और आरएबी 0456228 दर्ज हैं। इनमें से पहला एपिक नंबर वर्ष 2015 की मतदाता सूची और 2020 के नामांकन पत्र में मौजूद था, जबकि दूसरा एपिक नंबर अस्तित्वहीन पाया गया है। निर्वाचन आयोग का कहना है कि यह मामला मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि या फर्जी दस्तावेज से जुड़ा हो सकता है, जिसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। आयोग यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि दूसरा एपिक नंबर कभी आधिकारिक रूप से जारी किया गया था या नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### शहर में बनने वाले दो पार्क का शिलान्यास मुख्य पार्षद रूपा ने किया

फतुहा। रविवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के सौजन्य से नगर परिषद के वार्ड संख्या- 15 नोहटा में और 27 के कॉपरेटिव कॉलोनी में मिट्टी भराई, चहारदीवारी, फुटपाथ, पेभर ब्लॉक, पार्क निर्माण का शिलान्यास नगर परिषद की मुख्य पार्षद रूपा कुमारी एवं उपमुख्य पर्षद अंजनी कुमारी ने फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी टुनटुन यादव, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, दयानंद यादव, अनिल कुमार उर्फ कारू के अलावा पार्षद अजीत कुमार, पूनम देवी, दीपक कुमार, हैवी यादव, संजीव कुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार, अनिल कुमार मौजूद रहे। आयोजक राहुल कुमार ने बताया कि नगर परिषद की जनता की मांग पूरी होने जा रही है। नगर परिषद में पार्क और फुटपाथ की कमी थी। इसका शिलान्यास हो जाने से यहां की जनता में हर्ष है। इसका निर्माण कर जल्द ही इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। वही लोगों ने रूपा कुमारी जिन्दाबाद, टुनटुन यादव जिन्दाबाद का नारा लगाया।

### जमीन की फर्जी रजीस्ट्री के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

दानापुर। नगर के अंतर्गत पुलिस ने जमीन की फर्जी रजीस्ट्री व जालसाजी मामले में आरोपित अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उतर प्रदेश के लखनऊ के बृंदावन सेक्टर दो निवासी अभिषेक रूपसपुर थाना क्षेत्र के अश्मी होम्स में रहता था। जिसकी तलाश में पुलिस काफी दिनो से लगी थी। बताया जाता है कि अभिषेक के पर पटना के मराची निवासी उमाकांत प्रसाद ने दानापुर के आर्य समाज रोड स्थित एक जमीन को गलत कागजात देकर जमीन की फर्जी रजीस्ट्री करने का मामला दर्ज कराया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे धड़ दबोचा। कांड के अनुसंधान कर्ता अनि दीपक कुमार ने बताया कि अभिषेक के विरूद्ध पूर्व से भी जमीन को लेकर जालसाजी करने का मामला दर्ज है। जमीन के नाम पर जालसाजी कर कई लोगो से करोडो रुपए लेने की बात सामने आयी है। गिरफ्तारी के बाद कई लोग सामने आने लगे है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि जमीन के नाम पर जालसाजी करने एवं गलत कागज दिखा रजीस्ट्री करने के मामले में अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इसके विरूद्ध गांधी मैदान व दानापुर में भी दो मामले दर्ज है, और पता किया जा रहा है। दोनो केस में रिमांड पर लिया जायेगा। फिलहाल पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत नाबालिग से सामुहिक दुष्कर्म करने व विडियो बना ब्लैकमेल करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने ब्लैकमेल कर लिया गया एक सोने जैसा दिखने वाला एक कंगन भी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दानापुर के लंका कालोनी निवासी कविराज उर्फ विशाल के रूप में किया गया। पुछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ सामुहिक दुष्कर्म कर उसका विडियो बना ब्लैकमेल कर जेवर लेने का एक महिला ने शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए जेवर लेने वाले सोनार समेत चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया था। एक आरोपी कवि राज फरार चल रहा था। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। उसके पास से ब्लैकमेल कर लिया गया एक जोडा सोने का जैसा दिखने वाला कंगन बरामद किया गया। पुछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बिजली का सर्विस तार काट कर भाग रहे दो बदमाश को गिरफ्तार किया गया

दानापुर। थाना क्षेत्र के बीबीगंज मैदाटोली में निमार्णाधीन मकान में बिजली का सर्विस तार काट कर भाग रहे दो बदमाश को लोगो ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकडे गये बदमाशो की पहचान बिजेश राय रामनगर कालोनी दानापुर) व राजा कुरैशी इमलीतल के रूप में किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में अजय कुमार ने लिखित शिकायत की है। अजय ने बताया कि दो दिन पूर्व मैदाटोली स्थित निमार्णाधीन मकान से गैस सिलेंडर चोरो ने चोरी कर ली।

# नगर निगम के कर्मचारियों का एंटी लार्वा छिड़काव का दिया जा रहा प्रशिक्षण

प्रात :किरण संवाददाता



पटना- मानसून के दौरान हो रही बारिश से नगर निगम के विभिन्न वार्डों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है. ऐसे में डेंगू एवं चिकनगुनिया के मामलों में वृद्धि होने की आशंका जताई जा रही है. इसे ध्यान में रखते हुए मानसून के दौरान अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। इसी कड़ी में अदालतगंज पोखर परिसर में नगर निगम के कर्मचारियों का एंटी लार्वा छिड़काव पर उन्मुखीकरण किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नूतन राजधानी अंचल, पाटलिपुत्र अंचल, कंकड़बाग अंचल, बांकीपुर अंचल, पटना सिटी अंचल एवं अजीमाबाद अंचल के एंटी लार्वा के छिड़काव में लगे कर्मियों, इंस्पेक्टर एवं सुपरवाईजर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्य्रक्रम में 1 अगस्त को नूतन राजधानी अंचल एवं पाटलिपुत्र अंचल, 2 अगस्त को कंकड़बाग अंचल एवं बांकीपुर अंचल के कर्मियों का उन्मुखीकरण किया गया. 4 अगस्त को पटना सिटी अंचल एवं अजीमाबाद अंचल के कर्मियों का एंटी लार्वा के छिड़काव पर उन्मुखीकरण किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने शामिल प्रतिभागियों से कहा कि मानसून में जगह जगह जलजमाव होना आम बात है। ऐसे में जमा पानी मच्छरों के लिए लार्वा पैदा करने का उचित वातावरण तैयार करता है. डॉ. प्रसाद ने कहा कि जरुरी है ऐसे जगहों पर नियमित रूप से सही मात्रा में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाए. मच्छर द्वारा डेंगू और चिकनगुनिया नहीं फैलाया जाए, इसके लिए आवश्यक है कि सभी जलजमाव वाली जगहों पर छिड़काव किया जाए। प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण करते हुए वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी, पंकज कुमार ने नगर निगम के कर्मियों को विस्तार से एंटी लार्वा के छिड़काव से संबंधित जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सड़कों, गली, मोहल्लों के अलावा घर के खली जमीन में अगर जलजमाव हो तो वहां भी एंटी लार्वा का छिड़काव जरुरी है. उन्होंने शामिल प्रतिभागियों को सही मात्रा में एंटी लार्वा के छिड़काव संबंधित जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने कर्मियों से कहा कि डेंगू चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए जन सहयोग जरुरी है. घर के अंदर कहाँ लार्वा पनप सकता है इसकी जानकारी भी लोगों को दें।

# हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स पटना

## प्रोजेक्ट चहचहाहट के गौरैया स्टीकर का लोकार्पण



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वाधान में गौरैया संरक्षण के लिए चलाए जा रहे प्रोजेक्ट चहचहाहट के अंतर्गत लोगों में गौरैया संरक्षण से संबंधित जानकारी को बढ़ावा देने के लिए गौरैया स्टीकर का लोकार्पण रविवार (3-8-2015) को किया गया। इस मौके पर गौरैयाविद संजय कुमार ने कहा कि यह स्टीकर गौरैया संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है, यह आम लोगों को संरक्षण मुहिम में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। एनवायरनमेंट वॉरियर्स के निशांत रंजन में बताया कि गौरैया संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास समाज के हर लोगों को इस मुहिम से जोड़ने का है।

इस अवसर पर गौरैया संरक्षक आशा प्रसाद, डॉ अशोक प्रसाद, डॉ लीना, नीरज कुमार, विक्रम पाटील, अभिरुद्ध सिन्हा, अंकित राज, दिग्विजय कुमार, देव कुमार, सभ्यता कुमारी, निश्चल कुमार, ऋषि कांत आर्य, आकाश राज, प्रियांशु रंजन आदि लोग मौजूद थे।

# बिक्रम में खुला बिहार का पहला शूटिंग एकेडमी जमुई विधायिका श्रेयसी सिंह ने किया उद्घाटन

## साकेत सिंह शूटिंग एकेडमी में 25 मीटर राईफल शूटिंग में बिहार का पहला मैच शुरू



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम । प्रखंड क्षेत्र के अख्तियारपुर में रविवार को साकेत सिंह शूटिंग एकेडमी बिहार स्टेट राईफल एसोसिएशन के द्वारा पचीस मीटर व पचास मीटर एयर राईफल पिस्टल का शुभारंभ किया गया। इस ट्रेनिंग सेंट्रर का उद्घाटन जमुई की महिला विधायक कॉमन वेल्थ शूटिंग गोल्ड मेडलिस्ट श्रेयसी सिंह ने किया। श्रेयसी सिंह ने पचीस मीटर पिस्टल में प्रदर्शन कर शूटिंग एकेडमी की शुभारंभ की। बिहार स्टेट लेवल के चार सौ प्रतियोगी इस शूटिंग में अपने अपने जिले से बेहतर प्रदर्शन करने आये है। वही बिहार स्टेट एसोसिएशन के साथ नेशनल राईफल एसोसिएशन के सचिव कुमार त्रिपुरारी सिंह, ग्वालियर से प्रियांशु गुप्ता, जगवंदन सेवा संस्थान से साकेत सिंह, दिल्ली से अंजन कुमार सिंह, एयरफोर्स से मतिश कुमार, अहमदाबाद से ओमप्रकाश पुष्पकर, आईएसएसएफ जज के रूप में मैच को सफलता पूर्वक आयोजन कराने हेतु तकनीकी पदाधिकारी के रूप में मौजूद है। उक्त बाबत पत्रकारों को जानकारी देते हुए साकेत सिंह ने बताया कि आज पचीस मीटर की राईफल शूटिंग मे बिहार स्टेट में पहला मैच की शुभारंभ हुई है, इस तरह की प्रतियोगिता से बिहार पुलिस में नौकरी की संभावना बढ़ी है, क्योंकि सरकार का ही निर्देश है, मैडल लाओ नौकरी पाओ।मौके पर जगवंदन सेवा संस्थान ग्रुप के प्रभाकर कुमार, बिटेश्वर पंडित, दीपक कुमार, सूरज कुमार आदि सदस्यों के अलावे कई भोलेन्टियर मौजूद थे ।

# पब्लिक हेल्थ मैनेजमेंट कैंडर के पद पर स्वीकृति मिलने पर संघ ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार राज्य स्वास्थ्य संविदा कर्मी संघ के सचिव ललन कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए पब्लिक हेल्थ मैनेजमेंट कैंडर (पीएचएमसी) के पद पर स्वीकृति मिली हैं। इसके लिए संघ की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के प्रति आभार व्यक्त किया हैं। ललन कुमार सिंह ने बताया कि बिहार देश का पहला राज्य है, जहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों को तोहफा मिला हैं। हम सभी एचएमएम कर्मी एवं उनके परिवार की ओर से राज्य सरकार को इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार प्रकट करते हैं। संघ ने सरकार से अनुरोध किया है कि 15 अगस्त 2025 तक सभी योग एएचएम संविदा कर्मियों की नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएं। इस मौके पर अफरोज अनवर, कौशलेन्द्र शर्मा, विकास शंकर, मो. इमरान, विकास कुमार, अविनाश कुमार, प्रफुल्ल कुमार, अन्नू कुमार, खुशबू कुमारी, महेन्द्र प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# सत्ता के लिए बेचैन तेजस्वी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नहीं है भरोसा: संतोष सुमन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना : हम (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि सत्ता के लिए बेचैन तेजस्वी यादव को इस देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं है। वोटर लिस्ट से नाम कटने का नेता प्रतिपक्ष का किया। गया दावा उनकी फेक नैरेटिव गढ़ने और अफवाह आधारित राजनीति को उजागर करता है। एसआईआर रोकवाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाने के बावजूद विफल रहने वाले नेता प्रतिपक्ष ने ऐसी हरकत से अपनी बच्ची-खुची विश्वसनीयता को भी खो दिया है। श्री सुमन ने कहा कि तेजस्वी यादव के आरोप पर इलेक्शन कमीशन की ओर से जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के क्रॉस वेरिफिकेशन में उनका नाम दीघा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-204 में दीघा के पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन की मतदाता सूची की क्रम संख्या 416 पर पाया गया।क्रम संख्या 445 पर उनकी पत्नी राजश्री का भी नाम है। उन्होंने कहा कि दरअसल तेजस्वी यादव एन-केन-प्रकारेण चुनाव आयोग को बदनाम करने की कुत्सित मंशा से ग्रसित हैं। तेजस्वी यादव का मकसद चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर अपने अनर्गल, अतार्किक विरोध को सही ठहराना है। श्री सुमन ने कहा कि बैलेट बॉक्स से ह्यजिन्नह्ण निकालने वाली परम्परा को तेजस्वी यादव ह्यबोगसह्ण और ह्यफर्जीह्ण मतदाताओं के जरिए फिर से बिहार में दोहराना चाहते हैं।

# महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा दानापुर-डीडीयू एवं डीडीयू-सोननगर-अंकोरहा रेलखंड का किया गया विडों ट्रेलिंग निरीक्षण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ हाजीपुर। छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा दानापुर-डीडीयू एवं डीडीयू-सोननगर-अंकोरहा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस रेल खण्ड पर संरक्षा, मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह डीडीयू जंक्शन पहुंचे जहां उन्होंने प्लेटफॉर्म एवं फुट ओवर ब्रिज आदि का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई एवं यात्री सुविधाओं का जायजा लिया । निरीक्षण के अगले चरण में महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा अंकोरहा स्टेशन के पास नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्लांट का दौरा कर प्लांट अधिकारियों के साथ रेल सुविधा को लेकर वार्ता की गई। उन्होंने अंकोरहा स्थित रनिंग रूम का निरीक्षण कर वहां सुविधाओं का जायजा लिया । साथ ही महाप्रबंधक द्वारा रनिंग रूम प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा अंकोरहा स्टेशन पर भी महाप्रबंधक द्वारा निरीक्षण कर वहां पैनल रूम, संयुक्त चालक दल एवं ट्रेन मैनेजर बुकिंग लॉबी तथा स्टेशन पर सुविधाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान के मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार एवं मंडल रेल प्रबंधक, डीडीयू उदय सिंह मीना अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित थे।

# बिहार में किसान आंदोलन को तेज करने के लिए दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनारस से कोलकाता सड़क निर्माण में औरंगाबाद, रोहतास एवं कैमूर के किसानों पर दमन तेज कर सरकार द्वारा किसानों की जमीन हड़पने, चौसा में सड़क निर्माण के नाम पर गांव को उजाड़ने की साजिश एवं अमौसी-दरभंगा सड़क निर्माण में किसानों की जमीन जबरन छीनने की हड़कत से अन्नदाता आक्रोशित हैं। बिहार सरकार के एक बड़े हाकीम द्वारा बिहार के किसानों को दिए गए गाली से बिहार ही नहीं संपूर्ण भारत के किसान गुस्से में है। स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की आज आयोजित बैठक में वक्ताओं ने अपना रोष प्रकट करते हुए कहा कि 17 जुलाई को कुंदन कृष्णन ने बिहार के किसानों को व्यथित करने वाला ब्यान के ठीक एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी किसान आंदोलन की तीर्थस्थली चंपारण की धरती पर मोतिहारी पधारे और अपना वोट मांगने के लिए हमें बरगलाने का हर प्रयास किया।मगर एक शब्द भी उनके मुंह से किसानों को अपराधी बताने वाले उस अफसर के खिलाफ नहीं बोल सके। मंच पर विराजमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी एक शब्द अपने लाडले पुलिस अफसर के खिलाफ नहीं बोल पाए।यह बतलाता है कि उन दोनों के दिलों में किसानों के प्रति कितना नफरत है।शर्म की बात है कि कृषि प्रधान बिहार में किसानों को सरकार द्वारा सम्मानित करने के बजाय अपराधी घोषित किया जा रहा है।उन्हें तो मंच से ही घोषणा करना चाहिए था कि वैसे बददिमाग अफसर को हम बर्खास्त करेंगे। मगर ऐसा आज तक नहीं हुआ, यह शर्म की बात है। खाद की कालाबाजारी और धान अधिप्राप्ति में हो रहे लूट मोदी नीतीश की डबल इंजन की सरकार को दिखाई नहीं दे रहा है। खाद संकट से किसानों में त्राहिमाम मची है, पर सरकार चुपचाप कान में करूं तेल देकर गहरी निंद्रा में सोई हुई है। इसलिए कुंभकर्णी निंद्रा में सोई बिहार सरकार को जगाने के लिए 25 अगस्त को मुख्यमंत्री को घेरने किसान पटना कुच करेंगे। विपरीत मौसम में दिन भर हो रही मूसलाधार बारिश के बाबजूद किसान गोष्ठी को संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, अमेरिका महतो, रामप्रवेश सिंह, पशुपतिनाथ सिंह, राजकुमार सिंह, गोपाल कृष्ण, प्रमोद कुमार, नरेश यादव, अशोक कुमार सिंह, कल्लू सिंह, मिथलेश कुमार शर्मा, सत्येंद्र नारायण सिंह, सुनील सिंह, शशि कुमार, अमरेश नंदन, नाथो पंडित एवं ए के चौबे आदि ने किसान गोष्ठी को संबोधित किया। इस किसान गोष्ठी की अध्यक्षता अनिल कुमार सिंह ने की। किसान गोष्ठी में चिंतन शिविर लगाने की तैयारी के लिए चार सदस्यी कमिटी गठित की गई। जिसमें दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, गोपाल कृष्ण और अमरेश नंदन को जिम्मेदारी दी गई। 9 अगस्त अंग्रेजों भारत छोड़ो की तर्ज पर संयुक्त किसान मोर्चा ने 13 अगस्त को कॉर्पोरेट भारत छोड़ो, खेती छोड़ो का नारा लेकर हम सभी जिला मुख्यालयों पर किसानों का आक्रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। किसान आंदोलन का ऐतिहासिक दिन एक बार फिर 26 नवंबर को किसान सड़कों को पर उतरेंगे।

# फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत पटना जीपीओ ने आयोजित किया संडे ऑन साइकिल




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पटना जीपीओ में आज फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत संडे ऑन साइकिल साइक्लिंग अभियान का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा देशव्यापी स्तर पर चलाए जा रहे स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का अभिन्न अंग है, जिसका उद्देश्य आम जनमानस को नियमित व्यायाम व शारीरिक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है। इस अवसर पर प्रातःकालीन सूर्य की किरणों के साथ साइक्लिंग का शुभारंभ पटना जीपीओ परिसर से हुआ, जिसमें डाक विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने पटना जीपीओ से लेकर आर ब्लॉक गोलंबर तक का मार्ग साइकिल द्वारा तय किया। इस आयोजन में सहभागिता न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दशार्ती है, बल्कि यह डाक कर्मियों के सामाजिक योगदान को भी रेखांकित करती है, जो हर परिस्थिति में देश के कोने-कोने तक संचार सेतु बनाते हैं। पटना जीपीओ के मुख्य डाकपाल, श्री रंजय कुमार सिंह की प्रेरणादायी अगुवाई में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा की यह आयोजन केवल एक साइक्लिंग इवेंट नहीं, बल्कि फिटनेस और राष्ट्रीय सेवा भावना का जीवंत उदाहरण है।के संदेश के साथ यह आयोजन नागरिकों को नियमित व्यायाम की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में पटना जीपीओ, पटना डिवीजन एवं पटना साहिब डिवीजन के डाकियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# बच्चों के असाध्य बीमारियों में आयुर्वेदिक चिकित्सा से लाभ की नई सम्भावनाएँ : वैद्य (प्रो) दिनेश्वर प्रसाद

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। वेदों की भूमि भारत में आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवनशैली है। आज जब आधुनिक चिकित्सा (एलोपैथी) बच्चों के कई गंभीर रोगों को लाइलाज मानती है, या आंशिक ईलाज वह भी बहुत महंगी ईलाज कछ समयों के लिए दे पाती हैं, वह भी लाक्षणिक तथा मंहगी महंगी जांच के बाद, जिसे आम व्यक्ति उन बच्चों का ईलाज या जांच नहीं करा पाती हैं, जबकि आयुर्वेद उन रोगों में भी एक हद तक लाभप्रद है, जिसकी पुष्टि बहुतेरे आयुर्वेदिक संस्थाओं ने अनुसंधान तथा प्रमाणित ग्रंथों के आधार पर करते रहे हैं और प्रायः अधिक्तर आयुर्वेदिक कालेजों के बाल रोग विभाग, पंचकर्म विभाग के साथ साथ शालाक्य विभागों में कुछ एक चिकित्सकों द्वारा किया भी जा रहा है, परन्तु दुर्भाग्य है कि आम जनता या पिडित बच्चों के अभिभावक या प्रशासक इससे अनभिज्ञ हैंऔर सरकार या आयुष मंत्रालय/ विभाग के लोग भी इन रोगों पर जो ध्यान या व्यय अथवा शोध के क्षेत्र में जितना कोशिश करना चाहिए, वह नहीं कर पा रहे हैं।एलोपैथी द्वारा लाइलाज माने जाने वाले प्रमुख बाल रोगों में निम्नलिखित बीमारियाँ ऐसी हैं, जिनमें एलोपैथी चिकित्सा स्थायी समाधान नहीं दे पाती हैं, केवल जीवन भर चलने वाली औषधियाँ, थैरेपी या सहायक उपकरण / उपचार पर ही लोगों कोनिर्भर रहना पड़ता है, जिसमें से डयुसन मस्कुलर डिस्ट्रोफी ( डी.एम.डी.) मांसपेशियों का अपक्षय, औटिज्म एसपेक्टरम डिजौर्डर, (ए. एस. डी.) आत्मकेन्द्रीत विकार, सेर्बेरल पाल्सी (सी.पी.) जन्म जात जन्य मस्तिष्क विकार, थैलेसीमिया आनुवांशिक रक्त विकार, रेफ्रेक्टरी ईपीलेपशी, जटिल मिर्गी, मेंटलरिटायर्डसेन(कोगनिटिभ डिलेय (मानसिक मंदता) रेयर जेनेटिक एण्ड मेटाबोलिक डिजौर्डर ईत्यादि विमारियां प्रमुख हैं । आयुर्वेद के अनुसार, बच्चों में रोगों की उत्पत्ति मुख्यतः वातदोष, अग्निमंद्यता, या जन्मकालीन दोषों के कारण होती है। कौमारभृत्य (बाल रोग शाखा) में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि समय रहते ऐसे रोगों की उपचार आरंभ किया जाए, तो शरीर और मन के संतुलन को पुनः प्राप्त किया जा सकता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा से संभावित लाभों के सारांश के बारे में उल्लेख करते हुए बताया गया है कि डी.एम.डी. से सम्बन्धित मांसपेशियों के अपक्षय की गति को आयुर्वेदिक चिकित्सा के द्वारा धीमा कर पोषणवर्धन के माध्यम से जीवन के गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है, इसी प्रकार ऑटिज्म में आयुर्वेदिक चिकित्सा के साथ व्यवहार, संवाद व एकाग्रता में सुधार कर मानसिक संतुलन में सहायता प्रदान की जा सकती है, इसी प्रकार सेरेब्रल पाल्सी के केस में आयुर्वेदिक चिकित्सा से जकड़न में कमी, चलने-फिरने में सहायता, मांसपेशियों में वृद्धि और थैलेसीमिया के केस में हमोग्लोबीन के स्तर में सुधार, और रक्त चढ़ाने की आवश्यकता में विलम्ब किया जा सकता है। मिर्गीदौरे की आवृत्ति में कमी, मानसिक शांति के लिए परामर्श के साथ साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा से ाानसिक मंदत स्मृति, बुद्धि व सीखने की क्षमता में वृद्धि करायी जा सकती है। शेखपुरा पटना के बेली रोड पर स्थित 75 न० पिलर के सामने बर्षो से संचालित अमृत आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक में आयोजित एक संगोष्ठी में राजकीय आयुर्वेदिक कालेज अस्पताल पटना के पूर्व प्राचार्य वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि हमने राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेदिक संस्थाओं में समय समय पर आयोजित कईएक संस्थाओं में रसायन।

# शिक्षण और प्रशिक्षण से रोजगार ही नहीं जीवन संवरता है : प्रो अरुण कुमार सिंह

प्रात :किरण संवाददाता




शिक्षण और प्रशिक्षण की उपयोगिता तभी है, जब इसे अपने जीवन में समाज के उत्थान के लिए प्रयोग में लाया जा सके। ए एन कॉलेज के प्राचार्य प्रो अरुण कुमार सिंह ने ये विचार भारतीय प्रशिक्षण एवं विकास सोसायटी (आई एस टी डी) के पटना चैप्टर के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। ए एन कॉलेज सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कर्नल कामेश कुमार, मुख्य वक्ता के तौर पर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल शाह और पटना चैप्टर के नवनियुक्त अध्यक्ष आनंद कुमार गिरि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में ट्रेनिंग से जुड़ी अच्छी संस्थाओं की बेहद कमी है और आई एस टी डी के पटना चैप्टर के गठन से छात्रों को रोजगार में भी काफी मदद मिलेगी। कर्नल कामेश कुमार ने कहा कि जीवन में प्रशिक्षण की आवश्यकता बनी रहती है और यह इंसान को हमेशा कुछ नया करने की प्रेरणा देता रहता है। अपने संबोधन में अतुल शाह ने संस्था के इतिहास के बारे में अवगत कराया और कहा कि 1970 में स्थापित इस संस्था का बिहार में आगमन सुखद संयोग है। स्वागत भाषण में आनंद कुमार गिरि में बिहार के छात्रों को सही समय पर करियर के लिए गंभीर हो जाने का आह्वान किया और कहा कि भारत सरकार की नई शिक्षा नीति भी कौशल विकास पर बहुत जोर दे रही है और हमारी संस्था का लक्ष्य भी सरकारी नीतियों के साथ सामंजस्य बिठाकर चलना होगा। संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश उपाध्याय तथा पूर्वी क्षेत्र के उपाध्यक्ष एम के बर्मन ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में संस्था से जुड़े कॉरपोरेट, शिक्षाविद, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ निखिल आनंद गिरि तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ मो जमशेद आलम ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अजय कुमार बने रालोमो व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता ने रोहतास जिला अंतर्गत नोखा के निवासी अजय कुमार को व्यवसायिक प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। प्रदेश कैंप कार्यालय में रालोमो के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी एवं व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। इसके पूर्व अजय कुमार ने रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा से शिष्टाचार मुलाकात की। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के मुख्यालय प्रभारी प्रशांत पंकज, उपाध्यक्ष उमेश प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) स्मृति कुमुद, मोहनलाल,अजय गुप्ता उर्फ बिट्टू, शिवचंद्र प्रसाद गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, शशि गुप्ता, रंजन कुमार राज्य खाद्य आयोग के सदस्य अंगद कुशवाहा , सचिव अभिषेक कुशवाहा, बासुकीनाथ गुप्ता चौधरी, चौधरी बसंत पटेल एवं प्रदेश कार्यालय सचिव अशोक कुशवाहा भी उपस्थित थे। इन पदाधिकारियों ने अजय कुमार को इस मनोनयन के लिए बधाई दी।

### 83वीं जयंती पर याद किए गए स्व. रविनंदन सहाय

पटना। रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय रविनंदन सहाय की 83वी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई । बाद में महासभा के पदाधिकारियों ने नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा पार्क के समीप खिलखिलाहट अनाथालय में जाकर अनाथ बच्चों के बीच भोजन पैकेट के साथ कलम-पेंसिल-रबड़ आदि पाठ्य वस्तुओं का वितरण किया । खिलखिलाहट अनाथालय के सर्वेसर्वा साकेत जी को लोगों ने कोटि कोटि धन्यवाद दिया और आगे भी सहयोग करने का वादा किया। इससे पूर्व महासभा के प्रदेश कार्यालय, जगत जननी माता मंदिर के समीप में जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा, प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिन्हा, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनहर कृष्ण अतुल, प्रचार प्रसार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, प्रदेश संगठन मंत्री अमरेश प्रसाद, पटना जिलाध्यक्ष अजीत कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार कंठ, अमरेश कुमार सिन्हा, प्रदेश मीडिया प्रभारी विजय शंकर, प्रदेश सचिव रवि कुमार अम्बष्ट, पटना जिला के महामंत्री राकेश कुमार अम्बष्ट, राकेश कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे। जयंती के मौके पर महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि अमर भैया @ स्वं.रविनंदन सहाय का व्यक्तित्व अतुलनीय रहा है। अमर भैया महान उद्योगपति, फाइनेंशियल एडवाइजर एवं समृद्ध परिवार के होने के बावजूद कायस्थ समाज के विकास, रक्षक, सच्चे हमदर्द , हित सोचने वाले जीवंत प्रतिमूर्ति थे। भारी बरसात के बावजूद महासभा के लोगों की मौजूदगी रही।

### कैंसर से डरें नहीं, अब हर तरह के कैंसर का इलाज उपलब्ध है: डॉ. संदीप

सीवान। जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की ओर से सीवान में आयोजित हेल्थ टॉक में हॉस्पिटल के सर्जरी अन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. संदीप कुमार ने कैंसर पर अपने व्याख्यान में कहा कि अब कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है, हर प्रकार के कैंसर का इलाज अब उपलब्ध है। एक बार कैंसर मुक्त हो जाने के बाद आदमी सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि शुरूआती दौर में कैंसर के पकड़ में आ जाने से यह बीमारी पूर्णरूप से ठीक हो सकती है। इसलिए हर महिला और पुरुष को उनके शरीर में हो रहे बदलाव पर ध्यान देने की जरूरत है। विभिन्न कैंसर के लक्षणों के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अगर गर्दन में सूजन हो, निगलने में परेशानी हो, मुंह में छाला बार-बार पड़े और ठीक न हो तो ये मुंह और गले के कैंसर के लक्षण माने गये हैं। खाना ठीक से न पचे, काफी गैस होता हो, पेट फूले, भूख न लगे तथा वजन घटता चला जाए तो यह पेट के कैंसर के लक्षण मान गये हैं। निपल से पानी निकले या खून निकले या कोई गांठ हो तो ये स्तन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। मैनापोज के बाद अगर किसी महिला को रक्तस्राव हो, बी.पी. हो, मधुमेह हो तथा मोटापा हो तो ये बच्चेदानी के कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। खून मिश्रित डिस्चार्ज अगर बार-बार हो तथा दर्द भी हो तो ये सर्वाइकल कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। भूख कम लगना, पेट फूलना, अरुचि होना, पेट में दर्द होना अंडाशय के कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।

## तेजस्वी यादव के आरोपों पर विजय चौधरी का पलटवार

# चुनाव आयोग की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है : विजय

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार में चुनाव आयोग की ओर से जारी मतदाता सूची के मसौदे पर राजद नेता तेजस्वी यादव के आरोपों के जवाब में बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि विपक्ष को संवैधानिक संस्था पर आरोप लगाने से पहले तथ्यों की पूरी जांच कर लेनी चाहिए। राजद नेता तेजस्वी ने दावा किया था कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, लेकिन जिला कार्यालय से सत्यापन के बाद उनके आरोपों को निराधार पाया गया। विजय चौधरी ने कहा कि विपक्ष जल्दबाजी में आरोप लगाने की आदत से बाज नहीं आ रहा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने न केवल तेजस्वी के नाम की मौजूदगी को स्पष्ट किया, बल्कि प्रमाण के साथ उनकी मतदाता सूची की प्रति भी सार्वजनिक की। इसके बाद विपक्ष ने ईपिक नंबर बदलने का आरोप लगाया, जिसे भी आयोग ने खारिज कर दिया। चौधरी ने कहा कि विपक्ष को किसी संवैधानिक संस्था को बदनाम करने या उसकी प्रक्रिया को दूषित साबित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। ड्राफ्ट मतदाता सूची को आयोग के पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है, ताकि बिहार का कोई भी मतदाता अपने नाम की जानकारी ले सके। उन्होंने कहा, जल्दबाजी में आरोप लगाने से गड़बड़ी होती है और जब सच सामने आता है, तो आरोप लगाने वाले की स्थिति असहज हो जाती है। चौधरी ने आगे कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर अब तक कोई ऐसा सवाल नहीं उठा, जिसके आधार पर उस पर आरोप लगाया जा सके। उन्होंने आगे कहा, शुरू में कुछ लोगों ने दावा किया था कि मतदाता सूची से किसी खास समुदाय के नाम हटाए जा रहे हैं, लेकिन यह गलत साबित हुआ। उन्होंने कहा कि आयोग ने घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया, जिसमें सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को शामिल होने का मौका दिया गया। चुनाव आयोग ने एक महीने का समय दिया है, जिसमें लोग अपने और अपने परिवार के नाम की जांच कर सकते हैं।

अगर किसी का नाम छूट गया है, तो उसे जोड़ा जाएगा और गलत नामों को हटाया जाएगा। चौधरी ने बताया कि आयोग ने बिहार में लगभग 22 लाख मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विपक्ष चाहता है कि मृत लोगों के नाम सूची में रहें? बिहार में रक्षाबंधन के बाद विपक्षी महागठबंधन रैली निकालने वाला है, जिसमें राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इस पर विजय चौधरी ने कहा, इसमें कोई नेता आए इसका सीधा अर्थ होगा कि इनको अब न्यायपालिका में भी विश्वास नहीं रहा। क्योंकि ये सभी पार्टियां साथ मिलकर सुप्रीम कोर्ट में इस प्रक्रिया को रोकने के लिए अर्जी दायर कर चुकी हैं, जिस पर सुनवाई चल रही है। इतना तो इंतजार करना चाहिए, न्यायपालिका पर तो भरोसा रखना चाहिए। इस बीच में रैली निकलना और प्रदर्शन करना यहीं दशार्ता है कि इन लोगों को न्यायपालिका पर भी विश्वास नहीं है।

## अशोक राम की समाज के सभी वर्गों में गहरी पकड़ : संजय झा

# कांग्रेस नेता अशोक राम ने अपने पुत्र के साथ थामा जदयू का दामन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में रविवार कोआयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ अशोक कुमार राम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और नेतृत्व में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए अपने सुपुत्र अतिरेक कुमार सहित अनेक समर्थकों एवं कार्यकताओं के साथ जनता दल यू की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि डॉ अशोक कुमार राम की समाज के सभी वर्गों में गहरी पकड़ है। उनका जमीनी जुड़ाव जदयू के लिए निश्चित रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वहां दलितों के प्रति व्यवहार और स्वीकार्यता जगजाहिर है, प्रवचन देना आसान है, व्यवहार में उतारना सबके बस की बात नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दलित एवं महादलित समाज के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता अनुकरणीय रही है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि डॉ अशोक राम के साथ विभिन्न समाजों के लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि उनका प्रभाव सभी वर्गों में है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ राम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों में विश्वास जताते हुए जदयू का दामन थामा है, जिससे पार्टी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। मंत्री रत्नेश सदा ने डॉअशोक कुमार राम एवं अतिरेक कुमार को जदयू परिवार में शामिल होने पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। डॉअशोक राम ने कहा कि आज के सामाजिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में नीतीश कुमार जैसे दूरदर्शी और जनकल्याणकारी नेतृत्व की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें और सामूहिक प्रयासों से 2025 में 225 और फिर से नीतीश के संकल्प को साकार करें। इस अवसर पर जद यू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता राम कुमार राम, राम भजन यादव, रामनारायण यादव, पलटन मुखिया, मदन कुमार शर्मा,मोहन यादव, महेंद्र यादव, मो इस्लाम मुखिया सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### 2025 में फिर से नीतीश के संकल्प को पूरा करना है

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि डॉ अशोक राम जैसे तपे-तपाए, अनुभवी और जमीनी नेता का जदयू परिवार में शामिल होना न केवल संगठन को मजबूती देगा, बल्कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश के संकल्प की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ अशोक राम, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सामाजिक न्याय की धारा को नई दिशा और मजबूती देंगे।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा एवं आगामी रणनीतियों पर जदयू की अहम बैठक

# जदयू के 34 वरीय नेताओं की एक विशेष टीम 5 से 8 अगस्त तक सभी विधानसभाओं का करेगी भ्रमण

प्रात : किरण संवाददाताß



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में रविवार महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा तथा आगामी रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। उक्त बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने अभियान से जुड़े कार्यों को प्रभावी रूप से निष्पादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 34 वरीय नेताओं की एक विशेष टीम 5 से 8 अगस्त 2025 तक राज्य की विभिन्न विधानसभाओं का भ्रमण करेगी। भ्रमण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रह गया हो। साथ ही, बैठक में यह तय किया गया कि ऐसे सभी मतदाताओं को सूची में जोड़ा जाए, जो 1 अक्टूबर 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे, ताकि वे आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि आमजन के बीच यह जानकारी प्रसारित की जाए कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा आपत्ति दर्ज कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा 1 माह का विशेष समय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में पात्र नागरिक अपने दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप स मंत्री श्रवण कुमार, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल हेगड़े, पूर्व सांसद सह अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री अजित चैधरी, माननीय विधान पार्षद विजय सिंह, मंजीत सिंह, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, अनिल कुमार, ई. शैलेन्द्र मंडल, अप्सरा, बैद्यनाथ प्रसाद विकल, सुरेन्द्र उरांव, मुकेश जैन, चंदेश्वर चैधरी, हिमराज राम, मनीष यादव, मनोज कुमार, राजेश त्यागी, अभिषेक परिमल कुमार, दिनेश चंद्र प्रसाद, नंद किशोर चैधरी, रतन पटेल, ई. शंभू शरण, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, ई. शम्भूनाथ सिन्हा, सुमित कुमार सिंह, डा मधुरेन्द्र पाण्डेय, अजित निराला, नवल शर्मा, जयप्रकाश चंद्रवंशी एवं श्री प्रमोद राय उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता सुरेश प्रसाद चौरसिया ने राजद की सदस्यता ग्रहण की : एजाज

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन के समक्ष भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश प्रसाद चौरसिया ने अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव फैयाज आलम कमाल एवं संजय यादव भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन ने भाजपा नेता सुरेश प्रसाद चौरसिया और उनके समर्थकों को राजद की सदस्यता रसीद के साथ लालू जी के जीवनी पर लिखित पुस्तक गोपालगंज टू रायसीना देकर सम्मानित किया। सभी को राजद की सदस्यता ग्रहण कराकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन ने कहा कि देश के संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की लगातार साजिश चल रही है। हमसभी को मिलकर वैसी ताकतों के खिलाफ मजबूती से लड़ना होगा और लालू प्रसाद के विचार और तेजस्वी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि 17 महीने के महागठबंधन सरकार में तेजस्वी ने जो नौकरी, रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन, आईटी सेक्टर, सिंचाई, बिहार के विकास का जो रोडमैप तय किया उससे बिहार में सकारात्मक राजनीति को मजबूती मिली। तेजस्वी ने बिहार में विकास और नौकरी-रोजगार को मुद्दा बनाकर बिहार से नफरत का माहौल समाप्त करने की दिशा में जो कार्य किये वह ऐतिहासिक रहा और इसकी सराहना सभी ओर से की जा रही है। आज बिहार की जनता का विश्वास और समर्थन तेजस्वी जी के नेतृत्व पर जो बना है उसे और मजबूत करने की आवश्यकता है ।

## सावन समा गया आँखों में, नींद नही आती रातों में...!

# साहित्य सम्मेलन में उतरा सावन, संध्या तक झूमते भीगते रहे श्रोता

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में रविवार को जैसे सावन ही उतर आया। बाहर ही नहीं, भीतर भी वर्षा हो रही थी। बाहर बदरियाँ बरस रही थी और भीतर कवयित्रियाँ। संध्या के उतरने तक कवयित्रियों की कजरी और श्रावणी-गीतों की मूसलाधार-वर्षा में सुधी श्रोता भीगते और आनन्द उठाते रहे। आज मंच पर भी महिलाओं का ही आधिपत्य था। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा की अध्यक्षता में सावन-महोत्सव कवयित्री-सम्मेलन आयोजित हुआ था। विविध रंगों में सजी-धजी कवयित्रियों ने एक से बढ़कर एक प्रेम और ऋृंगार के रस में डूबे पावस-गीत सुनाकर काव्य-रसिकों का हृदय जीत लिया। प्रेम और ऋृंगार के गीतों पर जहाँ तालियाँ और वाह-वाह की गूँज हुई, वहीं विरह-गीतों पर श्रोताओं के मुख से हाय-हाय भी निकलते रहे। वरिष्ठ कवयित्री डा पुष्पा जमुआर, आरा से पधारी डा रेणु मिश्र, विभा रानी श्रीवास्तव, सुजाता मिश्र, सुनीता रंजन आदि कवयित्रियों ने भी अपनी सुमधुर काव्य-रचनाओं श्रोताओं को भाव-विभोर किया । मंच का संचालन करती हुई सम्मेलन की संगठनमंत्री डा शालिनी पाण्डेय ने माँ को स्मरण किया और कहा - ह्लअम्मा मुझको याद दिलाना/ तुम मेरे बचपन का सावन/ धूँधली आँखों में बसता है अपने बचपन का सावन ! सभागार में श्रोताओं के बीच सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ, वरिष्ठ कवि आचार्य विजय गुंजन, इंदु भूषण सहाय, कृष्ण रंजन सिंह, प्रवीर कुमार पंकज, डा प्रेम प्रकाश, अश्विनी कविराज, डा चंद्रशेखर आजाद, अमन वर्मा, सूरज कुमार सिन्हा, नंदन कुमार मीत, कुमारी मेनका, डौली कुमारी आदि साहित्य-सेवी और काव्य-प्रेमी उपस्थित थे।

# मूल सवालों से ध्यान भटकाने की साजिश : गगन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। अनुमंडल पदाधिकारी पटना सदर द्वारा नेता प्रतिपक्ष को भेजे पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा चुनाव आयोग से जो सवाल पुछा गया था और कई बिन्दुओं को स्पष्ट करने की मांग की गई थी, उससे ध्यान भटकाना चाहती है। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए प्रारुप में बड़े पैमाने पर अनियमितता पाई गई है। प्रारुप के जिस पृष्ठ पर तेजस्वी यादव का नाम अंकित दिखाया गया है उसी पृष्ठ पर अनेकों अनियमितता पाई गई है। तेजस्वी जिस मकान में रहते हैं उसी मकान में मंटू कुमार भी रहते हैं। इसी प्रकार मकान संख्या 107 में विभिन्न उपनामों वाले मतदाताओं के नाम हैं। क्या एक हीं परिवार के लोग विभिन्न उपनामों का प्रयोग करते हैं। इन विसंगतियों का जिम्मेदार कौन है और इसका जवाब कौन देगा , चुनाव आयोग को स्पष्ट करना चाहिए।

# 65 लाख मतदाताओं का नाम काटना लोकतंत्र के साथ मजाक : अनिल

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बहुजन समाज पार्टी के केंद्रीय प्रभारी अनिल कुमार ने रविवार को पटना में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची से 65 लाख वोटरों के नाम काट देना लोकतंत्र और संविधान के साथ सीधा मजाक है। चुनाव आयोग अब एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था नहीं रह गई है, बल्कि उसकी कार्यशैली अब किसी राजनीतिक दल के कार्यालय जैसी हो गई है। अनिल कुमार ने तीखे सवाल करते हुए कहा कि कुछ ही दिन पहले जिस वोटर लिस्ट के आधार पर लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ, उसी सूची से आज 65 लाख नाम हटा देना क्या लोकसभा चुनाव को मजाक नहीं बनाता? उन्होंने पूछा कि बिहार से चुने गए 40 सांसदों की वैधता पर क्या अब सवाल नहीं उठता? क्या यह स्थिति इतनी सामान्य है कि चुनाव आयोग को कोई जवाबदेही नहीं निभानी चाहिए? उन्होंने जोर देकर कहा कि रकफ की गहन समीक्षा की आवश्यकता है और चुनाव आयोग को हर मतदाता के नाम काटने का ठोस कारण सार्वजनिक रूप से बताना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इसी त्रुटिपूर्ण लिस्ट पर आगे बिहार विधानसभा चुनाव कराए गए, तो यह चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता के साथ सीधी बेइमानी होगी। चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के एक गांव का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि135 लोगों का नाम सिर्फ इस कारण काट दिया गया क्योंकि उनके पास निवास प्रमाणपत्र नहीं था, जबकि कानून के अनुसार अन्य वैकल्पिक दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार, बिजली बिल, पासबुक आदि भी मान्य होते हैं। उन्होंने बताया कि बिहार के सैकड़ों गांवों से ऐसे मामलों की शिकायतें आ रही हैं जहां गलत तरीके से नाम चिन्हित कर हटाए गए हैं। अनिल कुमार ने कहा कि इरढ इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र जांच और समीक्षा कर रही है। उन्होंने साफ किया कि यह मतदाता सूची भारत के संविधान की भावना और समानता के अधिकार के खिलाफ है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि जरूरत पड़ी तो बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो बहन मायावती के निदेशार्नुसार, देशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में इरढ के केंद्रीय प्रदेश प्रभारी एडवोकेट सुरेश राव, संजय मंडल, जिग्नेश्वर जिज्ञाशु समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सावन मिलन समारोह में महिला सशक्तिकरण का संदेश

पटना। आगमन भूमिहार महिला समाज द्वारा सावन के पावन अवसर पर पारंपरिक उल्लास के साथ सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलमय गणेश वंदना से हुई, जिसके पश्चात महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर समा बाँध दिया। समारोह की मुख्य अतिथि, प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शांति राय ने महिला सशक्तिकरण पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। संस्था की संस्थापिका अनामिका शर्मा सहित दिव्या कुमारी, डॉ. चेतना मणि सिंह, अपराजिता शर्मा, अर्चना रंजन, रूपम, अलका, रूपाली, अंजनि सिंह व कल्पना सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने और उसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## निरंतर बरसात में जलनिकासी के लिये जुटे रहे नगर निगम कर्मी

# मंत्री नितिन नवीन ने किया जलनिकासी का निरीक्षण, अलर्ट मोड पर काम करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। निरंतर बरसात के दौरान पटना नगर निगम एवं बुडको की टीम अलर्ट मोड में है। रात्रि में जहां सड़कों एवं संप हाउस में कर्मी अलर्ट मोड में जलनिकासी सुनिश्चित कर रहे। वहीं बरसात के दौरान ही पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन एवं नगर आयुक्त सह बुडको एमडी अनिमेश पराशर द्वारा रविवार को पटना के विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में पथ मंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को जल निकासी की व्यापक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने एवं अलर्ट मोड पर काम करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने कह कि गंगा के वॉटर लेवल में बढ़ोतरी के साथ-साथ पटना के विभिन्न इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था चुनौतीपुर्ण हो गयी है। ऐसे में जल निकासी के लिए और तत्परता से काम करने का निर्देश दिया गया है। ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन पर चल रहे पम्प में कोई भी यांत्रिक या विद्युत त्रुटि नहीं रहे यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। संप हाउस में भी बिजली आपूर्ति से जुड़ी कोई बाधा नहीं आए, इसको लेकर भी तैयार रहने को कहा गया है। पम्प का ससमय संचालन कराते रहने को लेकर अधिकारियों को कहा गया है। निरंतर डीपीएस की जल निकासी क्षमता एवं बैकअप मशीनों की जांच करते रहने का भी निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त द्वारा मंत्री को जानकारी दी गई कि पिछले एक हफ्ते से टीम के सतत प्रयास के कारण पटना के विभिन्न इलाकों में बरसात के बाद अधिकतम इलाकों में न्युनतम समय अंदर जल निकासी की जा रही है। तेज बरसात के बीच भी पटना नगर निगम की टीम अलर्ट मोड में शहर में एक्टिव है। इसके साथ ही पदाधिकारियों एवं क्यूआरटी द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर जलनिकासी सुनिश्चित किया जा रहा है। गौरतलब हैं कि पटना नगर निगम की त्वरित कार्यवाही एवं अलर्ट मोड में पदाधिकारियों के रहने के कारण इलाकों में जलजमाव की समस्या नहीं हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है ।इसके साथ ही नगर आयुक्त सहित सभी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर प्रबधकों द्वारा शहर में निरीक्षण कर जलनिकासी की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

**आमजनों की शिकायतों पर पहुंच रही टीमः** पटना नगर निगम को पाटलिपुत्र कॉलोनी, पाटलिपुत्र स्टेशन, कंकड़बाग एवं राजेन्द्र नगर के इलाकों में जलनिकासी समस्या प्राप्त हुई। आई जिसके टीम द्वारा दूर किया गया। इन इलाकों में नगर निगम द्वारा इन चुनौतियों का सामना कर आम जनों को सुविधा उपलब्ध करायी गई। बता दें की पटना नगर निगम द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पंप लगाये गये है।

**रात्रि में एक्टिव है बुडको एवं निगम की टीमः** पटना नगर निगम द्वारा बरसात के बाद से रात्रि में भी अलर्ट रहती है एवं उसी दौरान सभी सेक्टर में पदाधिकारी जलनिकासी में जूट जाते है। जिसमें नगर निगम एवं बुडको के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल है। पटना नगर निगम कंट्रोल रूप एवं कउउउ द्वारा निरंतर संप हाउस के वाटर लेवल की जांच की जाती है। जिससे नालों से शीघ्र एवं न्यूनतम समय में जलनिकासी सुनिश्चित की जा रही है। गौरतलब हैं कि वर्तमान समय में रात्री से ही अलर्ट रही बुडको नगर निगम द्वारा चुनौती पूर्ण तरीके से कार्य कर समस्या का निराकरण किया जा रहा। रात्रि में बरसात के शुरू होते ही सभी संप हाउस के वाटर लेवल की मॉनिटरिंग स्थल जांच से भी की जाती है। गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा शहर के सभी संप हाउस पर तीनों पालियों में कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही सीसीटीवी एवं वॉकी-टॉकी के माध्यम से लगातार वाटर लेवल के इनलेट एवं आउटलेट की निगरानी की जा रही है।

जलनिकासी के लिये है पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था, आम जन 155304 पर करें शिकायत इसके साथ ही पटना नगर निगम के सभी अंचलों में मशीनों द्वारा जलनिकासी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध है। पटना नगर निगम के पास पर्याप्त इंतजाम है। जिसका उपयोग सुचारू रूप से किया जा रहा है। पटना नगर निगम द्वारा 24X7 हेल्पलाइन एवं 19 क्यूआरटी रात दिन एक्टिव है। यह टीम मुख्यालय एवं अंचल स्तर पर तैयार की गई है। कुल 19 टीम शिकायतों का निष्पादन करने के साथ लगातार सभी वार्डों में जल निकासी हुई है या नहीं ये भी सुनिश्चित कर रही है। आम जनों से भी अपील की जा रही है कि अगर उनके इलाके में जलनिकासी की समस्या है तो वह 155304 पर अपनी शिकायत दर्ज करें।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह सिकंदरपुर स्टेडियम में, डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्वतंत्रता दिवस समारोहको लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफलतापूर्वक एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने अधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए समयबद्ध ढंग से कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बताया गया कि मुख्य झंडोत्तोलन समारोह सिकंदरपुर स्थित स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।मंच की व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, परेड अभ्यास, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा शिविर, गुड सेमरिटन योजना, पुरस्कार वितरण, एवं संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।निर्णय लिया गया कि 14 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें स्कूली बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिभागियों को 15 अगस्त को पुरस्कृत किया जाएगा।परेड अभ्यास 6 अगस्त से प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक किया जाएगा, जबकि 13 अगस्त को अंतिम पूर्वाभ्यास आयोजित होगा।गर्मी को देखते हुए पेयजल, अस्थायी शौचालय, चिकित्सा टीम, अग्निशमन यंत्र आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।महादलित टोलों में झंडोत्तोलन की तैयारी जिला कल्याण पदाधिकारी को सौंपते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।स्वतंत्रता दिवस के साथ चेहल्लुम का पर्व भी पड़ रहा है, इसे देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित करने तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।डीएम ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्षोल्लास, गरिमा एवं सुरक्षा के साथ मनाया जाए।

## मतदाता सूची में दावा-आपत्ति के लिए विशेष कैम्प शुरू



मुजफ्फरपुर। निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंडों और शहरी निकायों में विशेष कैम्प लगाया गया है। यह कैम्प 2 अगस्त से 1 सितंबर तक प्रातः 10 बजे से संध्या प्रतिदिन सोमवार से शनिवार तक चलेगा। इस महत्त्वपूर्ण कार्य की निगरानी स्वयं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में उन्होंने शनिवार को नगर भवन स्थित विशेष कैंप का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।जिले के सभी ईआरओ , एईआरओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें प्रत्येक प्रखंड सह अंचल कार्यालय और नगर पंचायत, नगर परिषद, नगर निगम के अंचल कार्यालयों में कैम्प लगाए जा रहे हैं। सभी स्थानों पर एक अलग कमरे में लिपिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की तैनाती की गई है तथा कार्यों की निगरानी हेतु पंजी संधारित किया जा रहा है।यह विशेष कैंप अभियान मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी पात्र नागरिकों को मतदान का अधिकार सुनिश्चित किया जाए और लोकतंत्र की इस बुनियाद को और मजबूत किया जा सके।

## कागज के पन्नों को तुलसी, तुलसी दल जैसा बन गया

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।गोस्वामी तुलसीदास भारतीय संस्कृति व जनमानस के महाकवि हैं। उन्होंने रामचरितमानस के रूप में ऐसा साहित्य रचा जो भारतीय जनमानस का सबसे पवित्र व अलौकिक ग्रंथ बन गया। कागज के पन्नों को तुलसी ने तुलसी दल जैसा बना दिया। उनका रचना संसार भारतीय जनमानस में आर्दश व संस्कृति के मूल्यों के रूप में बसा हुआ है। उन्होंने लोकमंगल की कामना को सिद्ध करते हुए श्री राम के आदर्श रूप की संकल्पना को समाज में स्थापित किया। तुलसी की विलक्षण प्रतिभा इस बात में हैं कि उन्होंने भक्त और रचनाकार की भूमिकाओं का एक साथ निर्वहन किया है। नूतन साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने तुलसी जयंती समारोह में उक्त बातें कही। साहित्य भवन कांटी में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि तुलसी ने रामचरितमानस के जरिए भगवान राम की भक्ति को घर-घर तक पहुंचाया है। रामचरितमानस का मूल उद्देश्य श्रीराम चरित्र के माध्यम से नैतिकता एवं सदाचार की शिक्षा देना रहा है। तुलसी के काव्य लौकिक तथा पारलौकिक, दोनों प्रकार के आनन्द के साधन है। वे एक ओर हृदय में पावन भावों का संचार करते हैं तो दूसरी ओर जीवन को अनेक समस्याओं का समाधान भी करते है। तुलसी की भक्ति भावना पर चंद्र ने कहा कि तुलसी की भक्ति आडम्बर से रहित हैं। उसमें विविध विधि-विधानों की आवश्यकता ही नहीं है। कविवर तुलसी ने राम के आदर्श चरित्र में जीवन की सभी दिशाओं और समाज के सभी क्षेत्रों में जिन आदर्शों की स्थापना की है, उनके आधार पर एक आदर्श समाज की रचना हो सकती है। राम के जीवन में उन्होंने पिता-पुत्र, भाई-भाई, गुरु-शिष्य, पति-पत्नी, राजा-प्रजा आदि सभी सम्बन्धों का आदर्श उपस्थित कर सभी के कर्तव्यों का निर्देश किया हैं। स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि अस्थि चर्ममय देह मम, तामे ऐसी प्रीति,जो कुछ होती राम में, तौ न होती भावभीत। इस एक मात्र पंक्ति से तुलसी के मन मस्तिष्क के कपाट खुल गए। सेवानिवृत शिक्षक रामेश्वर महतो ने कहा कि गोस्वामी तुलसी की रचनाएं हर उम्र, हर वर्ग और हर परिस्थिति में लोगों को अपना जीवन जीने की एक बेहतर प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तुलसीदास की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। समारोह में परशुराम सिंह,नंदकिशोर ठाकुर,अनिल कुमार अनल,राकेश कुमार राय,रोहित रंजन,महेश कुमार, प्रकाश कुमार,नीरज शर्मा,सुनील कुमार गुप्ता ने भी विचार रखे।\

## ड्यूटी से अनुपस्थित डॉक्टरों का डीएम ने काटा वेतन, पूछा स्पष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में शनिवार को उन्होंने सदर अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति की जांच करायी। जांच के दौरान यह पाया गया कि रोस्टर ड्यूटी के अनुसार डॉ. राजीव रंजन (निश्चेतक, पीजी बांड) एवं डॉ. विनय कुमार (निश्चेतक) अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित है। जिलाधिकारी ने इसे गंभीर कर्तव्यहीनता और मरीजों के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए दोनों डॉक्टरों का वेतन स्थगित कर दिया है तथा उनसे कारण पृच्छा की है ।डीएम ने स्पष्ट किया है कि इनकी अनुपस्थिति के कारण दूरदराज से आई एक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला मरीज को समय पर सर्जरी नहीं मिल पाई, जिससे उसकी जान जोखिम में पड़ गई। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और मरीजों के प्रति असंवेदनशीलता का परिचायक है। जिलाधिकारी ने बताया कि लगातार यह शिकायतें मिल रही हैं कि सदर अस्पताल से गंभीर मरीजों को उचित इलाज के अभाव में रेफर कर दिया जाता है। इस बर्ष मई से जुलाई तक क्रमशः 23, 22 एवं 35 मरीजों को रेफर किया गया, जबकि अस्पताल में पर्याप्त संख्या में महिला चिकित्सक एवं निश्चेतक पदस्थापित हैं। यह प्रशासन की छवि धूमिल करने वाला कृत्य है और विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने की स्थिति पैदा करता है ।डीएम ने दोनों डॉक्टरों से पत्र प्राप्त होते ही स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया है। साथ ही पूछा है कि क्यों नहीं उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए निलंबन की अनुशंसा सक्षम प्राधिकार को भेजी जाए ।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि मरीजों की उपेक्षा और कर्तव्य में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को देखते हुये एसडीपीओ ने सुरक्षा का लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। श्रावण मास की अंतिम सोमवारी में लगने वाले भीड़ को लेकर जिले के आलाधिकारी के निर्देश पर शिवनगरी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ भाड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे जिसकी सारी चिन्हित मानचित्र के आलोक में पूरी कर ली गयी है। इसको लेकर रविवार को न्यास के अध्यक्ष सह बिरौल एसडीओ शशांक राज, न्यास के उपाध्यक्ष सह एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी खुद बारिस में छाता लगाकर शिवनगरी में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे।बता दें कि आस्था का केन्द्र बाबा कुशेश्वरनाथ धाम में सावन की अंतिम सोमवारी में संभावित जुटने वाली भीड़ को लेकर रविवार से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उभडने लगी है, इसको लेकर पुलिस प्रशासन और न्यास समिति अपने- अपने स्तर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। सावन के अंतिम सोमवारी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होना तय है। ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बलों एवं न्यास समिति ने पुख्ता व्यवस्था कर ली है। ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह का कोई कठिनाई नही हों।इसके साथ ही शिवगंगा में श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान कोई अनहोनी घटना न हो इसको लेकर जिलाधिकारी के आदेश के बाद शिवगंगा में बीरेकेटिंग के साथ जाल से घेर कर बोर्ड लगा दिया गया है कि श्रद्धालु बैरिकेटिंग के अंदर ही स्नान करें। इसके साथ ही चिंहित तीन स्थानों में से बाबा कुशेश्वरनाथ मंदिर, शिवगंगा एवं पारकिंग स्थल के पास मेडिकल टीम मौजूद रहेगी ।तीनो स्थानों पर अग्निशमन के पदाधिकारी भी रहेगी । इसके अलावे शिवगंगा सहीत अन्य चिन्हित स्थानों पर 16 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाया गया है। वही शिवगंगा में गोताखोर एवं आपदा मित्र तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिर परिसर में कार्यपाल पदाधिकारी बेनीपुर,एवं कार्यपाल पदाधिकारी बिरौल विनय कुमार को इनके साथ पुलिस उपाधीक्षक विपिन बिहारी एवं पुलिस उपाधीक्षक कुमार धर्मेंद्र सिंह शिवगंगा से मंदिर परिसर मार्ग तक कतार में लगे श्रद्धलुओ कि सुरक्षा को लेकर चार दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल मौजूद रहेंगे ,साथ ही आधे दर्जन नियंत्रण कक्ष में कर्मी व पदाधिकारी तौनात रहेंगे इसके अलावा चिन्हित 30 स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात रहेंगे।

## अलग अलग घटनाओं में दो की मौत व एक घायल

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंग)। प्रखंड में दो अलग अलग घटनाओं में दो की मौत एवं एक घायल , मिलिजानकारी के अनुसार पहली घटना केवट गामा गांव के 30 वर्षीय टेन्ट संचालक सचिन कुमार राय की बिधुत के स्पर्श से मौत हो गई घटना उस वक्त हुई जब मृतक सचिन अपने घर में विधुत सम्बंधित कार्य कर रहे थे इसी दौरान विधुत प्रवाहित तार से उसका हाथ छू गया और इसी दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजन में गाँव मे मातम पसरा हुआ है ।मृतक को दो पुत्र एवं एक पुत्री है। शव को अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया है। वही दूसरी घटना प्रखंड के तिलकेश्वर गाँव मे धान की रोपनी कर रहे लक्ष्मी मुखीया के 50 वर्षीय पुत्र रामजतन मुखिया की मौत आकाशीय बिजली गिरने से मौत गई वही उनके साथ धान रोपनी कर रहे इसी पंचायत के पूर्व मुखिया हीरा देवी के पुत्र 13 वर्षीय रणवीर कुमार झुलस कर घायल गए जिसका स्थानित तौर पर ईलाज जारी है। वही मृतक को 3 पुत्र एवं एक पुत्री है । मृतक के पत्नी बिमला देवी का रोरो कर बुरा हाल है। तिलकेश्वर थाना अध्यक्ष केसरीनंदन ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## लगातार हो रही हत्या और अपराध से आतंक का माहौलः माले

मुजफ्फरपुर ।भाकपा-माले जिला सचिव कृष्णमोहन ने कहा है कि लगातार हो रही हत्या और अपराध से चारोओर आतंक का माहौल है। डबल इंजन की सरकार हत्या और अपराध रोकने के मामले में गंभीर नहीं है। दो दिनों में ही कांटी के फसियरवा में एक दूकानदार उमेश साह की हत्या, मड़वन के बड़कागांव में गैस एजेंसी के संचालक पर गोलीबारी और कैश की लूट, मीनापुर प्रखंड में बहादुरपुर मठ के महंथ की हत्या तथा शहर स्थित अखाडाघ्राट रोड में एक व्यक्ति की संदेहास्पद मौत से आमलोग भयभीत हैं ।माले सचिव ने यह भी कहा है कि आये दिन महिलाओं से बलात्कार और हत्या की भयावह घटनाएं भी चरम पर है। शहर से गांव तक महिलाएं असुरक्षित हैं। बिहार में सुशासन नहीं महाजंगलराज कायम है। भाजपा-जदयू नेताओं द्वारा सुशासन का दावा माखौल बन गया है। चारोओर बेखौफ अपराधियों का बोलबाला है। सरकार के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ रहा है। डबल इंजन सरकार से भरोसा खतम हो गया है। जनता इसका जवाब जरूर देगी।

## समाजसेवी ने मृतक के परिजन को दी आर्थिक सहायता

विभूतिपुर/समस्तीपुर समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी तूफान ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभूतिपुर पूरब पंचायत वार्ड-4 निवासी संदीप पंडित के 21 वर्षीय पुत्र इंजीनियरिंग छात्र सरोज कुमार की मौत के बाद उनके घर पहुँचकर मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता दी। विदित हो कि छात्र सरोज की मौत लखीसराय और जमुई की सीमा पर स्थित नोनगढ़ चेकपोस्ट के पास सड़क हादसे हो गया था। वही तूफानजी ने उनके घर पहुँचकर मृतक के परिजन को आर्थिक मदद करते हुए शोक सांत्वना व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे परिजनों के साथ हैं, उनकी पूरी कोशिश होगी कि सरकार द्वारा मिलनेवाली मदद भी पीड़ित परिवार को मिले। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल, रामबाबू राय,सोहन कुमार,अयोध्या पंडित, हरिश्चंद्र दास आदि मैजूद थे।

## लेखक ने पुस्तकालय में किया पुस्तक समर्पित

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के सिंघियाघाट स्थित महंथ राम चन्द्र शरण आजाद पुस्तकालय में लेखक ने अपनी लिखी पुस्तक रविवार को पुस्तकालय कमिटी की बैठक के बाद समर्पित किया। उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहुआ में प्लस 2 शिक्षक व लेखक डॉ राम प्रीत सिंह ने अपनी विभिन्न 17 रचनाओं से संबंधित करीब 500 पुस्तकें उक्त पुस्तकालय में स्थानीय विधायक अजय कुमार को समर्पित किया। मौके पर पुस्तकालय कमिटी के सभी पदधारक मौजूद रहे।

## सड़क बनते ही लगी उखड़ने

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सिंघियाघाट रेलवे स्टेशन का पूर्वी गुमती संख्या 22 के निकट रेलवे की सड़क मात्र दो माह पूर्व निर्माण कराया गया। उसमे कई स्थानों पर गढ्ढा बन गया। जिससे लगता है कि सड़क टूट रही है। अगर इसी तरह वर्षा होती रही तो उससे तो लग रहा है की दो से चार दिनो के अंदर यह पता ही नहीं चलेगा की दो महीना पहले यह सड़क बनाया भी गया था। सड़क की स्थिति देखने से ऐसा लगता है कि काम घटिया कराया गया है। केवल खाना पूर्ति कहा जा सकता है।

## दो वारंटी गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना चकमहेसी पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी कर दो एन बी डब्लू वारंटी को गिरफ्तार कर लिया ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी की पहचान उतरा साढ़ी गांव के मोहम्मद इस्लाम के पुत्र मोहम्मद तोहिद, सैदपुर गांव के नंदकिशोर बैठा के पुत्र नवीन कुमार रजक के रूप में हुई है ।जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुकतापुर से कपिलेशवर सहनी एवं खजुरी गांव से धर्मेंद्र साह वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि दो वारंटी को जेल भेज दिया गया है।

## प्रमंडलीय आयुक्त दरभंगा आज करेंगे मधुबनी का भ्रमण, कई अहम बैठकें निर्धारित

मधुबनी दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त कौशल किशोर कल सोमवार, 4 अगस्त 2025 को मधुबनी जिले के भ्रमण पर रहेंगे। अपने इस एकदिवसीय दौरे के दौरान वे जिला मुख्यालय में कई महत्वपूर्ण बैठकों की अध्यक्षता करेंगे और विभिन्न विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा भी करेंगे।नीलाम पत्र वादों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक, मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा में की गई घोषणाओं की प्रगति समीक्षा बैठक, विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रेक्षक के रूप में समीक्षा सहित निर्वाचन कार्यों की समीक्षात्मक बैठक।

# संदीप विश्वविद्यालय, सिजौल में विधिक पाठ्यक्रमों का भव्य शुभारंभ




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। मिथिला की धरती पर उच्च शिक्षा को नई दिशा देने वाले संदीप विश्वविद्यालय, सिजौल ने विधिक शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए तीन प्रमुख पाठ्यक्रमों की विधिवत शुरूआत की है। भारतीय विधि परिषद से मान्यता प्राप्त इन पाठ्यक्रमों का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मिथिला रत्न डॉ. संदीप एन. झा की अध्यक्षता में एक भव्य समारोह के माध्यम से किया गया। शुभारंभ किए गए पाठ्यक्रमों में कला-स्नातक-स्नातक-वैधानिक (बी.ए.-एलएल.बी.) प्रबंधन स्नातक स्नातक-वैधानिक (बी.बी.ए.-एलएल.बी.) दोनों पाच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम तथा वैधानिक स्नातक (एलएल.बी.) तीन वर्षीय स्नातक उपरांत पाठ्यक्रम शामिल है ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनामिका टी. रहीं। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश जय किशोर दूबे तथा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आलोक कौशिक पाठक मंच पर उपस्थित रहे। साथ ही, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी दिवानंद झा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि की ।मिथिला की सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप सभी अतिथियों का स्वागत पाग एवं दोपट्टा से किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. संदीप झा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण विधिक शिक्षा की शुरूआत न केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, बल्कि यह क्षेत्र के युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा जून 2025 में बी प्लस प्लस श्रेणी प्रदान की गई है, जिससे यह बिहार का तीसरा सर्वोच्च समग्र ग्रेड अंक (सीजीपीए) प्राप्त करने वाला निजी विश्वविद्यालय बन गया है ।संदीप विश्वविद्यालय पहले से हीअभियंत्रण संगणक विज्ञान प्रबंधन शिक्षक शिक्षा कृषि पुस्तकालय विज्ञान आदि क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। अब विधिक शिक्षा की शुरूआत के साथ यह विश्वविद्यालय न्याय क्षेत्र को नैतिक, दक्ष एवं प्रतिबद्ध पेशेवर प्रदान करने की दिशा में अग्रसर हो गया है।

समारोह के समापन पर कुलपति डॉ. समीर कुमार वर्मा ने सभी अतिथियो आगंतु को अभिभावको एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल न्याय-व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक सशक्त आधार बनेगी।

## मखाना प्रसंस्करण में अपार संभावनाएं हैं : डॉ मनोज कुमार



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा में 28 जुलाई से 3 अगस्त तक मखाना प्रसंस्करण पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिम बंगाल से आए उद्यमियों और प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रमाण पत्र वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार ने कहा कि मखाना प्रसंस्करण में अपार संभावनाएं हैं। अगले 10 वर्षों में प्रसंस्कृत मखाने की वार्षिक मात्रा मौजूदा 35,000 टन से बढ़कर 3.5 लाख टन और भारतीय मखाना उद्योग का बाजार मूल्य मौजूदा 5,000 करोड़ से बढ़कर 50,000 करोड़ तक पहुँचने की संभावना है। कार्यक्रम के आयोजक वैज्ञानिक ई राहुल कुमार राउत ने सात दिवसीय प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदुओं का सारगर्भित प्रस्तुतिकरण किया, जबकि सह-आयोजक वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र ने मखाना प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमिता विकास में इस प्रशिक्षण की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। सह-आयोजक वैज्ञानिक डॉ एस.बी. तराते ने मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण उद्योग की चुनैतियों पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान मखाना प्रसंस्करण की पारंपरिक एवं आधुनिक विधियों, वैज्ञानिक खेती, मूल्य संवर्धन, उत्पाद विविधीकरण, पोषण गुणवत्ता, निर्यात संभावनाओं, महिलाओं की भूमिका, उद्यमिता के अवसर एवं चुनौतियों जैसे विविध विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। प्रमुख वक्ताओं में डॉ आई.एस. सिंह, डॉ बी आर जाना, एस.एम. राउत, डॉ. वी.के. पडाला, अशोक कुमार, डॉ शिवानी झा, अखिलेश्वर विश्वकर्मा, अनुपम साहू, दीपक मांझी एवं तेजेंद्र कृष्णा शामिल रहे। मंच संचालन डॉ धर्मेन्द्र व धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार ने किया।

## मुखिया ने डीएम से की रानी पोखर का सौंदर्यीकरण एवं छठ घाट निर्माण की मांग

प्रात : किरण संवाददात



विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत राज खास टभका उत्तर के मुखिया वेंजती माला देवी ने डीएम को आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने डीएम से मांग किया है कि डीहटभका गांव के वार्ड 02 में स्थित रानी पोखरा का रकवा अत्यधिक होने के कारण इसका सौंदर्यीकरण एवं छठ घाट निर्माण कार्य ग्राम पंचायत से करवाना मुश्किल है। इस पोखर के चारों तरफ सड़क बनी हुई है ।इसका सौंदर्यीकरण हो जाने से आम जनों में खुशी आएगी क्योंकि हमारे ग्राम पंचायत के आधे दर्जन वार्ड के लोगों के द्वारा बिहार का महापर्व छठ महोत्सव इसी रानी पोखरा में मनाया जाता है।। प्रत्येक वर्ष छठ पर्व मनाने के समय में सीढ़ी घाट नहीं रहनें के कारण सीढ़ी जो ग्रामीणों के द्वारा बनाया जाता है उससे मिट्टी कटते कटते अब सड़क भी पोखर में समाहित हो रही है जिससे कोई भी बड़ी गाड़ी का आवागमन होने में अब असुविधा होती है। इसलिए इसे जल्द से जल्द सौंदर्यीकरण एवं छठ घाट बनवायी जाए। वहीं मुखिया प्रतिनिधि एवं जदयू जिला सचिव रंधीर कुमार राय ने कहा कि इसको लेकर पूर्व में भी आवेदन ग्रामीण विकास विभाग के माननीय मंत्री महोदय को दिया गया था उन्होंने ने इस पोखर को अमृत सरोवर में चयन भी करवाया था लेकिन अमृत सरोवर में सीमित राशि रहने के वजह से एवं इस पोखर का रकवा अत्यधिक होने के वजह से इस कार्य को करने में असमर्थता जताई गई। जिला अधिकारी महोदय के द्वारा दृढ़ आश्वासन दिया गया है कि जल्द से जल्द इस कार्य को किया जाएगा ताकि सड़क बच सके एवं आमजनों को आवागमन की असुविधा नहीं हो और लोगों के द्वारा हर्ष के साथ छठ पर्व मना सकें।

## मधुबनी पुलिस की तत्पर कार्रवाई से गांव में फैली सनसनी

प्रात : किरण संवाददात



मधुबनी मधवापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिहारी में शनिवार की रात एक हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया, जब मामूली विवाद में एक युवक ने अपने पड़ोसी की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मधुबनी पुलिस की इस तत्परता की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है ।पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ग्राम बिहारी निवासी राजीव मुखिया उर्फ छोटन मुखिया ने अपने पड़ोसी से विवाद के दौरान कैची से वार कर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों के बीच लंबे समय से आपसी तनाव चला आ रहा था। घटना वाले दिन कहासुनी के बाद झगड़ा बढ़ गया, जिसके बाद आरोपी ने गुस्से में आकर यह खौफनाक कदम उठा लिया ।घटना की जानकारी मिलते ही मधवापुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सनी कैची, तथा आरोपी के खून लगे कपड़े (टी-शर्ट और हाफ पैंट) जब्त किए हैं। साथ ही, एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने साक्ष्य संकलन का कार्य किया। घटनास्थल से खून के नमूने सहित अन्य जरूरी वस्तुएं जब्त की गई हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा परिजनों के बयान के आधार पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक द्वारा बार-बार अपमानित करने और मारपीट के प्रयास से आक्रोशित होकर उसने यह कदम उठाया ।इस छापेमारी में थानाध्यक्ष अशोक कुमार के साथ एसआई नीरज वर्मा, सतीश कुमार सहित कुल दस पुलिसकर्मी शामिल थे। इस निर्मम हत्या से पूरे गांव में भय और तनाव का माहौल है, वहीं मधुबनी पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई को लेकर आमजन में संतोष है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

## सांसद ने समारोह पूर्वक बैगनी हॉल्ट का किया उद्घाटन



प्रात : किरण संवाददात

बेनीपुर(दरभंगा)। सकरी-हसनपुर रेलखंड पर स्थित बहुप्रतीक्षित बैगनी हॉल्ट का रविवार को सांसद डॉ गोपालजी ठाकुर ने लोकार्पण किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेनों को रवाना किया। जिसके साथ ही इस हॉल्ट पर ट्रेनों का ठहराव विधिवत शुरू हो गया। सांसद ने इस मौके पर कहा कि यह हॉल्ट क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर ने रेलवे कनेक्टिविटी और क्षेत्र में किए गए विकासात्मक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल से मिथिला क्षेत्र को रेलवे का हब बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है, और बैगनी हॉल्ट का शुरू होना इसका एक जीवंत उदाहरण है। इस अवसर पर सांसद डॉ ठाकुर के साथ बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी, समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने बैगनी हॉल्ट पर ट्रेनों के ठहराव के लिए सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों की भी सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रजनीश सुंदरम ने की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय पासवान, महामंत्री संजय कुमार सिंह, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष निभा देवी और जिला पार्षद अमरनाथ शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मनाई रवि नंदन सहाय की 83 वीं जयंती



प्रात : किरण संवाददात

दरभंगा।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दरभंगा जिला शाखा की ओर से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय रवि नंदन सहाय की जन्म तिथि जिला अध्यक्ष विनोद कुमार लाल की अध्यक्षता में मनाई गई। दरभंगा शहर के हनुमानगंज,सिन्हा कॉलोनी स्थित अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश रंजन सिन्हा के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाअध्यक्ष ने कहा कि रवि नंदन सहाय ने समाज को जोड़ने का काम किया। इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार के प्रदेश मंत्री पुनीत कुमार सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष अनीता आनंद, जिला प्रवक्ता दिवाकर कुमार,जिला संगठन मंत्री अशोक कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य आर के दत्ता, मंजुला सिन्हा, अमरेंद्र कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# जन सुनवाई में फर्जी तरीके से शिक्षिका के रूप में कार्य कर रही शिक्षिका पर कर्यवाही करने का आयुक्त ने दिया निदेश

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में शनिवार को आयुक्त , अवनीश कुमार सिंह द्वारा लोक जन शिकायत की सुनवाई की गयी। सुनवाई के क्रम में उन्होंने कई अपिलार्थियों के आवेदन अथवा समस्याओं से रूबरू हुए तथा उनके आवेदन के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही। इस दौरान आयुक्त द्वारा दो मामलों में जांचोपरांत कार्रवाई भी की गयी, जिसके तहत एक मामले में किसी अन्य के दस्तावेज एवं नाम के बदले वो फर्जी तरीके से शिक्षिका के रूप में कार्य कर रहीं थीं। जिनके खिलाफ आयुक्त ने कार्रवाई करते हुए उनके विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं एक अन्य मामले में पैक्स अध्यक्ष/प्रबंधक से मांगे गए स्पष्टीकरण के सही जवाब नहीं दिए जाने के विरूद्ध उनके खिलाफ कार्रवाई की बात कही गयी। आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्राथमिक विद्यालय गोखुलचक, टेटियाबंबर, मुंगेर में रेखा कुमारी उर्फ प्रमिला कुमारी वर्ष 2010 से शिक्षिका के रूप में कार्यरत है। इनके खिलाफ अपिलार्थी अनिल कुमार यादव द्वारा आवेदन देते हुए शिकायत किया गया कि रेखा कुमारी उर्फ प्रमिला कुमारी उनकी मृत पत्नी प्रमिला कुमारी के नाम तथा उनके सभी प्रमाण पत्रों को फर्जी तरीके से इस्तेमाल कर उनकी पत्नी की जगह शिक्षिका के पद पर कार्य कर रही हैं।

जबकि उनकी पत्नी की मृत्यु 2001 में ही हो गयी थी। अपिलार्थी अनिल कुमार यादव के आवेदन पर प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा गठित जांच टीम के अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर वर्तमान में कार्यरत शिक्षिका रेखा कुमारी उर्फ प्रमिला कुमारी का सारा दस्तावेज फर्जी पाया गया तथा उनके द्वारा यह स्वीकार भी किया गया कि वो मृत शिक्षिका प्रमिला कुमारी के नाम एवं दस्तावेज का गलत एवं फर्जी तरीके से इस्तेमाल कर वर्ष 2010 से ही शिक्षिका के रूप में कार्य कर रहीं हैं। आयुक्त द्वारा जांच प्रतिवेदन के आधार पर रेखा कुमारी उर्फ प्रमिला कुमारी के विरूद्ध विधिसम्मत विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं एक अन्य मामले में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जमुई द्वारा पैक्स अध्यक्ष/ प्रबंधक अरूणाबांक पैक्स प्रखंड खैरा से स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी, जिसमें उनसे खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में जिन जिन किसानों से धान की खरीद की गयी, उन सभी किसानों के जमीन से संबंधित सभी कागजात कार्यालय को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था, किन्तु उनके द्वारा वांछित कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। स्पष्टीकरण के असंतोषजनक जवाब देने के आलोक में आयुक्त मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर द्वारा अरूणाबांक पैक्स के विरूद्ध बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1935 यथा संशोधित में वर्णित प्रावधानों के तहत आवश्य कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# जनकल्याण संवाद में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दिया संदेश, कहा सरकार का संकल्प,जनसेवा और विकास

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं लखीसराय विधायक विजय कुमार सिन्हा एक दिवसीय दौरे पर लखीसराय पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रधान कार्यालय में आयोजित ह्वजनकल्याण संवादह्व कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने आम जनता से सीधे संवाद स्थापित किया, जनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। अपने संबोधन में श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान सरकार जन-जन के कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने राज्य सरकार की कई लोक-लाभकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि: हर परिवार को 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त, वृद्धा और विधवा पेंशन को बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह, 5 वर्षों में 1 करोड़ नौकरियाँ देने का लक्ष्य, युवाओं को 6000 प्रतिवर्ष इंटर्नशिप भत्ता, महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण, दीदी की रसोई में 20 में पौष्टिक भोजन, 8000+ पंचायतों में मैरिज हॉल निर्माण की योजना, आंगनबाड़ी सेविकाओं को 11,000 स्मार्टफोन सहायता, पत्रकारों को 15,000 मासिक पेंशन, शारीरिक शिक्षा अनुदेशकों, रसोइयों और नाइट गार्ड्स का मानदेय दोगुना कर दिया गया है उन्होंने इन योजनाओं को राज्य के सर्वांगीण विकास और अंतिम पंक्ति तक सरकार की पहुँच का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के समापन पर उपमुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर इन योजनाओं की जानकारी जनमानस तक पहुँचाएँ और सरकार के विकास कार्यों को मजबूती से प्रस्तुत करें। उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि आगामी चुनावों में एनडीए ऐतिहासिक विजय हासिल करेगा। इस जनकल्याण संवाद में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, महामंत्री प्रमोद महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष देवानंद साहू, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकाश आनंद,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनू चंद्रवंशी, विकास कुमार, घनश्याम मंडल, अभिषेक सिंह समेत सभी मंडल अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पनौट में 10 वर्षीय बच्चे की नहर में डूबकर मौत, गांव में पसरा मातम

जमुई /लक्ष्मीपुरः-शनिवार शाम में एक दर्दनाक हादसे में 10 साल के बच्चे की नहर में डूबने से मौत हो गई.मृतक की पहचान अंकुश कुमार के रूप में हुई है, जो हरला पंचायत के पनौट गांव निवासी सुरेंद्र यादव का बेटा था.परिजनों के अनुसार, अंकुश घर के पास नहर के किनारे खेल रहा था.पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण नहर का जलस्तर काफी बढ़ गया था और उसका किनारा फिसलन भरा हो गया था. खेलते समय अचानक उसका पैर फिसला और वह सीधे तेज बहाव वाली नहर में जा गिरा ।पानी का बहाव इतना तेज था कि वह खुद को बचा नहीं पाया और देखते ही देखते डूब गया.परिजन उसे तुरंत पास के एक निजी क्लीनिक ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल, जमुई रेफर कर दिया. लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत और बिगड़ गई और देर शाम डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.घटना की जानकारी मिलते ही लक्ष्मीपुर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार मौके पर पहुंचे.उन्होंने बताया कि बच्चे की मौत नहर में डूबने से हुई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नहर के किनारे सुरक्षा व्यवस्था की जाए और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों. फिलहाल पूरे गांव में मातम का माहौल है.

### सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लू टूथ के साथ पकड़े गए दो परीक्षार्थी

दरभंगा। सिपाही भर्ती परीक्षा में शहर के लहेरियासराय थाना क्षेत्र के अनर्गत मिल्लत कालेज केंद्र पर ब्लू टूथ की मदद से नकल करने के प्रयास में दो अभ्यर्थियों को रविवार को पकड़ा गया। दोनों एक ही कमरे में अपनी जेब में रखे कैप्सूल के आकार के ब्लू टूथ की मदद से किसी से बात कर रहे थे। संदेह होने पर वीक्षक ने तलाशी ली तो ब्लू टूथ बरामद हुआ। इसके बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# मित्रता जीवन का महौषधि तथा स्वर्गीय वरदान

प्रात : किरण संवाददाता







जमुईः- इंटरनेशनल फ्रेंडशिप डे के अवसर पर नगर परिषद स्थित आनंद विहार कॉलोनी में ह्यमानव जीवन में मित्रता की अहमियतह्न विषय पर एक परिचर्चा आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता को, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.(प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ.गौरी शंकर पासवान ने कहा कि मानव जीवन में फ्रेंडशिप की काफी अहमियत है। फ्रेंडशिप जीवन का महौषधि तथा स्वर्गिक वरदान है। मित्रता दो हृदयों को मिलाने वाली प्रेम की डोर है। जब दो मित्रों के दिल जुड़ते हैं, तो खून के रिश्ते भी फीके लगने लगते हैं। मित्रता उस आईना की तरह है,जिसमें हम अपने गुण दोष भी पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि मित्रता ऐसी हो होनी चाहिए जैसे कि कृष्ण और सुदामा की दोस्ती, जो सामाजिक और आर्थिक दूरी को मिटा देने वाली फ्रेंडशिप की एक मिसाल है। मित्रता दिवस की शुरूआत हॉलमार्क कार्डस के संस्थापक जॉयस हॉल ने सन 1930 में की थी। सन 1935 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा औपचारिक रूप से मित्रता दिवस मनाया था। सन 1992 में सरहदें पार करते हुए भारत पहुंचा। जो भी हो मित्रता दिवस आधुनिक युग की देन नहीं,बल्कि सभ्यता के साथ ही विकसित हुई है। यदि वैश्विक देश और व्यक्ति मित्रता के पांच सूत्र अपना लें जैसे- ईमानदारी, विश्वास, क्षमा, मुस्कान तथा साथ, तो कभी युद्ध की नौबत नहीं आ सकती और सभी देश एवं व्यक्ति समृद्ध और सुखी होते। बदलते समय में सोच समझ कर दोस्ती करनी चाहिए। आज कल दोस्ती में जान चली जाती है। कहते हैं- देखभाल कर मित्रता सोच समझ दे हाथ। पिसता आया है सदा घून गेहूं के साथ। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.आमोद कुमार सिंह ने कहा कि सच्चे मित्र मानसिक स्वास्थ्य के अदृश्य चिकित्सक होते हैं। मित्रता वह मानसिक सहारा है, जो व्यक्ति को अकेलेपन, तनाव और आत्म अवमूल्यन से उबारकर जीवन में आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती है। इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रोफेसर डॉ. निरंजन कुमार दुबे ने कहा कि मित्रता दो हृदयों के बीच की आशक्ति को कहते हैं। इतिहास गवाह है कि सच्ची मित्रता दो हृदयों का ऐसा संबंध है, जो न जात- पात देखता है न धन-धर्म व भाषा और न तो सीमा रेखाएं। महिला कॉलेज असिस्टेंट प्रोफेसर श्री आनंद कुमार सिंह ने कहा कि दुनिया में जब स्वास्थ्य की राजनीति हावी हो तब मित्रता वह स्वस्थ व शुद्ध हवा है,जो इंसानियत को जिंदा रखती है। स्थानीय सिविल कोर्ट के जीपी श्री प्रभात कुमार भगत ने कहा कि सच्ची मित्रता एक प्रकार का सामाजिक-आर्थिक पूंजी है, जिसका ब्याज नहीं लगता,लेकिन जब जरूरत पड़े तो मूल से कई गुना अधिक सहयोग देती है। अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री सरदार राय ने कहा कि मित्रता एक गणितीय समीकरणों भांति होती है, जिसमें संतुलन व निष्कपटता जरूरी है। एक सच्चा मित्र जीवन के सभी प्रश्नों का उत्तर खोजने में मदद करता है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.देवेंद्र कुमार गोयल अधिवक्ता रामचंद्र रवि, शिक्षक मंटू पासवान व श्री रवीश कुमार सिंह, सुशील कुमार, लाइब्रेरियन रामचरित मानस आदि बुद्धिजीवी लोगों ने मानव जीवन में मित्रता को अपरिहार्य बताया।

# 16 अगस्त को जमालपुर स्टेशन से खुलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस, विस्तारीकरणः एडीआरएम

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर/ बरियारपुर (मुंगेर) । जमालपुर के यात्रियों को अब हावड़ा जाने के लिए दिन में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जमालपुर स्टेशन से मिलेंगी। वंदे भारत एक्सप्रेस का विस्तारीकरण किया गया है। तथा भागलपुर हावड़ा के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस आगामी 16 अगस्त को जमालपुर से रवाना की जाएगी। वंदे भारता एक्सप्रेस ट्रेन को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और पूर्व रेलवे कोलकाता के जीएम वर्चुअल हरी झंडी दिखाएंगे। हालांकि जमालपुर में पूर्व रेलवे मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता की अगुवाई में ट्रेन को रवाना की जाएगी। यह बातें पूर्व रेलवे मालदा मंडल के एडीआरएम शिव कुमार प्रसाद ने अपने विशेष सैलून से जमालपुर स्टेशन पहुंचने और स्टेशन का निरीक्षण करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में रेलमंत्री साहब बिहार को ट्रेनों की लगातार सौगात दी जा रही है। इससे पूर्व अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस मालदा से गोमती के लिए दी गई। आने वाले दिनों में जमालपुर, मुंगेर और भागलपुर रेलखंडों पर कई नई ट्रेनों की सौगात मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि मालदा से किऊल और जमालपुर से मुंगेर रेलखंड पर वर्तमान में 110 की स्पीड से ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में ट्रेनों की स्पीड 130 की जाएगी। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा में बढ़ोतरी होगी। इधर, एडीआरएम एसके प्रसाद अपनी टीम के साथ एक्सिडेंटल रिलीफ यान (एआरटी) और मेडिकल एआरटी यान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि घटना-दुर्घटनाएं के पूर्व 24 घन्टे यानों को अपडेट रखें, ताकि राहत कार्य मे देरी न हो सके। उन्होंने कहा कि स्टेशन रेमॉर्डलिंग कार्य तेजी से किया जा रहा है। मालदा मंडल के अधीन करीब 15 स्टेशनों पर करोड़ों रुपए से रीमॉडलिंग हो रहा है। जमालपुर स्टेशन पर प्रथम चरण का कार्य पूरा हो गया है। हालांकि दूसरे चरण में सबसे आकर्षण का केंद्र विश्वस्तरीय 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज होगा। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गयी है। एआरटी और एवीएमवी एआरटी यान परिसर में डोमेस्ट्रेशन किया गया। एडीआरएम ने डोमोस्ट्रेशन के दौरान आवाश्यक निर्देश दिए। वहीं कर्मचारियों ने गैस कटिंग, पॉवर लाइट उपयोग, लिफ्टिंग कार्य का प्रदर्शन कर तालियां बटोरी। मौके पर एईएन सामर्थ गर्ग, एसएस संजय कुमार, एआरटी इंचार्ज अमित सिन्हा, डीपो एआरटी अनिल कुमार, एसएस संजय कुमार, आइओडब्लू ललन कुमार, आइओडब्लू अभिषेक कुमार, टेलिकॉम इंस्पेक्टर एके सिन्हा, टेलिकॉम इंस्पेक्टर एसके भारती, आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार, रिंकु सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# झाझा प्रखंड में बरमसिया पुल धंसा, 20 हजार आबादी प्रभावित



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई /झाझा :-प्रखंड अंतर्गत महापुर पंचायत में शनिवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब बरमसिया पुल अचानक धंस गया। इस पुल के धंसने से चाय, बरमसिया, चितोचक, महापुर, तुम्हा पहाड़, परासी, लौंगाय समेत दर्जनों गांवों का झाझा मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह कट गया है। करीब 20 हजार की आबादी इस आपदा से सीधे तौर पर प्रभावित हुई है। लोगों का बाजार, अस्पताल, स्कूल, सरकारी कार्यालयों तक पहुंचना फिलहाल असंभव हो गया है। स्थानीय लोग वैकल्पिक मार्ग तलाशने को मजबूर हैं, वहीं प्रशासन की ओर से अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल की स्थिति कई महीनों से जर्जर थी, लेकिन संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन ने समय रहते कोई मरम्मत नहीं कराई। नतीजा यह हुआ कि बारिश और लगातार जलभराव के कारण शनिवार की सुबह पुल का एक हिस्सा अचानक धंस गया। इस घटना से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही वैकल्पिक रास्ता और स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो वे सड़क पर उतर कर आंदोलन को बाध्य होंगे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की जा रही है।

# भारी बारिश से जलमग्न हुआ सदर अस्पताल परिसर, मरीज सहित स्वास्थ्यकर्मियों को आवागमन में हो रही भारी परेशानी

- जिला समाहरणालय से कुछ हीं दूरी पर अवस्थित सदर अस्पताल का जल जमाव से हुई बदतर स्थिति

प्रात : किरण संवाददाता




लखीसराय ! जिले के विभिन्न हिस्सों के साथ शहरी क्षेत्र में लगातार हो रही जोरदार बारिश के कारण लखीसराय जिला समाहरणालय स्तिथ सदर अस्पताल परिसर में जल जमाव की विकट समस्या खड़ी हो गई है। सदर अस्पताल के प्रवेश द्वार से पैथोलॉजी लैब व वाहन पार्किंग तक तक लगभग 25 मीटर मुख्य मार्ग पर 12 से 14सेंटीमीटर पानी जमा हो गया है। जिसके कारण शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्र से इलाज के लिए आने वाले मरीज परिजन व स्वास्थ्य कर्मी को सदर अस्पताल आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन पानी में घुसकर आवागमन को बाध्य होना पड़ रहा है। ज्ञात हो की सदर अस्पताल के इर्द-गिर्द पानी निकास के लिए बने बड़े नाला व विशेष रूप से पाइन से पानी निकास नहीं होने के कारण परिसर के पानी का भी निकास नहीं हो पा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक जल जमाव की स्थिति यथावत बनी हुई है !इस दौरान बाइक व अन्य वाहन से आने वाले लोग आसानी से सदर अस्पताल पहुंचे जबकि पैदल आने वाले लोगों को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है ! बतातें चलें कि सदर अस्पताल में जल जमाव से निजात के लिए नाली व नाले का एक दूसरे से बेहतर कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण अक्सर भारी बारिश के दौरान परिसर में जल जमाव की स्थिति सामान्य समस्या बन चुका है। जिससे मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को काफी कठिनाइयों झेलनी पड़ती है !

# पिता पर पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग नशेड़ी बेटे को पुलिस ने लिया हिरासत में



प्रात : किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) शंकरपुर प्रखंड क्षेत्र के रामपुरलाही गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने नशे की हालत में अपने ही पिता को जलाने की कोशिश की। गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को आनन-फानन में शंकरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार की दिन की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक मितन कुमार रोजाना की तरह शनिवार को भी नशा करके घर लौटा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि नशे की हालत में उसने अपने पिता से विवाद किया और गुस्से में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर किसी तरह वृद्ध की जान बचाई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए डायल 112 पर कॉल किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शंकरपुर थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और आरोपी मितन कुमार को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी बेटे ने बताया की वह खुद को जलाने के लिए दुकान से पेट्रोल खरीद कर लाया था, उसी दौरान पिता ने हाथ से पेट्रोल छीना जिससे उनके ऊपर गिर गया फिलहाल घायल व्यक्ति का इलाज जारी है, परिजनों से लिखित आवेदन मिलने पर आगे की करवाई की जाएगी, वहीं पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है।

# तीन दिनों से लगातार आफत की बारिश से किऊल नदी में उफान, चारों ओर पानी ही पानी



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !जिले में शुक्रवार की देर शाम से लगातार हो रही आफत की बारिश की वजह से किऊल नदी उफान मार रही है. वहीं लगातार एक सप्ताह बारिश के कारण चारों ओर पानी ही पानी हो चुका है. कई संपर्क पथ भंग हो चुका है. किसानों के धान के फसल का खेत पूरी तरह डूब चुका है. दो चार दिन और बारिश होने से किसान के धान का फसल को नुकसान पहुंच सकता है. कई किसान इस बारिश में हो धान की रोपनी कराया है. हाल ही के धान की रोपनी होने धान पौधा गल भी सकता है. जिससे किसानों को काफी क्षति भी पहुंच सकती है. किसानों को पानी से डूबे फसल को बचाने को लेकर पानी निकासी का भी तरीका नहीं बचा है. जिससे कि किसान बेबस महसूस कर रहे हैं. वहीं किऊल नदी के तेज बहाव के कारण कई सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थान की चाहरदीवारी का अस्तित्व खतरे में आ चुका है. भारी बारिश व नदी के तेज बहाव के कारण कई संपर्क पथ भी भंग हो चुका है। पथला घाट के किनारे बसे महादलित फिर से हो गये बेघर पथला घाट के किनारे बसे महादलित फिर से बेघर हो चुके हैं. कुछ कुछ लोग रैन बसेरा कुछ लोग मंदिर के पास ऊंचे स्थान पर प्लास्टिक की छावनी बनाकर अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ रहने के लिए मजबूर हैं. जिला प्रशासन इन बेघर दलित का कोई सुध नहीं ले रही है. जिससे कि जिला प्रशासन के नाम सुनते ही पथला घाट के किनारे बसे महादलित भड़क उठते हैं। शुक्रवार को पूरी रात बरसते रहा पानी, जिससे यह रात कयामत की रात बनी रही शुक्रवार की शाम सात बजे से बिजली कड़क के साथ बारिश होना शुरू हुई, जिसके कारण लोग अपनी दिनचर्या का कार्य कर शाम को घर लौटने के क्रम में पानी से भीगते हुए घर पहुंचे. थोड़ी देर के लिए बारिश रुकी, वहीं कुछ देर बाद फिर से लगातार बारिश होते रहा. जिससे कि खेत गड्ढे एवं लोगों के रास्ते में जलजमाव की स्थिति बनी रही. कई जगह जलजमाव के कारण घर में भी पानी प्रवेश कर गया। किऊल नदी की जलधारा मुड़कर खगौर एवं गढ़ी बिशनपुर के बगीचा की ओर होने लगी है. जिससे कि नवनिर्मित सेंट्रल स्कूल तथा मध्य माध्यमिक एवं माध्यमिक उच्चतर विद्यालय के पिछले हिस्सा के दीवार से सटकर नदी की पानी का बहाव होना शुरू हो गया है. इधर, तेतरहट थाना के चारदीवारी होकर नदी का पानी का बहाव हो रहा है. जहां मिट्टी का कटाव होने से चारदीवारी पर खतरा उत्पन्न होता दिख रहा है। दियारा क्षेत्र के लोगों का नदी के जलस्तर से फिर बढ़ी मुश्किल दियारा क्षेत्र के लोगों का किऊल नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण फिर से मुश्किल बढ़ चुकी है. किऊल नदी से सटे रहाटपुर, रामनगर, रामचंद्रपुर आदि जगहों के लोगों के घर एवं खेत में पानी प्रवेश कर चुका है. पानी के बहाव से अधिक परेशानी पशुचारा के लिए समस्या उत्पन्न हुई ह।

# कोशी के हितों की सर्वोच्च प्राथमिकता देगी एनडीए सरकार : संजय झा



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष विनोद कुमार झा एवं संरक्षक प्रवीण आनंद ने दिल्ली में जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माननीय संजय झा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कोशी प्रक्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य रूप से कोशी प्रक्षेत्र सहरसा में एम्स अस्पताल की स्थापना। कोशी विकास प्राधिकरण को प्रभावी बनाना और पुनः सक्रिय करना। पंडित मंडन मिश्र कृषि महाविद्यालय, सहरसा को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाना। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण और तकनीकी संस्थान की मांग की। मुलाकात के दौरान यह भी संकेत मिला कि आगामी सितंबर माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित सहरसा आगमन के अवसर पर कोशी क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की जा सकती है। यह पैकेज कोशी के समग्र विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और अधोसंरचना के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो सकता है। श्री झा ने मोर्चा के प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि कोशी के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए वे इन विषयों को पार्टी और सरकार के समक्ष गंभीरतापूर्वक रखेंगे।

# ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव भव्य रूप सें आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगांव रोड स्थित शांति अनुभूति भवन में रविवार को अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव का भव्य रूप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुजफ्फरपुर से पधारीं बिहार ब्रह्माकुमारीज सेंटर्स संचालिका राजयोगिनी रानी दीदी ने कहा- रक्षाबंधन का त्योहार पवित्र बनने और बनाने का यादगार पर्व है। विश्व रक्षक परमपिता परमात्मा शिव इस कलियुगी पतित दुनिया में भारत के आबू पर्वत पर प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर सभी आत्माओं को सुख-शांतिमय जीवन बनाने के लिए आदेश देते हैं- पवित्र बनो, राजयोगी बनो। पवित्रता ही सुख-शांति की जननी है। वर्तमान समय कलियुग की कालिमा से मनुष्य आत्माओं के मन विषय-विकारों से कलुषित हो गए हैं जिससे नारी शक्ति जो वंदनीय है, पूजनीय है; उनकी अस्मिता की सुरक्षा भी एक बहुत बड़ी चुनौती हो गई है। समाज में आज हमारी बहनें सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे असुरक्षा के वातावरण में परमात्मा पिता सर्वप्रथम आत्मरक्षा के लिए प्रतिज्ञा कराते हैं। लाखों भाई-बहनें घर-गृहस्थ में रहते पवित्र एवं सात्विक जीवन बनाकर समाज के सामने उदाहरण पेश कर रहे हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों का आह्वान किया- आइये, हम सब मिलकर स्व रक्षक, परिवार रक्षक, समाज रक्षक, देश रक्षक और विश्व रक्षक बनकर पवित्र समाज की स्थापना करें। बेतिया सेवा केंद्र प्रभारी अंजना दीदी ने कहा- वर्तमान समय रक्षाबंधन का विशेष महत्व हो गया है जबकि सभी लोग अपने आप को किसी-न-किसी रूप से असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसे समय परमरक्षक भगवान की छत्रछाया एवं रक्षा-कवच की अति आवश्यकता है। हम जितना अपने मन को श्रेष्ठ विचारों, शुभ विचारों एवं परमात्मा की याद में व्यस्त रखेंगे हमारे मन की शक्ति बढ़ती रहेगी और हमारे चारों ओर सकारात्मक चिंतन का आभामंडल तैयार हो जाएगा। जिसमें हम स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे और अनेक लोगों को भी सहयोग प्रदान कर सकेंगे। इस अवसर पर स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी बीके स्नेहा बहन ने दीदी का स्वागत करते हुए कहा कि आपके पधारने से सहरसा की भूमि धन्य-धन्य हो गई। पावनता के यादगार पर्व रक्षाबंधन पर प्रतिवर्ष आपका पधारना सहरसा वासियों के लिए वरदानों की बारिश जैसा है। उन्होंने समस्त सहरसा वासियों की ओर से परम आदरणीय दीदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बेतिया सेवाकेंद्र प्रभारी अंजना दीदी एवं आदरणीय रानी दीदी के साथ आए सभी बहनों-भाइयों का हृदय से स्वागत किया। उन्होंने राखी का बड़ा सुंदर अर्थ बताते हुए कहा- आर अर्थात रिस्पांसिबिलिटी-जिम्मेवारी, ए अर्थात अवेयरनेस-जागरूकता, के अर्थात काइंडनेस-दया भाव, एच अर्थात ह्यूमिलिटी-नम्रता, आई अर्थात इंट्रोवर्टनेस-अंतर्मुखता। सबका जीवन स्वस्थ, सुरक्षित एवं खुशनुमः हो- यह दिल की शुभकामनाएं उन्होंने सब के प्रति अर्पित की। राजयोगिनी रानी दीदी ने सभी से स्व-रक्षक बनकर विश्व-रक्षक बनने की प्रतिज्ञा करवाई। पूरे जिले से 300 के लगभग भाई-बहनों ने प्रतिज्ञा की। दीदी ने सबको तिलक लगाया, राखी बांधी, मुख मीठा कराया और प्रसाद स्वरूप सबको भोग वितरित किया गया।नन्हीं बच्ची आद्या और चैतन्या ने आदरणीय रानी दीदी के आगमन पर स्वागत-नृत्य प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुजफ्फरपुर के अरविंद भाई, एनसीसी कमांडिंग आफिसर कर्नल रवि, पवन क्याल, अजीत डोकानिया, वार्ड पार्षद जयप्रकाश यादव, डॉक्टर सी. एम. चौधरी, महादेव भीमसरिया, ओम प्रकाश चौधरी, अवधेश भाई, शत्रुघ्न भाई आदि मौजूद थे।

सम्पादकीय

# आत्मघाती साबित हो सकता है ट्रंप का टैरिफ

अमेरिका अपने स्लीपर सेल की दम पर समूची दुनिया में सरकारें बदलने का षडयंत्र लम्बे समय से करता आ रहा है। बांग्लादेश से लेकर श्रीलंका तक, कनाडा से लेकर स्कॉटलैंड तक और मेक्सिको से लेकर यूक्रेन तक अमेरिका ने हमेशा ही सरकार गठन के दौरान हस्तक्षेप किया है। वह विदेशों में वहां के मीरजाफरों की फौज एकत्रित करता है, उन्हें पैसों की चमक दिखाता है और फिर सरकार विरोधी दलों के साथ सांठगांठ करके अपने षडयंत्र की अमली जामा पहनाने में जुट जाता है। बांग्लादेश इसका जीता जागता उदाहरण है जहां उसने एक विशेष भू भाग हथियाने का प्रयास किया जिसमें सफल न होने पर वहां के सरकार विरोधियों के सहयोग से अपने पसन्दीदा व्यक्ति को सिंहासन पर बैठा दिया। यूक्रेन पर दबाव बनाकर अपने इच्छित समझौते पर हस्ताक्षर करवाने की कोशिश तो अमेरिकी राष्ट्रपति अपने ही घर में कर चुके हैं। अब भारत की बढती अर्थव्यवस्था और एक विशाल बाजार देखकर अमेरिकी राष्ट्र्पति नित नये फरमान जारी करके दबाव बनाने की जी तोड कोशिश कर रहे हैं। वर्तमान में दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत सम्मानित है। विगत चार सालों में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 6 प्रतिशत से अधिक ही रही है। वर्ष 2023 में यह आंकडा 9.2% तक जा पहुंच गया था। जबकि अमेरिका की अपनी जीडीपी ग्रोथ रेट वर्ष 2022 से 2025 के मध्य मात्र 3 प्रतिशत से ऊपर ही नहीं गई। अमेरिका की कुल आबादी से लगभग दो गुना लोग तो भारत में केवल नौकरीपेशा ही है। अभी हाल ही में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ के घोषणा की है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.5% की दर से बढ़ सकती है जो कि एक उपलब्धि होगी। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारतीय अर्थ व्यवस्था को डेड इकनॉमी बताकर अपनी षडयंत्रकारी प्रवृत्ति का स्वयं ही खुलासा कर दिया है। भारत के संसदीय सत्र के दौरान ट्रंप ने बयान दिया जिसके आधार पर नेता विपक्ष यानी राहुल गांधी ने तत्काल सरकार को घेरने की अपनी नाकाम कोशिश शुरू कर दी। यह अगल बात है कि उन्हें उनकी ही पार्टी के नेताओं ने ही आइना दिखा दिया। टैरिफ की गीदड़ भभकी देने वाले ट्रंप ने 7 अगस्त से अपना फरमान लागू करने की घोषणा कर दी है जिससे 69 देशों सहित पूरा यूरोपीय संघ सीधा प्रभावित हो रहा है। टैरिफ के अनुसार अफगानिस्तान पर 15, एलजीरिया पर 30%, अंगोला पर 15%, बांग्लादेश पर 20, बोलीविया पर 15, बोस्निया पर 30, हजेगोविना पर 30, बोत्सवाना पर 15, ब्राजिल पर 10, ब्रुनेई पर 25, कंबोडिया पर 19, कैमरून पर 15, कोस्टा रिका पर 15, कोटे डी आइवर पर 15, कांगो 15, इक्वेडोर पर 15, इक्वेटोरियल गिनी पर 15, यूरोपीय संघ पर 15, फाकलैंड द्वीप समूह पर 10, फिजी पर 15, घाना पर 15, गुयाना पर 15, आइसलैंड पर 15, भारत पर 25, इंडोनेशिया पर 19, इराक पर 35, इजराइल पर 15, जापान पर 15, जॉर्डन पर 15, कजाखस्तान पर 25, लाओस पर 40, लिसोटो पर 15, लीबिया पर 30, लिकटेंस्टाइन पर 15, मेडागास्कर पर 15, मलावी पर 15, मलेशिया पर 19, मॉरीशस पर 15, मोलदोवा पर 25, मोजाम्बिक पर 15, म्यांमार यानी बर्मा पर 40, नामिबिया पर 15, नाउरू पर 15, न्यूजीलैंड पर 15, निकारागुआ पर 18, नाइजीरिया पर 15, उत्तर मैसेडोनिया पर 15, नॉर्वे पर 15, पाकिस्तान पर 19, पापुआ न्यू गिनी पर 15, फिलिपींस पर 19, सर्बिया पर 35, दक्षिण अफ्रीका पर 30, दक्षिण कोरिया पर 15, श्रीलंका पर 20, स्विट्जरलैंड पर 39, सीरिया पर 41, ताइवान पर 20, थाईलैंड पर 19, त्रिनिदाद पर 15, टोबैगो पर 15, ट्यूनीशिया पर 25, टर्की पर 15, युगांडा पर 15, यूनाइटेड किंगडम पर 10, वानुअतु पर 15, वेनेजएला पर 15, वियतनाम 20, जाम्बिया पर 15 तथा जिम्बाब्वे पर 15 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। सबसे ज्यादा टैक्स रेट वाले देशों में सीरिया को 41, स्विट्जरलैंड को 39, लाओस और म्यांमार को 40, इराक और सर्बिया को 35 और लीबिया और अल्जीरिया को 30 प्रतिशत की सीमा में रखा गया हैं जबकि ताइवान, भारत और वियतनाम जैसे अन्य देश 20 से 25 प्रतिशत की सीमा में हैं। इस सबके पीछे भारत का वैश्विक मंच पर बढता कद, स्वदेशी उत्पादन की वृद्धि, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का बढता ग्राफ, ब्रिक्स करैन्सी की योजना, रूस के साथ गहरे संबंध, चीन के साथ कायम होता संतुलन, मालदीप जैसे देशों का पुनः जागता भारत प्रेम जैसे अनेक कारण हैं

# टैरिफ वार यानि ट्रंप ने स्वीकारी हार

डॉ.अतुल कुमार



असहाय रेड इंडियन आदिवासियों के हत्यारे क्रूर गोरों के वंशज अमेरिकनों के काले मसूबें जानते हुए भी कतिपय हिन्दुस्तानी उनका गुणगान करते हैं। शत्रु पाकिस्तान को सिर पर चढ़ा कर लगातार मदद कर रहे अमेरिका हिन्द के विकास का विरोधी है। इन गोरों का लक्ष्य हिन्दुस्तान के हर नगर में बदहाली और सीमा पर खतरों का जमावड़ा बनाये रखना है। एक नीच सोची हुई योजना में यहां हिन्द हिन्दी हिन्दु और हिन्दुस्तानी विरोधी कुकर्म को सक्रिय करते रहता है।

सिन्दुर में पिटते हुए पाकिस्तान को बचाने के लिए अमेरिकी लाबी तुरंत सक्रिय हो उठी। इसके बाद ही तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और पेट्रोकेमिकल्स के व्यापार के लिए कुछ भारतीय कंपनियों और नागरिकों पर अपने यहां के लिए प्रतिबंध लगाए हैं। दो कौड़ी के मक्कारों ने धंधे में बेइमानी कितनी की है वो तो सभी निर्यातक जानते है। अमेरिकी कमीन कभी कीड़े निकाल की जीरा की आवक रोकते है कभी खाद की वजह से आम। ताकि किसी आयातक को नहीं मिले दाम। दवा हो या कपड़े का आयात चालबाजी ऐसी है कि भुगतान नहीं हो।

दूसरी तरफ भिखारी पाकिस्तान को हथियारों की जबरन मदद केवल भारत में अंशाति फैलाने के लिए है। अरब, यूरोप और अफ्रिका के दर्जनों पिछलग्गू देशों की कतार में भारत को लाने के लिए बांग्लादेश और पाकिस्तान के पास गोटियां बिछा रहा है।

भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद व्यापार का विषय और इससे अमेरिका के पेट में गैस बनने लगी। सवा अरब से अधिक जनसंख्या के भारत में व्यवसायिक और औद्योगिक के तेज विकास से ऊर्जा की जरूरतें बहुत ज्यादा हैं। इसमें तेल, कोयला, गैस और अपनी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जरूरी चीजें खरीदने की क्षमता शामिल है, जैसा कि हर देश करता है।


भेदभावपूर्ण कार्रवाइयाँ अंतर्राष्ट्रीय कानून और राष्ट्रीय संप्रभुता के सिद्धांतों का उल्लंघन और आर्थिक साम्राज्यवाद का प्रतिनिधित्व करती हैं। वर्तमान में रूसी तेल सस्ता और रुपये के भुगतान पर उपलब्ध है। इसके मद ही वाशिंगटन को मास्को के साथ भारत के व्यापार पर चिढ़ है और खीझ में आ कर नये आयात कर लगा रहा है। इसी पर देश के कुछ लालची खुदगर्ज धंधेबाज अमीर निजी हित के लिए अमेरिका के साथ धंधे के लिए मरे जा रहे हैं। यह निश्चित रूप से राष्ट्रहित संबंधों की कीमत पर किया जा रहा काम है। भारतीय अवाम को ऐसे अमीरों से स्वाभाविक चिढ़ है। निश्चित ही यह एक शर्मनाक समाचार है कि भारत की कुछ कंपनी केवल टैरिफ के डर से ईरानी और रूस के साथ के सौदे को नकार रही है।

व्यापारिक मापदण्डों पर जो उचित हो, देश हित हो, वही भारतीय उद्योगपतियों को करना चाहिए। सरकार और समाज इस पर संज्ञान ले और ट्रम्प के टैरिफ ड्रामे में अमेरिकों के दर्द व हार को महसूस करे। रूस ही नहीं विश्व में किसी भी अन्य राष्ट्र के साथ आर्थिक और रक्षा संबंधों पर निर्णय में अमेरिका किसी धमकी से इच्छा थोपने का विचार ना रखे। हमारे दुश्मनों को पालने वाले शराफत का मुखैटा पहने एक शैतान देश के टैरिफ हथियार के हमले के खिलाफ हमें एक जुट हो कर लड़ना होगा।

# नौकरी लगते ही पतियों को छोड़ रही हैं आधुनिक औरतें

**यदि यही मानसिकता चलती रही, तो आने वाले वर्षों में विवाह संस्था ही खोखली हो जाएगी। पुरुष विवाह से डरेंगे, परिवार टूटेंगे, और समाज में अविश्वास की दीवारें खड़ी होंगी। स्त्रियों को यह समझना होगा कि वे केवल नौकरी पाने के लिए नहीं, बल्कि रिश्तों को निभाने के लिए भी उत्तरदायी हैं। जब कोई पति आपकी फीस भरता है, कोचिंग लगवाता है, हौसला देता है, तब वह केवल पति नहीं, एक मार्गदर्शक, एक सहायक, एक संरक्षक बनता है। और जब आप सफलता पाकर उसे छोड़ देती हैं, तो आप सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विश्वास को ठुकरा देती हैं। यह समाज अब और अधिक झूठे केस, दिखावटी आजादी और स्वार्थ की आड़ में तोड़े गए रिश्ते नहीं झेल सकता। अब वक्त आ गया है कि शिक्षा में नैतिक मूल्य जोड़ें, कानूनों में संतुलन लाएं, और समाज में यह संदेश दें कि सशक्तिकरण का अर्थ जिम्मेदारी से भागना नहीं, बल्कि उसे ईमानदारी से निभाना है।**





प्रियंका सौरभ

लेखिका

एक समय था जब पति-पत्नी का रिश्ता त्याग, प्रेम और परस्पर समर्पण का प्रतीक होता था। विवाह सिर्फ सामाजिक अनुबंध नहीं, एक गहरी भावनात्मक और आध्यात्मिक यात्रा मानी जाती थी। लेकिन आज की आधुनिकता, शिक्षा और तथाकथित ह्लअधिकार चेतनाह्व ने इस पवित्र रिश्ते को भी स्वार्थ की भट्ठी में झोंक दिया है। आज देश में तेजी से बढ़ते ऐसे मामलों पर चिंता जाहिर हो रही है जहाँ एक पति सालों मेहनत करके, मजदूरी करके अपनी पत्नी को पढ़ाता है, उसके सपनों को पंख देता है, और जैसे ही उसकी सरकारी नौकरी लगती है-वह उसी पति से कहती हैः ह्लआप कौन जी? यह सवाल अकेले एक पुरुष से नहीं पूछा जा रहा, यह सवाल उस समूचे त्याग से पूछा जा रहा है, जो एक रिश्ते को निभाने में लगाया गया था। यह सवाल उस व्यवस्था पर भी है, जिसने शिक्षा को अधिकार तो दिया, मगर ज़िम्मेदारी नहीं सिखाई। यह सवाल कानून से भी है, जिसने स्त्री को संरक्षण तो दिया, पर रिश्तों को निभाने की नैतिकता सिखाने का प्रयास नहीं किया। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ एक और विचारधारा ने समाज में गहराई से जड़ें जमा ली हैं-खुद को पहले रखो, रिश्ते बोझ हैं, ह्लस्वतंत्रता का अर्थ है किसी भी बंधन से मुक्त होनाह्व। यह सोच, विशेषकर महिलाओं को यह सिखा रही है कि विवाह, पति, परिवार केवल एक सामाजिक औपचारिकता हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर त्यागा जा सकता है। और जब शिक्षा, कानून और समाज का एक वर्ग इस सोच को बढ़ावा देता है, तो परिणाम होता है-घर टूटते हैं, विश्वास बिखरता है और पुरुषों का त्याग मजाक बन जाता है। एक गरीब पति जिसने ईंटें ढोकर, दिहाड़ी लगाकर अपनी पत्नी को पढ़ाया, उसका फॉर्म भरा, उसकी फीस दी, परीक्षा केंद्र तक छोड़ा, उसके चयन के बाद मिठाई बांटी-वही पति जब दरवाजे पर खड़ा होता है तो पत्नी कहती है-ह्लअब आपकी कोई जरूरत नहीं रही।ह्व यह वाक्य सिर्फ शब्द नहीं, यह उस संघर्ष की मौत है जिसमें रिश्ते सांस लेते थे। यह आधुनिकता का वह चेहरा है, जो चमकता तो है, पर भीतर से खोखला है। बिना किसी कारण, बिना किसी उत्पीड़न के यदि कोई पत्नी केवल नौकरी लगने के बाद पति को अस्वीकार कर दे, तो यह न सशक्तिकरण है, न स्वतंत्रता-यह एक सामाजिक अपराध है। यह उन मूल्यों की हत्या है जो भारतीय समाज की नींव हैं। यहाँ यह स्पष्ट करना जरूरी है कि हम उन स्त्रियों की बात नहीं कर रहे जो वाकई उत्पीड़न झेलती हैं, शोषित होती हैं या जिन्हें बचाव की आवश्यकता है। बात उन मामलों की हो रही है जहाँ कानून और अधिकारों का दुरुपयोग करके एक पत्नी अपने पति को केवल इसलिए छोड़ देती है क्योंकि अब वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो गई है। कानून ने महिलाओं को जो संरक्षण दिया है, वह आवश्यक है और होना भी चाहिए, लेकिन वह संरक्षण तभी तक पवित्र है जब तक उसका उपयोग हो, दुरुपयोग नहीं। आज समाज में ऐसी घटनाओं की संख्या बढ़ रही है जहाँ महिलाओं ने झूठे आरोप लगाकर न केवल अपने पतियों को, बल्कि उनके परिवारों को भी जेल भिजवा दिया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और आर्थिक रूप से तबाह कर दिया। क्या यही है नवीन भारत का पारिवारिक चेहरा? जब एक लड़की कहती है, ह्लअब मैं कमाती हूं, मुझे किसी की जरूरत नहींह्व, तो यह स्वतंत्रता नहीं, आत्ममुग्धता है। क्या आत्मनिर्भरता का अर्थ यह है कि रिश्तों को छोड़ दिया जाए? क्या नौकरी लगते ही प्रेम और त्याग की कीमत शून्य हो जाती है? क्यों नहीं यह समझाया जाता कि सशक्त स्त्री वह है जो अपनी उड़ान में भी अपने घोंसले को संजोकर रखे, न कि उड़ते ही उसे जला दे? शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि सोच में परिपक्वता लाना है। दुर्भाग्यवश आज की पढ़ाई ने यह परिपक्वता नहीं दी, बल्कि कई मामलों में आत्मकेंद्रित सोच को जन्म दिया है। आत्मनिर्भरता अगर स्वार्थ में बदल जाए, तो वह समाज के लिए एक खतरा बन जाती है। पढ़ाई के बाद यदि स्त्री अपने रिश्तों से पलायन करती है, तो यह प्रश्नचिन्ह है उस शिक्षा पर, उस सोच पर, और उस कानून पर जो उसे यह करने की छूट देते हैं। कई बार जब पत्नी पति को छोड़ती है, तब समाज चुप रहता है। महिलाएं इसे अपना अधिकार मानती हैं, और पुरुषों के पास बोलने तक की जगह नहीं होती। अगर कोई पति यह कह दे कि ह्लमैंने उसे पढ़ाया, बढ़ाया, उसका करियर बनायाह्व, तो उसे कहा जाता है कि ह्लउसने तुम्हारे ऊपर कोई एहसान नहीं किया, वह अब स्वतंत्र हैह्व लेकिन जब कोई स्त्री अपने पति के बलिदान से आगे बढ़ती है, तो क्या उस त्याग की कोई कीमत नहीं होती? क्या उसकी कोई भावनात्मक मान्यता नहीं? ाह मानसिकता अब अदालतों तक पहुँच चुकी है। न्यायालयों में ऐसे हजारों केस लंबित हैं जहाँ पुरुष अपने वैवाहिक अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं, अपने बच्चों से मिलने के लिए तरस रहे हैं, और वर्षों तक एक ऐसे रिश्ते का बोझ ढो रहे हैं जो केवल कागज पर बचा है। वे न तलाक ले सकते हैं, न नया जीवन शुरू कर सकते हैं, और न ही समाज उनकी पीड़ा समझता है। कई मामलों में तो पढ़ी-लिखी स्त्रियाँ बाहर से प्रेम संबंध जोड़ लेती हैं, पति से दूरी बना लेती हैं, और फिर कानूनी सुरक्षा के पीछे छिप जाती हैं। जब ऐसे मामलों पर कोई प्रश्न उठाता है, तो उसे महिला विरोधी, संकीर्ण सोच वाला या पितृसत्तात्मक कहा जाता है।

# भारत की अंतरिक्ष खोजों में - आकाशगंगा के रहस्य खोलती -एस्ट्रोसैट की नजर

**जब यह पदार्थ ब्लैकहोल में गिरता है, तो वह अत्यधिक गर्म हो जाता है और एक्स-रे विकिरण उत्सर्जित करता है। यही एक्स-रे विकिरण एस्ट्रोसैट जैसे उपकरणों द्वारा दर्ज किया जाता है, और इन डेटा की व्याख्या करके वैज्ञानिक ब्लैकहोल के व्यवहार को समझता है। क्रफ्ड ने कहा है कि ऋफ्र 1915+105 केवल एक ब्लैकहोल नहीं, बल्कि एक ब्रह्मांडीय प्रयोगशाला है। यह अपने तेज, दोहराए जाने वाले व्यवहारों से यह समझने में मदद करता है कि पदार्थ जब चरम गुरुत्वाकर्षण में प्रवेश करता है, तो वह कैसे व्यवहार करता है। इससे जुड़े निष्कर्ष न केवल ब्लैकहोल भौतिकी की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि सापेक्षता के सिद्धांत, प्लाज्मा भौतिकी, और क्वांटम गुरुत्व जैसे क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक हैं।**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा

लेखक

ब्रह्मांड अनगिनत रहस्यों से भरा हुआ है। उनमें सबसे रहस्यमयी और शक्तिशाली तत्व है ब्लैकहोल। इन अदृश्य दानवों की कोई सीधी तस्वीर नहीं होती, लेकिन इनके गुरुत्वीय प्रभाव इतने जबरदस्त होते हैं कि यह समय, प्रकाश और पदार्थ, सब कुछ निगल जाता है। हाल ही में भारत की अंतरिक्ष वेधशाला एस्ट्रोसैट ने एक बेहद शक्तिशाली ब्लैकहोल 915+105 की गतिविधियों का गहराई से अध्ययन किया है और इसके जरिए ब्रह्मांड के कई रहस्यों पर से पर्दा हटाया है। यह ब्लैकहोल पृथ्वी से लगभग 28,000 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है और इसका द्रव्यमान सूर्य से लगभग 12 गुणा अधिक है। यह ब्लैकहोल मिल्की वे (आकाशगंगा) के एक दूरस्थ कोने में स्थित है और पिछले 10 वर्षों से खगोलविदों की निगाहों में है। इसका नाम 1915+105ह्व है और इसे वैज्ञानिक एक ब्रह्मांडीय प्रयोगशाला मानता हैं, जहां समय-समय पर ऐसे व्यवहार और घटनाएं देखी जाती हैं जो ब्लैकहोल की आंतरिक प्रक्रियाओं को समझने में मदद करता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा 2015 में प्रक्षिप्त किया गया एस्ट्रोसैट भारत का पहला स्पेस-ऑब्जवेटरी मिशन है जो एक्स-रे, पराबैंगनी, और दृश्य प्रकाश जैसे कई तरंगदैर्ध्यों में खगोलीय पिंडों का अध्ययन करता है। एस्ट्रोसैट ने 1915+105 के डेटा को लगातार रिकॉर्ड कर, इस ब्लैकहोल के चमकने और मंद पड़ने के अनोखे व्यवहार को समझने में वैज्ञानिकों की मदद की है। एस्ट्रोसैट और अन्य सहयोगी संस्थानों के वैज्ञानिकों गुवाहाटी और हाइफा यूनिवर्सिटी, इजराइल) ने पाया कि यह ब्लैकहोल कुछ अनोखी झिलमिलाहट प्रदर्शित करता है जो 70 बार दोहराई गई इसे वैज्ञानिक भाषा में कहा जाता है। इन झिलमिलाहटों के दौरान ब्लैकहोल की एक्स-रे चमक तेजी से बढ़ती-घटती है। यह प्रक्रिया कुछ सौ सेकेंड तक चलती है और दो अलग-अलग अवस्थाओं में बदलती रहती है, उच्च चमक अवस्था और कम चमक अवस्था। लैकहोल के इन व्यवहारों का कारण है इसके चारों ओर स्थित अति-ऊजार्वान प्लाज्मा का बादल, जिसे वैज्ञानिक कॅरोना कहते हैं। जब ब्लैकहोल उच्च चमक अवस्था में होता है, तो कॅरोना सघन, छोटा और अत्यधिक गर्म हो जाता है। जब यह मंद चमक अवस्था में जाता है, तो कॅरोना फैलता है और ठंडा पड़ जाता है। यही कॅरोना की सघनता और तापमान में बदलाव इस झिलमिलाहट के मुख्य कारण माने जा रहे हैं। इस खोज ने ब्लैकहोल की ऊर्जा प्रक्रियाओं को समझने में एक नया मार्ग खोल दिया है। 1915+105 एक युग्म तारा प्रणाली का हिस्सा है। यानि, यह ब्लैकहोल एक साथी तारे के साथ जुड़ा है और दोनों एक-दूसरे की परिक्रमा करते हैं। यह साथी तारा धीरे-धीरे अपना पदार्थ खोता जा रहा है, जिसे ब्लैकहोल ग्रहण करता है। जब यह पदार्थ ब्लैकहोल में गिरता है, तो वह अत्यधिक गर्म हो जाता है और एक्स-रे विकिरण उत्सर्जित करता है। यही एक्स-रे विकिरण एस्ट्रोसैट जैसे उपकरणों द्वारा दर्ज किया जाता है, और इन डेटा की व्याख्या करके वैज्ञानिक ब्लैकहोल के व्यवहार को समझता है। क्रफ्ड ने कहा है कि ऋफ्र 1915+105 केवल एक ब्लैकहोल नहीं, बल्कि एक ब्रह्मांडीय प्रयोगशाला है। यह अपने तेज, दोहराए जाने वाले व्यवहारों से यह समझने में मदद करता है कि पदार्थ जब चरम गुरुत्वाकर्षण में प्रवेश करता है, तो वह कैसे व्यवहार करता है। इससे जुड़े निष्कर्ष न केवल ब्लैकहोल भौतिकी की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि सापेक्षता के सिद्धांत, प्लाज्मा भौतिकी, और क्वांटम गुरुत्व जैसे क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। इस शोध में न केवल भारत के वैज्ञानिक शामिल थे, बल्कि इजराइल के हाइफा विश्वविद्यालय जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थान भी भागीदार थे। यह साझेदारी यह दशार्ता है कि भारत अंतरराष्ट्रीय खगोलविज्ञान समुदाय में अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय खिलाड़ी बन चुका है। एस्ट्रोसैट के डेटा से निकले निष्कर्षों को अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में स्थान मिल रहा है, और यह वैश्विक विज्ञान समुदाय में भारत की वैज्ञानिक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दे रहा है।ब्लैकहोल भले ही अंधकारमय और भयावह लगता है, लेकिन इनकी मौजूदगी से जुड़े शोध हमारे अस्तित्व और ब्रह्मांड की उत्पत्ति की कहानियों के करीब ले जाता है। यह न केवल ब्रह्मांड की ऊर्जा संरचना को समझने में मदद करता है, बल्कि यह समय और स्थान की चरम सीमाओं का प्रतिनिधित्व भी करता है। 1915+105 जैसे ब्लैकहोल सिखाता हैं कि अंतरिक्ष केवल शून्य नहीं है, बल्कि विकास, विनाश और पुनर्निर्माण का केंद्र भी है। भारत की अंतरिक्ष वेधशाला एस्ट्रोसैट ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी विकास में भारत किसी से पीछे नहीं है। 1915+105 पर आधारित यह अध्ययन न केवल खगोल विज्ञान में योगदान है, बल्कि भारत के नवाचार, वैज्ञानिक जिज्ञासा और वैश्विक वैज्ञानिक मंच पर उसकी प्रासंगिकता का भी परिचायक है। भविष्य में, जैसे-जैसे अंतरिक्ष की और गहराइयों में प्रवेश करेंगे, ऐसे ही ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारे, और अन्य ब्रह्मांडीय घटनाएं समझ को और अधिक समृद्ध करेंगी, और भारत इस यात्रा में एक अग्रणी देश के रूप में उभरेगा।

# एआई की छाया में सोच की समाप्ति?

डॉ. सत्यवान सौरभ

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज के युग का सबसे बड़ा आविष्कार है। यह मनुष्य की बुद्धि और काम करने के तरीके को बदल देने की शक्ति रखता है। परन्तु हर तकनीक की तरह इसके भी दो पहलू हैं-एक वह जो सहायता करता है, और दूसरा वह जो धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता को समाप्त करता है। आजकल हर व्यक्ति चाहे वह विद्यार्थी हो, शिक्षक हो, लेखक हो, पत्रकार हो या कोई आम नागरिक, अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान एआई से ढूंढने लगा है। लेख लिखने से लेकर निबंध, प्रोजेक्ट, उत्तर, कविता, कहानी, विचार, भाषण-सब कुछ अब एक बटन दबाते ही सामने होता है। यह सुविधाजनक है, समय बचाता है, लेकिन क्या यह हमारे मस्तिष्क को निष्क्रिय नहीं कर रहा? मनुष्य का मस्तिष्क एक जीवित रचना है। यह उतना ही तेज होता है जितना अधिक उसका प्रयोग किया जाए। जैसे शरीर की मांसपेशियाँ कसरत से मजबूत होती हैं, वैसे ही मस्तिष्क चिंतन, मनन, कल्पना और अनुभव से विकसित होता है। यदि उसे सोचने की आवश्यकता न रहे, तो वह धीरे-धीरे निष्क्रिय हो जाता है। जब हम हर प्रश्न का उत्तर तैयार रूप में एआई से ले लेते हैं, तो हम सोचने, विश्लेषण करने और नया उत्पन्न करने की शक्ति खोने लगते हैं। यह प्रक्रिया धीरे-धीरे हमारी सृजनात्मकता को कमजोर कर रही है। रचनात्मकता केवल सुंदर शब्दों का मेल नहीं है, वह हमारी आत्मा, अनुभव और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। जब हम किसी कविता को आत्मा से लिखते हैं, तब उसमें हमारी पीड़ा, प्रेम, विचार और दृष्टि झलकती है। परन्तु जब वही कार्य मशीन कर देती है, तब शब्द तो होते हैं पर आत्मा नहीं होती। बच्चों और युवाओं पर इसका प्रभाव और भी गहरा है। आज के छात्र जब अपना गृहकार्य, निबंध या उत्तर एआई से बना रहे हैं, तो वे केवल उत्तर प्राप्त कर रहे हैं, सीख नहीं रहे। वे केवल लिख रहे हैं, सोच नहीं रहे। इसका सीधा प्रभाव उनकी समस्या सुलझाने की क्षमता पर पड़ रहा है। उन्हें तुरंत उत्तर की आदत लग रही है, जबकि जीवन में समस्याएँ जटिल होती हैं, जिनका उत्तर कोई मशीन नहीं दे सकती। शिक्षकों और लेखकों पर भी इसका असर हो रहा है। अब बहुत से शिक्षक एआई से उत्तर बनवाकर छात्रों को दे रहे हैं। पत्रकार भी समाचारों को एआई से लिखवा रहे हैं। इससे मौलिक सोच, गहराई और वैचारिक परिपक्वता समाप्त हो रही है। ज्ञान का स्थान सूचना ने ले लिया है, और समझ का स्थान गति ने। लेकिन क्या यह मनुष्य के बौद्धिक पतन की शुरूआत नहीं है? कुछ लोग कहते हैं कि एआई से सीधे मस्तिष्क के न्यूरॉन नष्ट नहीं होते, परंतु यह सच है कि जब मस्तिष्क का प्रयोग कम होता है, तो उसकी सक्रियता कम हो जाती है। यदि हम सोचने की प्रक्रिया को छोड़ देंगे, तो हमारी स्मृति, एकाग्रता, विश्लेषण और कल्पना की शक्ति अवश्य घटेगी। यह धीरे-धीरे मानसिक आलस्य, निर्भरता और रचनात्मक जड़ता में बदल सकता है। समय था जब छात्र कागज और कलम लेकर बैठते थे, घंटों सोचते थे, मिटाते थे, फिर से लिखते थे, तब जाकर कोई रचना बनती थी। अब केवल एक प्रश्न टाइप करना है और उत्तर मिल जाता है। यह सुविधा है या बौद्धिक गुलामी? मानव जाति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सोचने की शक्ति है। हमने भाषा, संस्कृति, विज्ञान, साहित्य, संगीत, कला और धर्म इसी सोच से उत्पन्न किए। यदि यही सोच मशीनों को सौंप दी जाए, तो मनुष्य क्या केवल उपभोक्ता बनकर रह जाएगा? कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विरोध नहीं किया जा सकता, न ही यह आवश्यक है। परन्तु उसका विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है। हमें उसे साधन की तरह अपनाना चाहिए, साध्य की तरह नहीं। एआई को हमें सहायता करने देना चाहिए, परन्तु निर्णय, विवेक और रचना हमें स्वयं करनी चाहिए। यदि कोई कवि केवल एआई से कविता बनवा रहा है, कोई शिक्षक केवल एआई से पाठ तैयार कर रहा है, कोई छात्र केवल एआई से उत्तर लिख रहा है, तो यह बौद्धिक आत्मसमर्पण है। यह सोचने की क्षमता का धीरे-धीरे खत्म हो जाना है। हमें चाहिए कि हम एआई का प्रयोग सीमित और बुद्धिमत्तापूर्वक करें। हमें अपनी सोचने की आदत को बनाए रखना चाहिए। सप्ताह में कुछ दिन बिना एआई के काम करें, विचार करें, लिखें, संवाद करें। बच्चों को मौलिक सोच सिखाएं, प्रश्न पूछना सिखाएं, उत्तर खोजने का अभ्यास कराएं। हमारी रचनात्मकता, हमारी सोच, हमारी भाषा और हमारे विचार हमारी सबसे बड़ी पूँजी हैं। उन्हें मशीनों के हवाले करना आत्मघाती होगा। कल्पना कीजिए एक ऐसी पीढ़ी की, जो हर विचार, हर उत्तर, हर योजना के लिए एआई पर निर्भर हो। क्या वह पीढ़ी आत्मनिर्भर कहलाएगी? क्या वह सृजन कर सकेगी? क्या उसमें विचारों की आग होगी? यदि नहीं, तो हमें आज ही रुककर सोचना चाहिए। तकनीक हमारी दासी होनी चाहिए, रानी नहीं। हम मशीनों से तेज नहीं होंगे, यदि हम खुद सोचना छोड़ देंगे। हम तब ही श्रेष्ठ रहेंगे जब हम अपनी मौलिकता, अपनी रचनात्मकता और अपने चिंतन को जीवित रखेंगे। आज आवश्यकता है एक नयी दृष्टि की, जो एआई का संतुलित उपयोग करना सिखाए।

# भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक ने की एसआईआर की समीक्षा

## प्रथम चरण के कार्य पर जतायी संतुष्टि, दावा आपत्ति को भी सफल बनाने का दिया निर्देश

### पुनरीक्षण बड़ा अभियान है, सामुहिक प्रयास से इसके पहले चरण को बहुत ही सफलतापूर्वक संपन्न किया गया: होदा

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा । मैं यहां आ कर बहुत प्रसन्न, संतुष्ट और प्रभावित हुआ। सारण की उच्च अधिकारियों से लेकर ग्राउंड स्तर की टीम काफी सक्षम है। उक्त बातें भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक निर्वाचक सूची नजमुल होदा ने सारण के परिभ्रमण के दौरन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद कहीं। उन्होंने कहा कि आप सभी ने कमाल का काम किया है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैंने महसूस किया कि सभी लोगों ने दक्षता के साथ अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन किया है। मैं इसकी रिपोर्ट विशेष रूप से निर्वाचन आयोग से करूंगा। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण एक बहुत बड़ा अभियान है। मगर आप सभी ने सामुहिक प्रयास से इसके पहले चरण को बहुत ही सफलतापूर्वक संपन्न किया है। भारत निर्वाचन आयोग की स्पष्ट मंशा है कि कोई योग्य मतदाता छूटे नहीं। पहले चरण के पूरा होने पर आयोग का भरोसा बढ़ा है। फिल्ड में जो चर्चा थी उसे आप सभी ने निरर्थक सिद्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि कमियों को लेकर आयोग बहुत सजग है। जिसे अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के पूर्व सटीक तरीके से पूरी पारदर्शिता के साथ हल किया जाने का टास्क पूरा करना है। यह अभियान विलोपन का नहीं बल्कि समविलयन का है। पूर्व में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने पीपीटी के माध्यम से एक माह के गतिविधियों को बिन्दुवार प्रस्तुत किया। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट प्रोफाइल प्रस्तुत करते हुए बताया कि ड्राफ्ट रोल में 28,60,885 कुल निर्वाचक



के नाम शामिल किए गए हैं। जिसमें 15,07,330 पुरुष, 13,53,541 महिला, 14 थर्ड जेंडर, 24,842 दिव्यांग, 85 वर्ष से अधिक के 16,879, सर्विस निर्वाचक 11,039 निर्वाचक शामिल हैं। 27,3,232 मतगणना फॉर्म वापस प्राप्त नहीं हुए। जिनका सत्यापन बीएलओ और राजनैतिक दलों के सहयोग और उनके बीएलए के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व से स्थापित 3039 मतदान केंद्र युक्तिकरण के बाद बढ़ कर 3510 हो गयी है। सभी नए बूथ पर बीएलओ की प्रतिनियुक्ति कर ली गयी है। निर्वाचक के दस्तावेज को लेकर कोई परेशानी नहीं है। 95 फीसद से ऊपर लोगों का सत्यापन 2003 की मतदाता सूची से हो जा रहा है। विकास रजिस्टर और पारिवारिक सूची से सहायता मिल रही है। दावा-आपत्ति कार्यक्रम को भी गम्भीरता से लिया जा रहा है। विशेष कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। जिनके पास कोई दस्तावेज नहीं उनके लिए आगामी सप्ताह में प्रखंड और पंचायत स्तर पर कैंप लगा कर मान्य प्रमाणपत्र बनाने की योजना है। अभियान के दौरान राजनीतिक दल, मुखिया, पीडीएस डीलर, जीविका, सेविका, सुपरवाइजर, विकास मित्र आदि के साथ बैठक और संवाद कर भ्रांतियां दूर करने के साथ सहयोग लिया गया है। पुनः दावा-आपत्ति में भी सभी हितधारकों को सक्रिय किया जाएगा। प्रमंडलीय निर्वाचक सूची प्रेक्षक सह आयुक्त राजीव रौशन ने कहा कि एसआईआर के प्रथम चरण में कोई बड़ी दिक्कत या शिकायत नहीं आयी। फाइनल रोल भी त्रुटि रहित होगा और हर योग्य निर्वाचक को जोड़ लिया जाएगा। प्रेक्षक ने बैठक में उपस्थित सभी ईआरओ और एईआरओ से एक-एक कर फीड बैक लिया। इस दौरान क्षेत्र में आने वाली दिक्कत, भ्रांतियां, शिकायत को जाना। उनसे छूटे हुए लोगों के नाम जोड़ने को प्राथमिकता देने को कहा। प्रेक्षक महोदय को अंगवस्त्र और गजग्राह का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने किया। इस अवसर पर डीआईजी श्री निलेश कुमार, एएसपी डॉ कुमार आशीष, एसपी ग्रामीण श्री संजय कुमार, उप विकास आयुक्त श्री यतेंद्र कुमार पाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रविन्द्र कुमार समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## ठनका गिरने से चार झोपड़ीनुमा घर जलकर हुआ खाक

### एक वृद्ध महिला व एक मवेशी झुलसकर हुए गम्भीर रूप से घायल

प्रातः किरण, संवाददाता



अमनौर। प्रखण्ड के अमनौर कल्याण पंचायत स्थित पुरैना दलित बस्ती गांव में शनिवार की रात्रि अचानक तड़का गिरने से चार फुस के घर चलकर खाक हो गई।इस दौरान एक महिला एक मवेशी बुरी तरह झुलस गई है।महिला को ग्रामीण आनन फानन में सामुदायिक अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टर ने महिला की दयनीय स्थिति को देखते हुए छपरा रेफर कर दिया।घायल महिला लालजी राम की पत्नी शनिचरी देवी 81 वर्ष बताया जाता है।पीड़ित परिजनों ने बताया कि सभी परिजन खाना खाकर शो गए।हल्का हल्का वर्ष हो रही थी।अचानक गर्जन हुआ।बिजली के गिरने का पता नही चल पाया।कुछ देर बाद आग के उठती साफ देख लोग चिल्लाने लगे।लोगो की आवाज सुन झोपड़ी से निकले।आनन फानन में झोपड़ी से निकल भागे।तबतक आग की लपट बढ़ गई।लोटा बाल्टी के सहारे आग पर काबू करना चाहा सब कुछ ब्यर्थ रहा।इसी दर्ब्यान झोपड़ी में सोई हुई एक महिला व एक पारी बुरी तरह झुलस गए।अग्नि पीड़ित राजेन्द्र राम गणेश राम महेश राज किशोर राम ने बताया कि आग लगने से जान माल के साथ सबकुछ नष्ट हो गया।इन्होंने बताया कि आगलगी से घर के उपस्कर बर्तन दो साइकिल अनाज कपड़ा नगदी पेटी एक मोटरसाइकिल दो मुर्गी जलकर खाक हो गया।घटना को सुन बिकाश मित्र अनिल कुमार राम कर्मचारी योगेश मण्डल दलित नेता अर्जुन राम मौके पर पहुँच पीड़ित परिजनों को ढांढस बाधा।मवेशी डॉक्टर पहुँच मवेधी का उपचार किया।आगलगी की हुई घटना के दौरान गांव में हड़कम्प मंची हुई थी।बरसात की इस घड़ी में पीड़ित परिजन घर से बेघर हो चुके है सब कुछ जल चुका है।इनका जीवन यापन कैसे चलेगा यह सोच सोच कर रो रहे थे।

## राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर चलाया गया जन जागरूकता अभियान

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। शहर के राजेंद्र स्टेडियम और हनुमान मंदिर के पास दधीचि देहदान समिति छपरा इकाई ने राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर जन जागरूकता अभियान जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें शहर के लोगों को दधीचि देहदान समिति के भिन्न कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया संस्था के संरक्षक जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख अरुण पुरोहित ने आज अपने नेत्रदान का संकल्प अपने 11 लोगों के साथ मिलकर किया और समाज से अपील किया कि इस नेक कार्य में आप सभी आगे आए, वरीय उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने आज अंगदान दिवस की महता में लोगों को जागरूक किया सचिव प्रणव सिंह ने लूपिन डायग्नोस्टिक के साथ मिलकर जांच कैंप का आयोजन किया जिसमे लगभग 150 लोगो ने निशुल्क जांच करवाए अध्यक्ष संजीव चौधरी ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि इस नश्वर शरीर को एक दिन खाक में मिल जाना ही है तो क्यों न ऐसा काम करे ताकि अपने देहदान से 8 लोगो के जिंदगी बचाया जा सकें, विजय मिश्रा ने आज रक्तदान के बाद लोगों को नेत्र बैंक की जरूरत पर बल दिया ताकि छपरा के लोगों को पटना जाने की आवश्यकता नहीं होगी इस आयोजन में रंजन , दीपक , दिलीप , सुधाकर , सतीश , विशाल , रौशन , अभय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सोनपुर से शराब माफिया दीपक राय को पुलिस ने किया गिरफ्तार, लंबे अरसे से था फरार

- दर्जनों कांडों में संलिप्त था वर्षों से फरार शराब माफिया

प्रातः किरण, संवाददाता




छपरा ग्रामीण । बिहार में शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। कई मामलों में फरार चल रहे शराब माफियाओं को गिरफ्तार किया जा रहा है।

सारण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब से जुड़े एक बड़े और अवैध कारोबारी को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि दीपक राय को अवैध शराब के आधा दर्जन से अधिक मामलों में संलिप्त है। उन्होंने कहा की सारण जिले के सोनपुर थाने में आरोपी पर करीब छः मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर चहारम गांव का निवासी चंदेश्वर राय का पुत्र दीपक राय है। एसएसपी ने बताया कि सारण जिले में मधनिषेध के दर्ज कांडों में फरार शराब व्यवसायियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है और इसके लिए जिले के विभिन्न थानों में अलग-अलग विशेष टीम गठित की गई है। उन्होंने बताया कि मद्यनिषेध के कांडों में कई वर्षों से फरार चल रहें अभियुक्त दीपक राय को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज पर भी टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है।बिहार में शराबबंदी लागू है, और पुलिस शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। शराब के अवैध कारोबार में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है, और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।आरोपी पर शराब से जुड़े करीब आधा दर्जन हैं मामले थानों में दर्ज

आरोपी पर सारण जिले के सोनपुर थाना में हैं दर्जनों कांड दर्ज वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शराब के अवैध कारोबारी पर सोनपुर थाना में कांड संख्या 387/18, धारा-30 (ए) बि०उ०म०नि०, सोनपुर थाना कांड संख्या 523/18, धारा-30 (ए) बि०उ०म०नि०, सोनपुर थाना कांड संख्या 512/12, धारा-30 (ए) बि०उ०म०नि०, सोनपुर थाना कांड संख्या 322/23, धारा-30 (ए) बि०उ०म०नि०, सोनपुर थाना कांड संख्या 821/24, धारा-30 (ए) बि०उ०म०नि०, सोनपुर थाना कांड संख्या 1072/24, धारा-30 (ए) बि०उ०म०नि० में शामिल है।गिरफ्तार अभियुक्त के ठिकाने पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष सोनपुर एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

## समाजसेवी धर्म प्रचारक पं अरुण पुरोहित ने अपने 11 लोगों के साथ लिया नेत्रदान का शपथ

छपरा सदर। रविवार को शहर के राजेंद्र स्टेडियम और हनुमान मंदिर के पास दधीचि देहदान समिति छपरा इकाई ने राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर जन जागरूकता अभियान जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें शहर के लोगों को दधीचि देहदान समिति के भिन्न कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया । संस्था के संरक्षक जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख अरुण पुरोहित ने अपने नेत्रदान का संकल्प अपने 11 लोगों के साथ मिलकर किया और समाज से अपील किया कि इस नेक कार्य में आप सभी आगे आए, वरीय उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने अंगदान दिवस की महता में लोगों को जागरूक किया । सचिव प्रणव सिंह ने लूपिन डायग्नोस्टिक के साथ मिलकर जांच कैंप का आयोजन किया जिसमे लगभग 150 लोगो का निशुल्क जांच किया किया । अध्यक्ष संजीव चौधरी ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि इस नश्वर शरीर को एक दिन खाक में मिल जाना ही है तो क्यों न ऐसा काम करे ताकि अपने देहदान से 8 लोगो के जिंदगी बचाया जा सकें, विजय मिश्रा ने आज रक्तदान के बाद लोगों को नेत्र बैंक की जरूरत पर बल दिया ताकि छपरा के लोगों को पटना जाने की आवश्यकता नहीं होगी । इस आयोजन में रंजन , दीपक , दिलीप पोद्दार, सुधाकर प्रसाद विक्की, सतीश , विशाल, रौशन, अभय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दर्जनों कार्यकर्ता ने सैकड़ो लोगों को जागरूक किया ।मीडिया प्रभारी शशि शेखर सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत तथा धन्यवाद ज्ञापन रंजन जी ने किया।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

छपरा कार्यालय।इनर व्हील क्लब,छपरा के द्वारा रविवार को विश्व स्तन पान सप्ताह के अवसर पर शशि हॉस्पिटल, भगवान बाजार, पंच मन्दिर में एक जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एवम मुख्य वक्ता डॉक्टर अभिषेक हर्षवर्धन थे। डॉ. हर्षवर्धन ने अपने सम्बोधन में कहा कि मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है।मां की दूध से बच्चे की इम्यूनिटी सिस्टम बनता है। पाचन शक्ति को बढ़ाता है, हड्डियों को मजबूत करता है, मानसिक रूप से बच्चो का विकाश होता है।सचिव श्रीमति अर्चना रस्तोगी ने भी मां की दूध का महत्व बताया।क्लब की अध्यक्ष प्रिया ने सभी अतिथियों, महिलाओ और हॉस्पिटल के पूरी टीम को धनयबाद और आभार जताया।बताते चले की विश्व स्तनपान सप्ताह पूरे विश्व में एक अगस्त से सात अगस्त तक मनाया जाता है।

## क्रिकेट संघ की सामान्य बैठक संपन्न

छपरा कार्यालय। रविवार को सारण जिला क्रिकेट संघ के स्पेशल जनरल मीटिंग होटल अमिताश सलेमपुर छपरा में संपन्न हुआ जिसमें सारण जिला क्रिकेट संघ के चुनाव को संपन्न कराने हेतु चुनाव अधिकारी के रूप में अधिवक्ता श्री ज्ञान सिंह एवं अमितेश्वर सहाय की नियुक्ति की गई ।इसकी सूचना बिहार क्रिकेट संघ को दे दिए गए इस बैठक में सारण जिला क्रिकेट संघ के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित हुए इस अवसर पर सारण जिला क्रिकेट संघ की अध्यक्ष श्रीमती इन्दु कुमारी. सचिव रजनीश कुमार सिंह. संयुक्त सचिव चन्दन शर्मा. कोषाध्यक्ष नीलम कुमारी. पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह. सुनील कुमार सिंह. राजन प्रसाद यादव. रविंद्र प्रसाद यादव .डॉ सुरेश प्रसाद सिंह. रमेश कुमार सिंह. कैशर अनवर. कुन्दन शर्मा .रंजन यादव .रोहित यादव. गजल मोहम्मद. रंजन कुमार. राहुल कुमार .लोकेश कुमार. आनन्द सिंह .साहिल पांडे .साकिर इकबाल. राजेश कुमार. संतोष कुमार .धीरज सैनी .सूरज कुमार. इत्यादि लोग उपस्थित इसकी जानकारी सारण जिला क्रिकेट संघ की अध्यक्ष इन्दु कुमारी ने दी

## लियापी फेडरेशन का हुआ चुनाव, अजय बने अध्यक्ष

इसुआपुर ।प्रखंड मुख्यालय स्थित पार्टी जोन में लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले अभिकताओं की बैठक हुई। अभिराम सिंह की अध्यक्षता में मढ़ौरा शाखा के लिए संगठनात्मक चुनाव हुआ।जिसमें सर्वसम्मति से अजय कुमार सिंह को शाखा अध्यक्ष चुना गया।वहीं रणविजय प्रसाद को सचिव, संतोष कुमार सिंह, मदन मोहन गिरी एवं सुरेश राय को उपाध्यक्ष तथा रोहन कुमार को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।सभा को संबोधित करते हुए अजय कुमार तिवारी ने कहा कि लियापी अभिकताओं के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन से सतत संवाद करता है।साथ ही कहा कि नव चयनित टीम का मुख्य उद्देश्य अभिकताओं एवं शाखा प्रबंधक के बीच कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं को मंडल स्तर तक पहुंचा कर समाधान कराना होगा।चुनी गई टीम का कार्यकाल 2 वर्षों का रहेगा।इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार, मंडल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, डॉ रणंजय कुमार सिंह, प्रमोद सिंह, उपेंद्र सिंह, अजय कुमार तिवारी, मोतीलाल सिंह, हसन महमूद अंसारी, गुरु चरण श्रीवास्तव, पीएनडी चतुवेर्दी, अजहरुद्दीन अंसारी समेत सैकड़ों अभिकर्ता मौजूद थे।

## दिन दहाड़े अपराधी हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से नब्बे हजार रुपया लूटा

अमनौर। एस एच 73 मुख्य मार्ग स्थित अमनौर सोन्हो मुख्य पथ के बीच ढोरलाही नारा के पास संचालित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के लिंक ब्रांच अपहर के सीएसपी से दिन दहाड़े अपराधियो ने लाखों रुपया लूट कर फरार हो गए।घटना रविवार की सुबह की हैं ।सीएसपी संचालक पैसा वितरण के साथ ऑन लाइन कार्य सम्पादित करता था।इस सीएसपी से रविवार को भी पैसा क्रय बिक्रय होते रहता था।सीएसपी संचालक दिनेश कुमार उर्फ डब्लू साढ़े नौ बजे के करीब घर से चलकर बैंक के पास पहुँचे।जहाँ दुकान खोलकर साफ सफाई करने के बाद कुछ काम कर रहा था।एक बैंग में पैसा मोबाइल रखा था।अचानक दो बाइक से चार की संख्या में अपराधी आ धमके ।चारो युवा वर्ग में थे।सभी के हाथों में बंदूक था।अमनौर बाजार की तरफ से आये सीएसपी में घुस कर गाली गलूज किया।हथियार के बल बैग में रखा पैसा मोबाइल ले लिया।फिसिटीवी कैमरा को नोच कर सोनहो मार्ग की तरफ फरार हो गए।अपराधियो के भागने के पश्चात सीएसपी संचालक शोर मंचाया।हो हल्ला सुन आस पास के ग्रामीण एकत्र हो गए।गुस्साए ग्रामीण अमनौर सोनहो पथ को जाम कर पुलिस अधिकारी के बिरुद्ध नारेबाजी करने लगे।सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार मौके पर पहुँचे।आक्रोशित लोगों को समझाया बुझाया सड़क से हटाया।फिर मामले का शिनाख्त करने में जुट गए।इसके कुछ देर बाद मढ़ौरा डीएसपी नरेश पश्वान पहुँचे।घटना की तहकीकात कर छापेमारी में जुट गए। सीएसपी संचालक दिनेश कुमार सिंह उर्फ डबलू दिब्यानग ब्यक्ति है।इस दुकान से अपना जीवन यापन करता था।

## गहन पुनरीक्षण अभियान में राजनीतिक दलों का सहयोग सराहनीय: प्रेक्षक

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचक सूची विशेष प्रेक्षक वरीय आईपीएस अधिकारी नजमुल होदा ने रविवार को सारण आगमन पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों की तैयारी से मैं बहुत संतुष्ट हूं। अभियान को सफल बनाने में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने सभी दल के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त करते हुए बारी-बारी से उनका अनुभव पुछा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सामने आयी कठिनाई, शिकायत और सुझाव को विशेष रूप से मुझे बताएं। मैं इसकी रिपोर्ट सीइओ बिहार और निर्वाचन आयोग को दूंगा। उन्होंने कहा कि सभी दल बीएलए-टू बनाने में सक्रियता दिखाएं। ऐसे लोगों का चयन करें जो समर्पित हों। जिले में स्थापित कुल 3510 मतदान केंद्र के सापेक्ष उनकी नियुक्ति को सुनिश्चित करें। विशेष रूप से अपने बीएलए को प्रशिक्षित करें। क्या करना है और क्या नहीं करना है बताएं। उन्हें समझाएं कि निर्वाचक सूची में शामिल होने से कोई योग्य व्यक्ति वंचित न रहे और किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम शामिल न रहे। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उनकी भूमिका अहम है। प्रारूप सूची से छुटे हुए लोगों



की पहचान कर उनसे दावा-आपत्ति दिलाएं। मतदाताओं को दस्तावेज की उपलब्धता में सहयोग करें। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा लगाए जाने वाले विशेष कैंप तक उनको लाएं। सूची में गलती से शामिल लोगों को चिन्हित कर सूची के शुद्धीकरण में सहयोग करें। दूसरी तरफ दल के प्रतिनिधियों ने एसआईआर के पूरे अभियान के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री अमन समीर और उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री जावेद एकबाल के स्तर से हर प्रकार की सूचना उपलब्ध कराने, समय समय पर बैठक करने और सभी प्रकार के पत्र और मैटेरियल साझा करने की जानकारी देते हुए अपनी संतुष्टि जतायी। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट प्रकाशन के साथ ही उन्हें सॉफ्ट और हार्ड कॉपी में सूची उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने पूरा अभियान पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित किया है। हमें सारण जिला प्रशासन से हर प्रकार का सहयोग मिलता है और हम पूरी तरह संतुष्ट हैं। सुझाव के दौरान दस्तावेज को और सरल करने, छुटे हुए लोगों की सूची बूथवार उपलब्ध कराने आदि की बात कही। प्रेक्षक महोदय ने कहा कि इस सुझावों को वे आयोग तक पहुंचाएंगे। बैठक में भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री रणजीत कुमार सिंह, राजद के कार्यालय सचिव श्री उपेंद्र कुमार, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री बच्चू प्रसाद बीरू, जदयू के जिला प्रवक्ता मो फिरोज, सीपीआईएम के श्री दलन यादव, बसपा के जिला महासचिव श्री गोपाल राम, रालोसपा के जिलाध्यक्ष डॉ अशोक कुशवाहा, सीपीआई एमएल के श्री दीपांकर कुमार मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री जावेद एकबाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा में शुरू हुआ प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर

- शिविर का विधिवत उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक डॉ. विकास कुमार सिंह के द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(समग्र शिक्षा)के पत्र के आलोक में सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा के प्रांगण में भारत स्काउट और गाइड सारण के द्वारा प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।यह प्रशिक्षण शिविर विद्यालय के स्काउट एवं गाइड स्वयंसेवको के व्यक्तित्व विकास,अनुशासन,टीम भावना और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

शिविर का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक डॉ० विकास कुमार सिंह के द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। शिविर का संचालन सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के स्काउट मास्टर प्रमोद कुमार सिंह एवम गाइड कैप्टन श्रीमती शारदा शर्मा के नेतृत्व में किया जा रहा है।वही शिविर सहायक के रूप में जिला स्कूल छपरा की गाइड कैप्टन कल्पना,जिला प्रशिक्षक प्रणव एवम आशुतोष कुमार को नियुक्त किया गया है। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्रबंधक डॉ० विकास कुमार सिंह ने कहा की प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को स्काउटिंग की मूलभूत बातें जैसे झंडा गीत, प्राथमिक सहायता,गांठें बांधना,ध्वज शिष्टाचार,स्काउट गाइड नियम और प्रतिज्ञा,शिविर जीवन,अनुशासन एवं देशभक्ति से संबंधित गतिविधियाँ कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण से बच्चो के अंदर शारीरिक,मानसिक एवम नैतिक विकास होता है।

## 7 एवं 8 अगस्त को दो दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा द्वारा दिनांक 7 एवं 8 अगस्त को दो दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दो प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाएगी। यह कैम्प अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा (बाजार समिति परिसर) में आयोजित होगा। दोनों दिन यह कैम्प पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक चलेगा। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है तथा पंजीकरण हेतु किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।पहले दिन, यानी 7 अगस्त को, कैशपोर माइक्रो क्रेडिट संस्था द्वारा नियुक्ति की जाएगी। संस्था द्वारा दो प्रकार के पदों – ट्रेनिंग सेंटर मैनेजर एवं प्रोविजनल सेंटर मैनेजर (लोन ऑफिसर) – पर कुल 25 रिक्तियों को भरा जाएगा।

इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 12वीं पास निर्धारित की गई है तथा अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रोविजनल सेंटर मैनेजर पद हेतु वेतन फ्र. 8,000 प्रतिमाह एवं बोनस निर्धारित है, जबकि ट्रेनिंग सेंटर मैनेजर के लिए फ्र. 12,000 प्रतिमाह वेतन के साथ बोनस दिया जाएगा। कार्यस्थल सिवान जिले में रहेगा।दूसरे दिन, 8 अगस्त को, फैंसी इन्फैंसी पब्लिक स्कूल द्वारा कक्षा १२३ से ७३ तक के लिए सभी विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इस दिन कुल 3 पदों पर नियुक्ति होगी। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक अथवा डी.एल.एड. निर्धारित की गई है। आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच है। मानदेय का निर्धारण साक्षात्कार के बाद नियोक्ता द्वारा उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर किया जाएगा।इन दोनों नियोजन कैम्पों में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल – ६६६.ल्लू२.ड्ड५.ल्ल – पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अभ्यर्थी स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं अथवा आवश्यकता पड़ने पर अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कैम्प के दिन दोनों ही स्थानों पर ऑन-स्पॉट पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न



प्रातः किरण, संवाददाता


छपरा सदर। रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक स्थानीय रामबाग बैंक्विट, उत्तरी दहियावां टोला, छपरा में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार पर चर्चा और 03।अगस्त से मुजफ्फरपुर में शुरू होने वाले तीन दिवसीय प्रांत कार्यकारिणी के बैठक पर चर्चा हुई। संगठन विस्तार के मुद्दे पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन दल संचालक उसके सदस्यों द्वारा ही किया जाता है, संगठन में पद का बहुत महत्व नहीं होता है जो भी काम करता है उसे जिम्मेदारी दी जाती है। हमारे संगठन में कोई भी सदस्य बड़ा या छोटा नहीं है। इस अवसर पर जिला मंत्री बसंत कुमार सिंह सोनू ने मंच का संचालन किया । बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक अनुज कुमार, विनोद कुमार सिंह, अरुण पुरोहित, रोहन भारती, प्रभात कुमार सिंह, विनोद कुमार, सुड्डू कुमार, रवि गुप्ता, विक्की गुप्ता, अमित पटेल सहित बहुत सारे कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गंगा व सरयू उफनायी, खतरे के निशान के पास पहुंचा दोनों नदियों का जल स्तर

### उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश राज्यों में हो रही बारिश और डैम से छोड़े जा रहे हैं पानी

- गंगा व सरयू उफनायी, खतरे के निशान के पास पहुंचा दोनों नदियों का जल स्तर

प्रातः किरण, संवाददाता



डोरीगंज ।उत्तराखंड और पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश में हो रही बारिश और डैम से छोड़ जा रहे , पानी का असर नदियों के जल स्तर पर देखने को मिल रहा है. गंडक के साथ गंगा भी रौद्र रूप लेते जा रही है और उससे मिली हुई घाघरा यानी सरयू नदी भी सब कुछ लीलने के लिए बढ़ती जा रही है ।लिहाजा दोनो का जलस्तर खतरे के निशान के आसपास पहुंच चुकी है और हर घंटे अपने जलस्तर में वृद्धि कर रही यह बेतहाशा वृधि के कारण सदर प्रखंड के तीन पंचायत के लोग भयाक्रांत हैं ।वहीं तटीय इलाके के चिरांद, भैरोपुर निजामत, डुमरी,जलालपुर तथा मुसेपुर पंचायत के कइ गांव बाढ के चपेट मे आ गए हैं जिसके कारण तिवारीघाट, नोनिया टोली, मालीटोला तथा पुरातात्विक स्थल चिरांद मे एक बार फिर कटाव होने लगा है। पुल-पुलिया एवं डायवर्सन पर पानी बह रहा है जिससे कभी भी जिला मुख्यालय से दियारा के पंचायतों का सम्पर्क भंग हो सकता है ।कई क्षेत्रो में लोग अपने दिनचर्या के कामों, जीविकोपार्जन, कृषि कार्यों एवं परंपराओं से जुड़े त्योहारों के कारण नौका यातायात का उपयोग करते हैं और नाव से एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाते हैं। ऐसी भी सूचना मिली है कि नदियों के बढ़े जल स्तर में भी दियारा क्षेत्र के लोगों जन प्रतिनिधियों का कहना है कि अभी तक संबंधित पंचायतों मे एक भी नाव की व्यवस्था नहीं की गई है ।रायपुर विंदगवां के मुखिया अशोक राय कोटवापट्टीरामपुर के मुखिया सत्येंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक संबंधित पंचायत मे एक भी नाव की व्यवस्था नही की गई है वहीं नाविकों का कहना है कि अभी पिछले वर्ष की राशि उन्हे नही मिलि है,अशोक राय ने तो याहां तक बताया कि पिछले साल सामुदायिक किचन की राशि उन्हे नही मिली है जिसके कारण कोई कार्य करना नही चाहता है ।इस संबंध मे सदर सीओ कुमारी आंचल ने बताया कि बैंक के वाइस सीओ नही रहने के कारण रायपुर विंदगावां पंचायत के सामुदायिक किचन की राशि रूकी है बैंक औपचारिकता के बाद उनकी राशि मिल जाएगी वहीं नाविकों के बकाया राशि के संबंध मे कहा कि जल्द ही राशि दे दी जाएगी।

# स्थानांतरित शिक्षिका के लिए आयोजित हुआ सम्मान समारोह

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय बभनियांव की प्रभारीप्रधानाध्यापिका वन्दना कुमारी के स्थानांतरण के पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा उनके सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। यहां आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बभनियांव की प्रधानाध्यापक अंजना कुमारी व शिक्षक नेता मुकेश्वर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक वन्दना कुमारी सहित अतिथि गण को विद्यालय परिवार द्वारा माला, अंग वस्त्र,शाल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक व बच्चे भावुक दिखें। शिक्षक नेता पंकज कुमार सिंह मंटू ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापिका वन्दना कुमारी स्नातक ग्रेड शिक्षक के रुप में पिछले 11 वर्षो से यहां कार्यरत थी। प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में उनके द्वारा विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों से आत्मीय सम्बन्ध रखते हुए शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। उनके स्थानांतरण से एक योग्य शिक्षक की कमी खलेगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता पंकज कुमार सिंह मंटू व जयप्रकाश कश्यप के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्वागत गीत शिक्षक शिवजी पाण्डेय ने प्रस्तुत किया।

अभिनन्दन पत्र शारीरिक शिक्षक जयप्रकाश कश्यप के द्वारा पढ़ कर समर्पित किया गया।

इस दौरान अनु, बेबी, ज्योति, अस्तुरना, मोनालिसा, रागिनी, बेबी, प्रीति, नेहा, अंशु,सोनम,प्रियांशु, वंशिका,अनु, तनु, वैष्णवी, सृष्टि, हर्षित,ज्योति, समा परवीन एवं जुली परवीन ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट के जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह विमल, शिक्षक नेता अरुण कुमार सिंह उर्फ गोरखनाथ सिंह, बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, ईश्वर चन्द्र यादव, संघ के जिला सचिव उपेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान, गड़हनी अध्यक्ष संतोष कुमार,प्रधानाध्यापक गोविन्दम सर, हरेन्द्र कुमार सिंह , राजु सिंह , जितेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार, वशिष्ठ साह, प्रदीप कुमार मिश्रा ,रीना ओझा ,व्यास शिरोमणि नन्द कुमार सिंह , पप्पु सिंह ,रवि जी ,सुनिल कुमार, शिवकुमार सिंह, सत्येन्द्र कुमार,चन्द्रदेव कुमार सिंह , विजय शंकर सिंह उर्फ मुन्ना जी, कमलेश कुशवाहा , शिक्षक पंकज कुमार सिंह मंटू, धनन्जय कुमार सिंह,चन्दन कुमार, संजीव कुमार, कंचन माला कुमारी, आशा कुमारी,जुही कुमारी,पिंकी कुमारी, रविना कुमारी,तृप्ति कुमारी,रतिश कुमार, निखिल कान्त,प्रेमजीत कुमार,मौसम कुमार,विमल कुमार,सुभाष कुमार,कृति कुमारी गुप्ता, कुमारी अंकिता, आलिया आफरीन, कंचन कुमारी,उषा कुमारी, अर्चना कुमारी,पल्लवी सहित सैकड़ों शिक्षक एवं अतिथि उपस्थित थे।

# हातिमगंज गांव की जर्जर सड़क का होगा निर्माण

## 15 अगस्त तक टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना

प्रातः किरण संवाददाता



पीरो/आरा। सहार प्रखंड अंतर्गत पेरहाप पंचायत के हातिमगंज गांव की जर्जर सड़क का अब जल्द ही निर्माण होगा। ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ उज्जवल कुमार ने जानकारी दी है कि 15 अगस्त तक सड़क निर्माण का टेंडर हो जाएगा। इसके बाद निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

गांव की मुख्य सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ के कारण एम्बुलेंस, ट्रैक्टर या दोपहिया वाहन तक नहीं पहुंच पाते। ग्रामीणों ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में मरीजों और गर्भवती महिलाओं को खाट पर लादकर गांव से बाहर ले जाना पड़ता है। पंचायत के मुखिया महेन्द्र प्रसाद ने बताया कि यह कार्य विधान पार्षद राधा चरण सेठ की अनुशंसा पर स्वीकृत हुआ है। सड़क निर्माण से न सिर्फ आवागमन सुगम होगा बल्कि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा भी मिलेगी।ग्रामीणों में इस खबर को लेकर खुशी का माहौल है और वे जल्द निर्माण शुरू होने की उम्मीद कर रहे हैं।

## सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर कांवड़िया पथ में रविवार को जदयू परिवार के द्वारा निः शुल्क कांवड़िया सेवा शिविर

भागलपुर। सुल्तानगंज के अजगैनाथ धाम में सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर रविवार को जदयू परिवार के द्वारा निः शुल्क कांवरिया सेवा शिविर लगाया गया/ यह कांवरिया सेवा शिविर नारदपुर ,धांधी बेलारी, सूर्या चादन तक के कच्ची कमरिया पथ में लगाया गया /इस कांवरिया सेवा शिविर में विधायक प्रोफेसर डॉक्टर ललित नारायण मंडल, के द्वारा सुईया स्थित निशुल्क कमरिया सेवा में फल , सर्वत पानी, एवं सुल्तानगंज जदयू परिवार की ओर से सेवा की गई तथा माननीय सांसद गिरधारी प्रसाद यादव जी एवं स्थानीय विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल ने हजारों कांवरियों को फल,सर्वत पानी की सेवा कराते हुए अगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बने इसके लिए भोलेनाथ से की कामना / इस मौके पर सुल्तानगंज प्रखंड जदयू अध्यक्ष सदानंद कुमार ,नगर अध्यक्ष मनीष कुमार ,जिला सचिव विनय कुमार , जदयू मीडिया प्रभारी मिथिलेश कुमार चौधरी, वार्ड अध्यक्ष बाबूलाल मंडल ,खुशबू देवी, रामदेव कुमार, रंजीत कुमार यादव, सहित जदयू के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## तरारी में 22 किलो गांजा व 4.90 लाख नकद के साथ तस्कर गिरफ्तार

आरा /तरारी । भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत जेठवार गांव में रविवार देर शाम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 किलो गांजा और 4.90 लाख नकद बरामद किया। यह छापेमारी गुप्त सूचना के आधार पर तरारी पुलिस और पीरो एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई।पुलिस ने बताया कि गांजा की तस्करी की सूचना पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें तरारी थानाध्यक्ष राजेश मालाकार और अपर थानाध्यक्ष बिनोद राम सहित अन्य शामिल थे। टीम ने जेठवार गांव पहुंचकर एक घर की घेराबंदी कर तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान एक कमरे से प्लास्टिक में लपेटे गए 12 बंडलों में कुल 22 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। साथ ही गांजे की बिक्री से संबंधित 4.90 लाख नकद और एक डिजिटल तराजू भी जब्त किया गया।

पुलिस ने मौके से आरोपी भोला सिंह, पिता स्व. धर्मराज सिंह, निवासी जेठवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ के अनुसार, गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है और तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश जारी है।

## हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मौलाबाग से शनिवार के शाम की। गिरफ्तार आरोपित नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग निवासी प्रीतम मिश्रा है। बता दें कि 11 अगस्त 2022 में गौसगंज निवासी रंगलाल सिंह के बेटे गौरव कुमार को लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड से मारकर जख्मी कर दिया गया था, जिसके बाद प्रयाग राज के पुत्र विशाल कुमार और छोटू कुमार व जख्मी के चचेरे भाई विशाल कुमार उर्फ छोटू कुमार के द्वारा नवादा थाना में प्रीतम मिश्रा सहित साथ नामजद एवं तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसी समय से गिरफ्तार प्रीतम मिश्रा फरार चल रहा था। वहीं पुलिस के अनुसार नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड में पिछले साल एक लूट की घटना हुई थी। उस मामले के अनुसंधान में प्रीतम मिश्रा का नाम आया था। लूट कांड में पुलिस ने उसे जेल भेजा गया था। फिलवक्त वह जमानत पर था।

## देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

आरा। टाउन थाना पुलिस ने देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के अहीरपुरवा स्थित बगीचे से शनिवार की शाम की। उसके पास से पुलिस ने 7 लीटर देशी शराब बरामद किया। गिरफ्तार धंधेबाज अहिरपुरवा मोहल्ला निवासी रामबाबू प्रसाद यादव है। बताया जाता है कि सूचना प्राप्त हुई थी की अहिरपुरवा बगीचे में एक व्यक्ति द्वारा शराब की खरीद-बिक्री की जा रही है। टाउन थाना पुलिस त्वरित कार्रवाई कर वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात टाउन थाने में पुलिस ने उसके खिलाफ बिहार मधनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# जर्जर छत के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं प्राथमिक विद्यालय विदेशी टोला के बच्चे

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। पीरो प्रखंड अंतर्गत अमई पंचायत के विदेशी टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय के भवन की छत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। छत से अक्सर प्लास्टर टूटकर गिरता रहता है। ऐसे में उक्त छत के नीचे बैठ कर बच्चों की पढ़ाई करना जोखिम भरा काम है। बरसात के समय जर्जर छत से झरने की तरह पानी टपकने लगता है। विद्यालय में महज दो ही कमरे हैं। जबकि एक से पांच तक कक्षा संचालित होती है। कमरे के अभाव में एक साथ दो से तीन कक्षाओं के छात्रों को बैठाकर पढाई करना शिक्षकों की मजबूरी है। सामान्य दिनों में बरामदे में भी बच्चों को बैठाकर जैसे तैसे पठन-पाठन का कार्य पूरा किया जाता है लेकिन इसबार बरसात में कमरे की छत के साथ बरामदे की छत से भी पानी टपकने से पठन-पाठन का कार्य प्रभावित हो रहा है। विद्यालय के पास अच्छी स्थिति में केवल एक ही कमरा बचा है। इस एक कमरे में एक साथ पांच कक्षाओं के छात्र बैठते हैं। भवन की छत जर्जर होने से हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसे में छात्र व शिक्षक की जान सांसत में पड़ी रहती है। प्रभारी प्रधानाध्यापक के अनुसार विद्यालय के निरीक्षण करने के लिए आने वाले पदाधिकारी निरीक्षण प्रतिवेदन में हर बार विद्यालय भवन की छत जर्जर होने की रिपोर्ट विभाग तक पहुंचाते हैं पर विभागीय पदाधिकारियों द्वारा भवन के जीर्णोद्धार के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।

## निगम के लापरवाही के विरुद्ध ईसाई समुदाय के लोग विरोध पर उतरे

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। रमना मैदान आरा में सिथत द होली सेवियर चर्च का बुरा हाल है गेट से लेकर चर्च तक का सड़क आरा नगर निगम के ठेकेदारों ने रोड की जर्जर स्थिति कर दिया है आरा नगर निगम नालियों का कूड़ा करकट लाकर ट्रेक्टर के द्वारा हमारे चर्च का गेट को तोड़ कर मैदान को गंदा कर दिया गया है ।जिससे इसाई समुदाय के लोग प्रार्थना करने में अहज महसूस कर रहे हैं जहां चर्च प्रार्थना का घर है वही आरा नगर निगम की लापरवाही के कारण इसाई समुदाय के लोग सड़कों पे आकर निगम के विरोध नारा लगा रहे हैं हमें न्याय चाहिए ।हमें शांति चाहिए, हमारी धार्मिक आजादी चाहिए इस अवसर पर पादरी अनिल जीउत ने बताया कि चर्च पवित्र स्थान है किसी ने कहा है जहां आप सफाई है वही पर ईश्वर का वास स्थान होता है परंतु आरा नगर निगम की लापरवाही के कारण चर्च की सड़कों को जर्जर कर दिया गया है मेन गेट को तोड़ दिया गया है सड़कों पर जो इट बिछाया गया था जेसीबी टेक्टर की मदद से उखाड़ दिया गया है जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि शीघ्र हमारी सड़कों को मरम्मत किया जाए और हमें शांति सद्भाव से प्रार्थना करने में सहायता करें और गेट भी बना दे। मसीही समुदाय में विरोध की लहर है

# मृत व्यक्तियों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज जिन्दा आदमी का नाम काटा: क्यामुद्दीन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक बयान जारी कर कहा है कि भाकपा माले ने 2 अगस्त से रक्फ़के बाद जारी मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी की जांच के लिए बुथ चलो अभियान का पुरे राज्य में आह्वान किया है.

भाकपा माले के बुथ चलो अभियान के तहत कल 2 अगस्त को धरहरा और आज 3 अगस्त 2025 को बेगमपुर मिराचक में बुथ चलो अभियान के तहत बुथ संख्या 132,और 135 का गहन जांच किया गया. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि रक्फ़के बाद जारी मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी देखने मिला है भाकपा माले नेता ने कहा कि 194 आरा विधानसभा के बुथ संख्या 132 के क्रम संख्या 165 पर शंकर सिंह पिता सोना लाल उम्र 74 वर्ष गृह संख्या 13 दर्ज है यह व्यक्ति बहुत पहले मर चुके हैं ठीक उसी तरह बुथ संख्या 132 क्रम संख्या 758 सहोदरी देवी पति वित्तन सिंह उम्र 89 गृह संख्या 92 पर दर्ज है वे भी मर चुकी है उसी तरह उसी बुथ पर क्रम संख्या 760 शंकर साह, पिता वित्तन प्रसाद उम्र 53 गृह संख्या 92 पर दर्ज है वे भी मर चुके हैं इस तरह 132 और 135 पर पांच मरे हुए लोगों का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा विधानसभा के कुछ बुथों की जांच से पता चलता है कि प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी है मरे लोगों का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है वहीं जिन्दा आदमी का नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया है

भाकपा माले का कहना है नेता क्यामुद्दीन ने मांग की की रक्फ़को चुनाव आयोग रद्द करें.आज के बुथ चलो अभियान का नेतृत्व भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा नगर सचिव सुधीर सिंह, राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी,लोकल कमेटी सचिव मो.खुर्शीद, नेहाल अंसारी, संजय कुमार गुप्ता, सहित मुहल्ला के लोग भी मौजूद थे.

## बहरी महादेव धाम में प्राचीन कुंड विवाह महोत्सव व महा आरती कार्यक्रम का आयोजन आज

आरा। पीरो अनुमंडल मुख्यालय से सटे बहरी महादेव धाम में अंतिम सोमवारी के मौके पर प्राचीन कुंड विवाह महोत्सव व देवाधिदेव भगवान शिव की महा आरती कार्यक्रम प्रस्तावित है। पीरो नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय की देखरेख में आयोजित होने वाले प्राचीन कुंड विवाह महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को सुबह सात बजे होगा जो पूरे दिन चलेगा। इस दौरान बहरी महादेव धाम परिसर में स्थित प्राचीन सरोवर (कुंड) का विधिवत विवाह कार्यक्रम के बाद महा प्रसाद का वितरण होगा। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में भक्तजन शामिल होंगे। इसको ध्यान में रखकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जदयू के प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय सहित कई अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। महोत्सव के सफल आयोजन के लिए दीपक सिंह, गौरव तिवारी, अजीत यादव, सत्येन्द्र यादव, सत्येन्द्र तुवारी, भोलू सिंह, राजीव सिंह, अमरजीत यादव आदि कार्यकर्ता सक्रिय दिखे। दूसरी ओर संध्या पहर यहां भगवान शिव की महा आरती कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महा आरती के लिए विशेषज्ञ ब्राह्मणों को आमंत्रित किया गया है।

## कृषक जागरूकता बैठक का किया गया आयोजन



मधेपुरा( सिंचाई प्रमंडल मुरलीगंज के तत्वावधान में कृषक जागरूकता बैठक - 2025 का आयोजन कार्यालय भवन परिसर में किया गया। बैठक का उद्देश्य क्षेत्रीय किसानों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर, नहरों के संचालन, जल वितरण व्यवस्था, एवं स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव एकत्रित करना था। मौके पर संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के अध्यक्षता में जिला स्तरीय मशाल कार्यक्रम को ले हुई बैठक



मधेपुरा। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के अध्यक्षता में जिला स्तरीय मशाल कार्यक्रम के आयोजनार्थ बैठक आहूत की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा खेल, आवासन एवं भोजन से संबंधित तैयारी का विस्तृत रूप से जानकारी लिया गया एवं मशाल खेलकूद प्रतियोगिता में किसी भी तरह की समस्या न हो, इसको लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। मशाल खेल प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य प्रदेश में खेलों के विकास के साथ-साथ कम उम्र के प्रतिभाशाली बच्चों का चयन कर उसे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देना शामिल है। उन्हें राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी के रूप में तैयार करना है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बिहार इलेवन 11 क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में एक दिवसीय ट्रायल मैच आयोजित

सहरसा। बिहार इलेवन 11 क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में एक दिवसीय ट्रायल मैच का आयोजन सहरसा स्टेडियम सहरसा में आयोजित किया गया। मैच के शुरूआत में मुख्य रूप से अभिषेक सोनू, चंद्रभाल शूलपानी, किशोर कुमार झा, प्रणव प्रेम, विकास भारती, आशीष चंदन, प्रिंस गौरव, संघ के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार झा, अंपायर शशि भूषण आदि के उपस्थिति में ट्रायल मैच का शुरूआत किया गया। विभिन्न जिले यथा सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, खगड़िया आदि के कुछ खास खिलाड़ियों के बीच मैच कराया गया और आगामी खेल हेतु तैयारी की गई है। मौके पर अमन, प्रियांशु, ऋतिक, विष्णु, विकास, शाहबाज, अवनीश, अतुल, गुड्डू, फैजान आदि खिलाड़ियों ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया।मौके पर मौजूद संघ के सचिव प्रमोद कुमार झा ने इस आशय की जानकारी दिए।

# अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर दोस्तों ने मिलकर सेलिब्रेट किया

## सभी रिश्तों से ऊपर है दोस्ती : डॉक्टर वीर अभिमन्यू पंडित

अमित राज



आरा। मित्रता दिवस के अवसर पर आज सोशल मीडिया से लेकर जगह-जगह पर दोस्तों ने अपने-अपने तरीके से अपने दोस्ती का इजहार किया। कहीं केक काटकर जशन मनाई गई तो कहीं सिनेमा हॉल में जाकर दोस्तों ने एक साथ फिल्में भी देखी। अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के मौके पर बिहार के प्रतिष्ठा डॉक्टर वीर अभिमन्यू पंडित, जो कि फिलहाल पटना के पारस अस्पताल में न्यूरो सर्जन है। रविवार को गृह जिले आरा में अपने निजी क्लीनिक पर अपने दोस्तों के साथ मित्रता दिवस मनाया और बधाई दी इस मौके पर केक काटकर गानों के साथ जश्न मनाया। इस खूबसूरत पल को बेहद ही यादगार बनाया।

डॉ अभिमन्यु ने कहा कि मैं आरा सिर्फ अपने दोस्तों से मिलने के लिए आता हूं और हर रविवार जब अपने निजी क्लीनिक में मरीजों को देखने के बाद अपने दोस्तों को बुलाकर उनसे बातें करता हूं। दोस्त एक तरीके से संजीवनी है जो हमारे निराशा मन में भी उमंग से भर देते हैं। उन्होंने कहा कि दोस्ती में हमें एक दूसरे की सहयोग करनी चाहिए।

दोस्त ही ऐसे रत्न है जो बचपन को जिंदा रखते है और मिलने पर बचपन को भरपूर जीते भी है। उपस्थित दोस्तो में समाजसेवी राकेश रंजन और पुतुल जी ,दिनेश सैनी आम आदमी पार्टी ,सत्य प्रकाश ,गुंजन, नीरज श्रीवास्तव ,शशि भूषण और अमित राज शामिल थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर भाजपा भोजपुर की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिला कार्यालय मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रारुप प्रकाशित किए जाने के पश्चात बैठक का आयोजन किया गया एवं आगामी कार्यक्रमो के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी श्री सिद्धार्थ शम्भू जी ने पार्टी के विधान सभा प्रभारी, संयोजक, विस्तारक और बि एल वन की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि वास्तविक मतदाता सूची से वंचित न हो इसका ध्यान हम सभी को रखना है इसके साथ फर्जी और दोहरीकरण पर भी हमें विशेष ध्यान देते हुए उनका नाम मतदाता सूची से बाहर करवाना भी आप सभी लोगों को दायित्व है

बैठक को जिला प्रभारी राजेश सिन्हा ने भी सम्बोधित किया ।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ शम्भू जी,जिला प्रभारी राजेश सिन्हा, जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,जिला पदाधिकारी सहित अन्य के द्वारा पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सम्पन्न हुई सभी विधानसभा का कार्यशाला को सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकताओं को बधाई दी गई ।आगामी कार्यक्रमों का करणीय कार्य बताया।

जिलाध्यक्ष ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला में कार्यक्रम संयोजक एवं सह संयोजक की घोषणा की बैठक में,जिला पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, विस्तारक मंडल प्रभारी शामिल हुए।

## विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक ने की मतदाता पुनरीक्षण की समीक्षा, राजनीतिक दलों से लिया फीडबैक

मुजफ्फरपुर ।विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक आराधना पटनायक की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जिले में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण फीडबैक और सुझाव प्राप्त किये गये ।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने जानकारी दी कि 1 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके उपरांत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें रक्फ़की अद्यतन स्थिति एवं आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया गया है ।बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दो महत्वपूर्ण सूचियाँ उपलब्ध कराई गई है ।अधिकारियों के साथ संपन्न बैठक में तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त राजकुमार, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक चंदन कुमार कुशवाहा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन उपस्थित थे । जबकि राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में उनके प्रतिनिधिगण के रूप में श्री दिलीप कुमार, श्री मनोज कुमार, श्री कुणाल सहाय ,श्री रंजन कुमार, श्री अजय कुमार सिंह ,श्री राजकुमार पासवान, श्री रमेश गुप्ता, श्री नवीन सिंह आदि उपस्थित थे।

# कांवड़ियों का हुजूम मुंगेर गंगा घाट छर्रापट्टी रवाना

## बोल बम के जयघोष से गूंजा सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को लेकर भक्तिमय माहौल बन गया है। रविवार को सहरसा-मानसी रेलखंड के सिमरी बख्तियारपुर सहित विभिन्न स्टेशनों से बोलबम के जयघोष के साथ कांवरियों का जत्था मुंगेर घाट और छर्रा पट्टी पवित्र गंगाजल भरने के लिए रवाना हुआ। इस दौरान आस्था का जोश और शिवभक्ति का उत्साह देखने लायक था। सिमरी बख्तियारपुर और कोपड़िया स्टेशन श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। रविवार सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक सहरसा सोनवर्षा कचहरी, सिमरी बख्तियारपुर, कोपड़िया और धमारा घाट स्टेशन कांवरियों से गुलजार रहे। नौ से ग्यारह बजे के बीच सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन परिसर में तिल रखने की भी जगह नहीं बची। हर ओर केसरिया वस्त्रधारी डाकबम ही नजर आ रहे थे। ट्रेनों में इतनी भीड़ थी कि लोग एक-दूसरे पर चढ़कर यात्रा करने को मजबूर थे। इस भीड़भाड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से नदारद रही। रेल पुलिस की नाम मात्र उपस्थिति से श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया। ये सभी कांवरिया दोपहर बाद उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरकर मानसी, बदला घाट, धमारा घाट, फनगो हाल्ट, कोपरिया, माठा चौक, गोरगामा ढाला, सैनीटोला, पुरानी बाजार, सरडीहा और दर्शनिया चौक होते हुए बाबा मटेश्वर धाम पहुंचेंगे। वहां वे अद्भुत अष्टपहल शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। बाबा मटेश्वर धाम (कांठो) में हजारों श्रद्धालुओं के जलार्पण की संभावना है। मंदिर और जिला प्रशासन ने कांवरियों की भीड़ को देखते हुए मजिस्ट्रेट व पुलिस जवान को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है ताकि किसी कांवरियों को कोई परेशानी नहीं हो।

# केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने वर्णवाल समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज को रोशन करने वाले को किया सम्मानित

## कहाः अहिवरन समाज को विधानसभा या संसद में प्रतिनिधित्व मिलनी चाहिए

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। गया में अहिवरन मेधा सम्मान समारोह सह बरन प्रेरणापुंज सम्मान समारोह एवं वार्षिक योजना सह आम सभा 2025, का केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जीतन राम मांझी के कर कमलों द्वारा इस समारोह का उद्घाटन 03 अगस्त 2025 को प्रेक्षागृह एंड आर्ट गैलरी, हरिदास सेमिनरीहाई स्कूल गयाजी में किया गया है इस आयोजन समारोह में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी एवं मुख्य अतिथि,बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गयाजी राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल , इंजीनियर अवधेश कुमार को बरनवाल समाज के प्रबुद्ध और सम्मानित लोगों के द्वारा अंगवस्त्र और बुके देकर सम्मानित करने का काम किया गया है।

सर्वप्रथम राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल ने बरनवाल समाज के परिवारों के साथ महाराजा अहिबरन जी के तैलिय चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प-गुच्छ देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि के रूप में जीतन राम मांझी ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने कहा कि कुछ बाते आ जाती है उस बात को मै नही कहता हूं आज अठसी साल के उम्र हो गयी लेकिन आज तक ए भी शिलापट्ट नही लगाया हू। मै उस घर से आया हू जहा से लोग सोचते भी नहीं है मै1991 के समय गया जी आया था गांव से चुनाव लड़ने उस समय मेरे प्रणार मे स्व पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने लोगों से कहा था जीतन राम मांझी को जिताओ लेकिन लोगों ने ध्यान नहीं दिया,उस समय लोग जिताते तो गया कि स्थिति ऐसी नही बनी रहती फिर इस बार गांधी मैदान से लोकप्रिय प्रधानमंत्री ने आप गया जी संसदीय क्षेत्र के लोगों से अपील किया था उस समय मेने मगही भाषा में मेने प्रधानमंत्री से गया जी वासियो के लिए




कोरिडोर का माग की थी प्रधानमंत्री ने मुझे पहली मंत्रिमंडल में दो कोरिडोर गया जी के आप यहा पर आए,लोगों के कारण मिला मै अपने को राजनेता नही समाज सेवी समझता हूं। निचे गिर हुए लोगों को उठाने का काम करे,आज भी भारत एवं बिहार में 70 प्रतिशत लोग गरिब है इस सभा में वर्णवाल समाज और गया संसदीय क्षेत्र के लोगों को ग्लोबल वार्मिग एवं प्रदुषण की समस्या बढी समस्या इस समय की है मानवी मुल्य की कमी हो गयी है अभी के समय में,हमलोग के सामने कुछ भी घटित होता है हम नही दखल देते हैं अनदेखा कर देते है।1990 के समय मे लोग एक दूसरे के और हर समय मदद के लिए तैयार रहते थे आजो आप लोग समाज के अगुआ है आप बच्चे वर्णवाल समाज के भविष्य है सांसद हो विधानसभा सबमे आप सभी को प्रतिनिधित्व मिलनी चाहिए,समाज का प्रतिनिधित्व गया जी से विधानसभा में जाए इसके लिए एक जुट होकर विधानसभा में जिताकर भेजना होगा जो आपकी आवाज बनकर आपके मुद्दे को सदन में रख सके,मै आपके समाज के लिए आगे बोलूंगा इस सम्मान प्रतिभा पाने वाले बच्चे बच्चीयो को बहुत बहुत बधाई देता हूं। इसपर अहिवरन समाज द्वारा केन्द्रीय मंत्री से दो मांग मागी गई है एक गया जी मे अहिवरन चौक एव अहिवरन महराज की मूर्ति के लगनी चाहिए दुसरी मांग मे वर्णवाल समाज से राजू वर्णवाल को गया जी प्रतिनिधित्व के लिए टिकट मिलना चाहिए।आगे बीपीएससी, दरोगा (रक्ष) उत्तीर्ण, नीट, आईआईटी व 2024-25 सत्र में मैट्रिक और इंटरमीडिएट में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश की तरक्की का मार्ग है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बेटियां भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रही हैं। छात्र और छात्राओं को निरंतर अध्ययन और अनुशासन का पालन करने की सलाह दी।

# बच्चों के प्रति रखें संवेदनशीलताः अधिवक्ता

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण पटना द्वारा पुरे बिहार के किशोर न्याय बोर्ड के पैनल अधिवक्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह संवेदनशीलता कार्यक्रम बाल्सा पटना के सेमीनार होल में प्रशिक्षकों ने उक्त बातें कही है। औरंगाबाद से कार्यक्रम में भाग ले रहे पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के सदस्य सचिव न्यायधीश शिल्पी सोनीराज, संयुक्त सचिव न्यायधीश गायत्री कुमारी,रजिस्टर न्यायधीश मिस अनुपमा, सहायक रजिस्ट्रार वन निहारिका सिंह, सचिव बाल मित्र सुरेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया, प्रशिक्षणदाता सुरेश प्रसाद सचिव बाल मित्र ने कहा कि आप सब बच्चों के मामले में केयरटेकर है। बाल सुधार गृह, स्पेशल गृह, सेफ्टी गृह में विजिट करना आपका कर्तव्य है उनसे जुड़े मामले में पुरी संवेदनशीलता के साथ गहन विचार विमर्श करते हुए उचित कानूनी परामर्श समय समय पर देते रहे, जो बच्चे विधिक सहायता के लिए निशुल्क अधिवक्ता की मांग करते हैं उन्हें शिघ्रता से मुहैया कराई जाएं। जब विधि विवादित किशोर सुधार गृह से बाहर आए तो उन्हें पूर्व के भाँति परिवार में समाज में मान सम्मान स्नेह मिले। कुछ बच्चे जिद्दी, आक्रोशित होते हैं तो कुछ बच्चे के किसी घटना का प्रभाव दिर्घकालिक रहता है,कुछ बच्चे शिक्षा के अभाव में या उचित परिवरिश न होने के कारण समाज से कट कर अपराध से जुड़ जाते हैं।

कुछ बच्चों के अभिभावक उनसे अपराध कराते हैं तो कुछ बच्चे आधुनिकता के प्रभाव में आकर बाईक, मोबाइल चोरी व मध निषेध अपराध से जुड़ जाते हैं, हमें इन सब बच्चों का आकलन करना है मनोवृत्ति बदलना है सरकार उनका कितना भला चाहता है उनके लिए क्या क्या योजना लाती है उनका क्या अधिकार है,बताना है क्योंकि ये देश के भविष्य हैं , यह बात ध्यान रखें कि बच्चे समाज के सबसे असुरक्षित वर्ग है अबोध है अपराधीयों द्वारा दुष्प्रेरित हो सकते हैं , ऐसा धारणा न रखें कि बच्चे बदमाश होते हैं बच्चों के प्रति सकारात्मक सोच के साथ हर स्थिति में स्नेह से बात करना चाहिए चाहे उनका किसी भी बड़े अपराध में नाम आया हो, बच्चे ज्यादा भयभीत न रहे इसका भी ख्याल रखना है ,बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारीयों भी विधि विवादित किशोर से मैत्री पूर्ण सम्बन्ध रखना चाहिए, शिघ्रता से सुनवाई में सहयोग करना चाहिए। ऐसा बात नहीं है कि एक बार अपराध करने के बाद विधि विवादित किशोर दुसरी बार पुनः अपराध जरूर करेंगे, प्रशिक्षणदाता अजय कुमार हाईकोर्ट अधिवक्ता राज्य सलाहकार युनिसेफ एवं डीएसडब्ल्यू ने बताया कि क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम और जुबेनाइल जस्टिस सिस्टम में बहुत अंतर है जुबेनाइल जस्टिस सिस्टम विधि विवादित किशोर को सुधरने का समाज में मान-सम्मान के साथ पुनः होने का मौका देता है।

बच्चों को विधिक सहायता की अवश्यकता है तो आप सब को विधिक सहायता देना अधिकार है,बाल अधिकार दिवस 20 नवम्बर को हर जेजेबी पैनल अधिवक्ता मीडिया में बच्चों के अधिकार का प्रचार प्रसार करें किशोर न्याय अधिनियम के आगे कोई भी कानून विधि विवादित किशोर पर लागू नहीं होगा।

# तैलिक समाज द्वारा वन भोज में मेहंदी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

## तैलिक समाज को एकजुट के लिए दिन रात एक किए हुएः संजू लाल



प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। ब्रह्म जॉनी पर्वत के गणिनाथ धर्मशाला में तैलिक समाज द्वारा वन भोज से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मी देवी,पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष अनीता देवी, पिंकी कुमारी सरोज कुमारी अनु देवी सरिता देवी ने मिलकर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है इसके साथ ही इस कार्यक्रम का आयोजन गया जिला दैनिक साहू सभा के गया जिला का अध्यक्ष संजू लाल के अध्यक्षता में किया गया है इसका क्रम में प्रमुख रूप से सहयोग में हमारे समाज के जनवरी प्रसाद मोहन प्रसाद गुप्ता सुनील प्रसाद सुरेश प्रसाद अजय कुमार किस कुमार गुप्ता लक्ष्मण एवं समस्त गया जिला की तारीख समाज के लोगों ने भाग लिया और साथ ही समाज के लोगों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कर कर समाज में जो हो रहा है वन महोत्सव और मेहंदी कार्यक्रम का आनंद उठाया है।

# नवीनगर के दुर्गा चौक पर मेदांता के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। नबीनगर प्रखंड के शनिचर बाजार स्थित दुर्गा चौक के प्रांगण में सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष,समाजसेवी एवं महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह के सौजन्य से जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के योग्य एवं कुशल चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ प्रसिद्ध अधिवक्ता पुष्कर अग्रवाल,संजीव कुमार सिंह, मेदांता के चिकित्सक डॉ विनोद कुमार एवं डॉ काजल मैडम,टनटन अग्रवाल ,सकून अग्रवाल, गुड्डू अग्रवाल,रमेश सिंह, मुखिया पिंटू सिंह,काली सिंह, टुनटुन सिंह, मिथिलेश सिंह सहित अन्य लोगों द्वारा किया गया।जांच शिविर में लगभग एक हजार से अधिक लोगों ने अपनी जांच कराई।डॉक्टरी परामर्श लिया।



जांच शिविर में ग्रामीणों में हर्ष देखी गई। मेदांता के चिकित्सकों ने कहा कि समय से यदि रोग का ईलाज किया जाए तो किसी भी रोग को ठीक किया जा सकता है।संजीव कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के शिविर लगाने का मेरा यही उद्देश्य है कि इस तरह के चिकित्सा व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों में अभाव रहता है।उस वंचित वर्ग को लाभ प्रदान कराया जाए।विदित हो कि मेदांता हॉस्पिटल वर्तमान समय में विश्वस्तरीय हॉस्पिटल के रूप में जानी जाती हैं।यहां जाकर आमलोग इलाज नहीं करा सकते।

# अत्याधुनिक तकनीक से होगा कांडों का अनुसंधानः डीएसपी

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) जिले के विभिन्न थानों में अब अत्याधुनिक तरीके से होगा विभिन्न कांडों का अनुसंधान जिसको लेकर जिले के तमाम पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है उक्त बातें रविवार को कुर्था थाने में पुलिस अधिकारियों को अत्याधुनिक तरीके से कंप्यूटराइज प्रशिक्षण देने के दौरान अरवल डीएसपी कृति कमल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहीं उन्होंने कहा कि बिहार के डीजीपी के निदेर्शानुसार विभिन्न थानों के अधिकारियों को लैपटॉप दी गई है ताकि विभिन्न कांडों को अत्याधुनिक तरीके से अनुसंधान करें जिसको लेकर पुलिस अधिकारियों को इसके संबंध में प्रशिक्षित की जा रही है हालांकि प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अत्याधुनिक ढंग से कैसे विभिन्न कांडों को अनुसंधान सूक्ष्म तरीके से किया जाए जिसको लेकर कई प्रकार की बातें पुलिस अधिकारियों को बताइ उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक युग में पुलिस को भी अब हाईटेक बनाते हुए तमाम अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार का कोई कठिनाई उत्पन्न न हो इस मौके पर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष शमशेर आलम, एसआई चंद्रदेव महतो संजय कुमार,अमित कुमार,रूपेश कुमार,पीएसआई स्मिता उपाध्याय, मानिकपुर थाने के पीएसआई रिचा कुमारी,एसआई नीरज कुमार, अक्षय कुमार समेंत पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय महिला परिषद की महिलाओं ने बाबा भोलेनाथ का किया जलाभिषेक : पूजा

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। पवित्र श्रावण माह के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय महिला परिषद एवं ओजस्विनी की महिलाओं ने रविवार को देवघाट से उत्तरवाहिनी फल्गु नदी का पवित्र जल उठाकर अक्षयवट स्थित अतिप्राचीन वृद्ध पितामहेश्वर महाकाल शिवलिंग पर जलाभिषेक कर देश के प्रगति,विकास एवं सुख और समृद्धि की मंगलकामना की। जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं की टोली भगवा रंग में ढोल-नगाड़े की धुन के साथ शिवालय पहुंची। महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ पर हर हर महादेव, बम बम भोले, ओम नमः शिवाय आदि मंत्रों से बेलपत्र, फूल, भांग, धतूरा, रोली, चंदन, मधु आदि से विशेष पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया और भगवान भोलेनाथ की आरती की। पूजा पाठ के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

महिला भजन मंडलियों द्वारा मंदिर परिसर में शिव भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। जिसे पूरा माहौल शिवमय हो गया। कार्यक्रम की संयोजिका राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला मंत्री वीणा गिरि ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम शुरू की गई है।

# निर्माण के चंद माह में ही उखड़ने लगे कुर्था गया मुख्य सड़क सड़क पर उभरने लगे गड्ढे, विभागीय अधिकारी मौन

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) पूर्व में जहां कुर्था बाजार जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहा था तब कुर्था विधानसभा के राष्ट्रीय जनता दल के विधायक बागी कुमार वर्मा के द्वारा चंद माह पूर्व ही विधायक मद से लाखों रुपए की लागत से कुर्था गया मुख्य मार्ग कुर्था थाना से लेकर हॉस्पिटल गेट तक नई सड़क का निर्माण कराया गया था।लेकिन निर्माण के कुछ ही माह बाद सड़के जर्जर होने लगी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उभरने लगे जिससे बरसात के दिनों में उन गड्ढों में जल जमाव होने लगा हालांकि इसको लेकर कुर्था बाजार के व्यवसाययों ने स्थानीय विधायक को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जिस कष्ट से पूर्व में कुर्था बाजार के जर्जर सड़क की समस्या से जूझते रहते थे धीरे-धीरे ऐसा लगता है कि वही समस्या आने लगी है क्योंकि नई सड़क का निर्माण हुआ है लेकिन सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे उभरने लगे हैं हालांकि समय रहते इसे मरमत नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इस नई सड़क निर्माण की हालत और भी जर्जर हो जाएगी। इस संबंध में कुर्था बाजार निवासी उमेश पासवान ने बताया कि जब सड़क का निर्माण हो रहा था तो लोगों में खुशी का माहौल था कि अब कुर्था बाजार की सड़को को जल जमाव से मुक्ति मिलेगी लेकिन जगह-जगह नई सड़क पर उभर रहे गड्ढे को देखते हुए ऐसा लगता है कि धीरे-धीरे इस नई सड़क का भी वही दुर्दशा होने वाली है जो पूर्व के सड़क का हुआ था (

उन्होंने कहा कि पूर्व में जब सड़क पर जगह-जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हुई थी तब बाजार बासियों और विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने सड़कों पर धान की रोपनी कर राज्य सरकार व स्थानीय विधायक का विरोध जताया था ताकि सड़क निर्माण हो सके।

हालांकि विधायक मद से सड़क का निर्माण तो कुछ माह पूर्व ही हुआ है लेकिन धीरे-धीरे जीर्ण सिर्न होता जा रहा है समय रहते अगर विभागीय अधिकारी इस मामले में सजग नहीं हुए और इसे मरम्मत नहीं कराया तो आने वाले दिनों में सड़क की हालत और भी जर्जर हो जाएगी।

# वैश्य समागम के जिला संयोजक के माता ललिता देवी के श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे गणमान्य

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले के वैश्य समागम के जिला संयोजक जितेंद्र गुप्ता के माता ललिता देवी के आकस्मिक निधन के पश्चात आयोजित श्राद्ध के मौके पर एक श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया तत्पश्चात उनके बारे में बताया गया कि वे एक कर्मठी धर्म परायण महिला थीं। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करती थी। मौके पर औरंगाबाद के जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह,नगर परिषद औरंगाबाद के चेयरमैन उदय प्रसाद गुप्ता, अखिल भारतीय शौंडिक संघ के सभापति डॉ रामावतार महतो, महामंत्री श्याम सुंदर जी,बच्चू बाबू,जिलाध्यक्ष मुद्रिका बाबू,लाल बहादुर शास्त्री,राकेश गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, पूर्व सरपंच रंजीत गुप्ता,रविंद्र गुप्ता,कुणाल गुप्ता, पिंटू सिंह,विनित गुप्ता,सावित्री देवी,पंकज शौंडिक,वैश्य समागम के प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य लोगों ने कहा कि ललिता देवी के आकस्मिक निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

# पृथ्वीराज ट्रस्ट एवं साहित्य सम्मेलन द्वारा तुलसी जयंती आज

औरंगाबाद।जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट एवं साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में भारत के महान संत,कवि शिरोमणी तुलसी जयंती समारोह 4 अगस्त को अपराह्न में मनाई जाएगी। ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में आयोजित तुलसी जयंती समारोह में तुलसीदास के जीवन पर आधारित विचार गोष्ठी एवं रामचरितमानस की प्रासंगिकता विषय पर विचार समन्वय किया जाएगा।तुलसीदास के आदर्शों को अपने जीवन में कैसे उतारे इस पर चर्चा परिचर्चा की जाएगी।इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र,महामंत्री धनंजय जयपुरी,उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित सभी सदस्य एवं पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्यों की इस कार्यक्रम में सहभागिता होगी।कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए एक समिति का गठन किया गया है इसके संयोजक प्रियंका पांडेय को बनाया गया है।प्रियंका पांडेय के संयोजकत्व में इस कार्यक्रम को मूर्त रूप प्रदान कराया जाएगा।

# लीगल सर्विस ऑथोरिटी एवं विधिक सेवा प्राधिकार ने मध्यस्थता अभियान चलाया

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के द्वारा चलाए जा रहे हैं 90 दिवसीय मध्यस्थता अभियान के तहत प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कृति न्यायालय में लंबित कम्प्लेन वाद संख्या 163/17 विजय कुमार बनाम रविन्द्र नाथ के बीच चल रहे विवाद का निपटारा आज रविवार को मध्यस्थता केंद्र गया में आपसी सुलह समझौते के द्वारा किया गया है। मध्यस्थ शिशिर कुमार कौण्डिल्य ने बताया कि एक लाख रुपये के समझौते के तहत इस विवाद का निपटारा विशेष मध्यस्थता में किया गया है।




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष मदन किशोर कौशिक के निदेर्शानुसार 90 दिवसीय विशेष अभियान पूरे गया जिले में चल रहा है। मध्यस्थता केंद्र पर आये अभिलेख में यथाशीघ्र आपसी सहमति से निष्पादन प्रशिक्षित न्यायिक पदाधिकारी एवं प्रशिक्षित मध्यस्थ द्वारा किया जा रहा है। रविवार को भी मध्यस्थता केंद्र पर पक्षकारों की काफी भीड़ देखी गयी। पक्षकार लोग इस विशेष अभियान द्वारा प्राप्त त्वरित न्याय प्रकिया से प्रसन्न देखे गए हैं।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अरविंद कुमार दास ने गया जिले के आमजनों से अपील की है अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को मध्यस्थता केंद्र पर भेजवाकर इस विशेष अभियान का लाभ उठावें।यह अभियान एक जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक संचालित होगा। इस अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन कराना है।

# इनर व्हील क्लब ने पर्यावरण संरक्षण हेतु टोट बैग वितरण किया

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।इनर व्हील क्लब गया, जिला 325 द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से टोट बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन गया बस स्टैंड पर किया गया है।इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना था। क्लब की सदस्यों ने आमजन से संवाद कर उन्हें कपड़े के थैले वितरित किए और रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक की थैलियों की जगह इन बैग्स के प्रयोग हेतु जागरूक किया है।क्लब अध्यक्ष दुर्वा सहाय ने बताया कि यह कार्यक्रम इनर व्हील के वार्षिक थीम रिच आउट फोर ए बेटर वर्ल्ड के अंतर्गत आयोजित किया गया है। इस परियोजना में निम्नलिखित 8 सदस्य उपस्थित रहीं:आइ पीपी तृप्ति गुप्ता,,पीपी उषा राज पीपी राजडिलोन पीडीसी कीरन प्रकाश,, शमिक्षा गोतम,, लिना गुप्ता, स्वर्णा, डोली सिंह,यह सूचना क्लब संपादिका शीतल गुप्ता, इनर व्हील क्लब गया द्वारा जारी की गई है।

## इनर व्हील क्लब बोधगया द्वारा शिक्षा सामग्री का वितरण

गया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पीपुल फर्स्ट एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट बोधगया द्वारा संचालित विद्यालय में शिक्षा सामग्री कॉपी,पेन, पेंसिल इत्यादि का वितरण किया गया है। इस विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के साथ ,साथ खाना, ड्रेस आदि वितरित किया गया।

# बिहटा अरवल औरंगाबाद रेलवे लाइन मे कार्य लगाने को ज्ञापन सौंपाः मनोज




अरवल। पटना दानापुर मंडल डीआरएम विनोद कुमार को बिहटा अरवल औरंगाबाद रेलवे लाइन बनाने हेतु अति शीघ्र कार्य लगाने के लिए ज्ञापन देने का काम किया गया डीआरएम विनोद कुमार के बुलावे पर रेल आंदोलन के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव सहसंयोजक धनंजय कुमार संरक्षक बिंदेश्वरी प्रसाद दानापुर पहुंचकर अरवल औरंगाबाद जिला के जनता के 45 वर्षों का डिमांड क्षेत्र में रेलवे लाइन संपर्क योजना करोड़ जनता को लाभान्वित होने वाला योजना को अतिथि गृह कार्य लगाने के लिए विस्तृत चर्चा किया गया डीआरएम विनोद कुमार ने बताया कि बहुत जल्द ही रेलवे लाइन का काम धरातल पर उतरेगा मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने कहा कि जब तक रेलवे लाइन बनेगा नहीं तब तक आंदोलन चालू रहेगा संयोजक धनंजय कुमार ने कहा कि अरवल जिला को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए 12 वर्षों से संघर्ष जारी है और आगे भी जारी रहेगा संरक्षक बिंदेश्वरी सिंह ने कहा कि जनरल आंदोलन के माध्यम से यह रेलवे लाइन बन रहा है इसलिए आंदोलनकारी के साथ पूरे जनता है।

# लायंस क्लब ऑफ गया के द्वारा ध्वनि प्रदूषण से बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया

गया जी।लायंस क्लब ऑफ गया के द्वारा आज दिन शनिवार को शहरी क्षेत्र के बहुत ही गंभीर एवं ज्वलंत समस्या में से एक ध्वनि प्रदूषण से बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया है।जिसमे गयाजी शहर के अति व्यस्तम सड़क पर हमलोगों ने ध्वनि प्रदूषण से बचाव के लिए संदेश के साथ साथ संदेश लिखा हुआ स्टीकर लगभग ३०० आटो , रिक्शा एवं टेम्पो पर चिपका कर एक अच्छा संदेश लायन्स क्लब ऑफ गया के द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष ला० विनय वर्मा ह्य ला० डा० नन्द किशोर गुप्ता, ला० डाङ्ग उमेश कुमार, ला० डाङ्ग अभिषेक मृनाल ह्य ला० नीरज कुमार ह्य ला० राजु कुमार रवि ह्य ला० संजय कुमार ह्यला० मनीष जैन, ला० राजीव शर्मा ह्य ला० फनी भूषण चरण सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिये है।

# मगध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक सह प्राचार्य स्व. डॉ शिवकुमार शर्मा उर्फ गाँधी जी की मनाई गई पांचवी पुण्यतिथि

प्रातः किरण संवाददाता

गयाजी। जिले के नगर प्रखंड अंतर्गत कुजापि गाँधी नगर स्थित मगध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य स्व. डॉ ० शिव कु० शर्मा उर्फ गाँधीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्वयंसेवी संस्था ह्ल कौंसिल ऑफ मगध वूमेन एंपावरमेंट ह्ल के द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा में अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया 'इस अवसर पर औरंगाबाद सांसद सह राजद युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया' इस मौके पर सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि स्वर्गीय डॉक्टर शिवकुमार शर्मा एक शिक्षाविद के साथ-साथ एक अच्छे चिकित्सक एवं समाजसेवी के नाम से भी चर्चित थे।उन्होंने गांव के कई लोगों को सेवा भाव से सेवा करने का काम किया है।




आज उनके दोनों पुत्र उनके बताए मार्गों पर समाज सेवा के भाव से ही कई सामाजिक कार्य कर रहे हैं।ऐसे व्यक्तित्व वाले व्यक्ति को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित करता हूं।इस अवसर पर डॉ ० शर्मा के स्मृति में विभिन्न सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की गई , जिनमें वृक्षारोपण, वंचित बच्चों में शैक्षनिक किट वितरण, छात्रों में मिष्टान वितरण तथा वंचित वर्ग के लोगों में वस्त्र वितरण शामिल था ' कार्यक्रम की शुरूआत श्रद्धांजलि सभा से हुई,जिसमें विद्यालय के शिक्षकों ,छात्रों, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया ' विद्यालय के प्राचार्य एवं उनके पुत्र प्रवीण रंजन गाँधी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लपिता एक शब्द नहीं, वो जीवन का आधार होते हैं - पिता वो नींव हैं, जिस पर हमारा पूरा जीवन खड़ा होता है। सभा में उपस्थित डॉ ० विनोद कु०,श्री राज कु०प्रजापति, डॉ ० एम०एस०अली,डॉ ० सुनिल कु ०, डॉ० घनश्याम कु०, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय से शोधार्थी रवि कु०, अमृत राज, नितीश कुमार हलचल, कृष्णा कु०, शिवम कु० ,अजय कु०, विद्यालय शिक्षिका सोनाली अंजली जॉन, शिक्षक शैलेंद्र कुमार मिश्रा ,सुधीर कु० आदि ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।वही वक्ताओं ने दिवगंत प्रधानाचार्य की व्यक्तित्व, अनुशासन, नेतृत्व और शिक्षा के प्रति समर्पण पर विस्तार से चर्चा की ' वक्ताओं ने उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत, सच्चा शिक्षक और समाजसेवी बताया '

इसके पश्चात विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए ' यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति दिवगंत प्राचार्य की सोच को सम्मान देने के उद्धेश्य से की गई '

कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय समिति ने आसपास के जरुरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को वस्त्र वितरण कर उनके जीवन में सहयोग और सम्मान का संदेश दिया ' स्वयंसेवी संस्था के अध्यक्ष नवीन रंजन एवं विद्यालय प्रबंधन समिति ने संयुक्त रूप से घोषणा किया कि वंचित समाज के बच्चों के लिए विद्यालय के द्वारा निःशुल्क शिक्षा दिया जायेगा एवं दिवगंत प्रधानाचार्य की स्मृति में हर वर्ष इस प्रकार के सामाजिक और शैक्षिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ' धन्यवाद ज्ञापन स्वयंसेवी संस्था के सचिव सुश्री तमकनत ने किया ' मंच का संचालन दिवेश कु० वर्मा ने किया '

# व्यापार

संसेक्स 80599.76 पर बंद | निफ्टी 24565.03 पर बंद | सोना 96,810 | चांदी 114,000

# सीईओ सी विजयकुमार पर एचसीएलटेक मेहरबान

## फिर बढ़ाया कार्यकाल; टीसीएस-इंफोसिस के प्रमुखों को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एससीएलटेक ने सीईओ सी विजयकुमार पर मेहरबानी दिखाते हुए उनका कार्यकाल फिर से बढ़ा दिया है। विजयकुमार ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10.85 मिलियन डॉलर (करीब 94.6 करोड़ रुपये) कमाए। यह वेतन उन्हें भारत की आईटी कंपनियों के सबसे ज्यादा कमाने वाले सीईओ में शामिल करता है। उन्होंने टीसीएस और इंफोसिस के सीईओ से भी ज्यादा वेतन पाया।

कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, एचसीएलटेक के बोर्ड ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए उनका वेतन 18.6 मिलियन डॉलर (करीब 154 करोड़ रुपये) करने की मंजूरी दे दी है। यह मौजूदा वेतन से 71 फीसदी अधिक है।



### विजयकुमार के वेतन में 1.96 मिलियन डॉलर मूल वेतन

कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में विजयकुमार के वेतन में 1.96 मिलियन डॉलर का मूल वेतन और 1.73 मिलियन डॉलर का परफोर्मेंस-आधारित बोनस शामिल था। उनकी कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा दीर्घकालिक प्रोत्साहनों से आया, जिसमें 6.96 मिलियन डॉलर मूल्य की प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयां (आरएसयू) शामिल थीं। इसके अतिरिक्त 0.20 मिलियन डॉलर लाभ और अनुलाभों के रूप में प्रदान किए गए।

### टीसीएस-इंफोसिस के सीईओ से भी अधिक रहा विजयकुमार का वेतन

विजयकुमार का वित्त वर्ष 2025 का वेतन उन्हें भारत की शीर्ष दो आईटी कंपनियों के अपने समकक्षों से आगे रखता है। इस अवधि में टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन को 26.52 करोड़ रुपये, और इंफोसिस के सीईओ सलिल पारेख को 80.62 करोड़ रुपये वेतन मिला। एचसीएलटेक के सीईओ विजयकुमार की कमाई विप्रो** के सीईओ श्रीनिवास पल्लिया (करीब 53.6 करोड़ रुपये) और टेक महिंद्रा के सीईओ मोहित जोशी (53.9 करोड़ रुपये) से भी अधिक रही।

### विजयकुमार के सीईओ बनने के बाद से 3.8 गुना बढ़ा कंपनी का बाजार पूंजीकरण

विजयकुमार 2016 से कंपनी के सीईओ हैं और अमेरिका में रहते हैं। उनका वेतन कंपनी की अमेरिकी ब्रांच एचसीएल अमेरिका इंक. से मिलता है। कंपनी ने बताया कि 1016 में जब विजयकुमार सीईओ बने थे, तब एचसीएलटेक का बाजार पूंजीकरण 1,15,000 करोड़ रुपये था, जो अब 4,32,000 करोड़ रुपये हो गया है, जो वित्त वर्ष 2016 से 3.8 गुना वृद्धि दर्शाता है। इसी अवधि में, शीर्ष पांच में शामिल अन्य चार प्रमुख भारतीय सूचीबद्ध आईटी सेवा फर्मों का बाजार पूंजीकरण लगभग 2.5 गुना बढ़ा है।

### कंपनी के बोर्ड ने नया वेतन लागू करने की दी मंजूरी

कंपनी के बोर्ड ने 1 अप्रैल 2025 से विजयकुमार का नया वेतन लागू करने की मंजूरी दे दी है। इसमें स्थिर वेतन और बोनस दोनों में बढ़ोतरी की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह बढ़ा हुआ वेतन उनके सफल नेतृत्व और कंपनी के विकास में दिए गए योगदान को मान्यता देने के लिए है।

### जून तिमाही में मुनाफा 9.7 प्रतिशत घटा

हालांकि, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का जून तिमाही में मुनाफा 9.7 प्रतिशत घटकर 3,843 करोड़ रुपये रह गया। ऐसा एक ग्राहक के दिवालिया होने और खर्च बढ़ने की वजह से हुआ। लेकिन कंपनी को आने वाले समय में बेहतर बुकिंग की उम्मीद है, इसलिए उन्होंने सालाना राजस्व वृद्धि का अनुमान 3-5 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह 2-5 प्रतिशत था। शेयर बाजार में शुक्रवार को एचसीएलटेक के शेयर 0.98 प्रतिशत गिरकर 1,452.95 रुपये पर बंद हुए।

## केआरएन हीट एक्सचेंजर का क्यू1 एफवाय26 मुनाफा 35 प्रतिशत उछला

जयपुर। केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड जो कि एल्यूमिनियम/कॉपर फिन्स, कॉपर ट्यूब हीट एक्सचेंजर्स, वॉटर कॉइल्स, कंडेंसर और एवापोरेटर कॉइल्स के प्रमुख निर्माता और निर्यातकों में से एक है, ने एफवाय26 की पहली तिमाही के लिए अपने अनॉडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संतोष कुमार ने कहा- हमने एफवाय26 की एक मजबूत शुरुआत की है। हमारी सहायक कंपनी केआरएन एचवीएसी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत नीमराणा सुविधा का सफलतापूर्वक चालू होना हमारे विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह अत्याधुनिक निर्माण केंद्र हमारी उत्पादन क्षमताओं के स्थानीयकरण, घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों को अधिक प्रभावी ढंग से सेवा देने, और बैकवर्ड इंटिग्रेशन को सशक्त करने की क्षमता को काफी हद तक बढ़ाता है।

एचवीएसी उद्योग को अभी भी मजबूत सकारात्मक कारकों का लाभ मिल रहा है – जिनमें सतत बुनियादी ढांचे का विकास, ऊर्जा-कुशल प्रणालियों को बढ़ता अपनाना और थर्मल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग शामिल है। केआरएन इन प्रवृत्तियों के अनुरूप रणनीतिक रूप से कार्य कर रही है, और हम अपने ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से अपनी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं।

पीएलआइ प्रोत्साहन की मंजूरी के साथ, हम अपनी वैल्यू चेन को और सुदृढ़ कर रहे हैं और भारत तथा वैश्विक स्तर पर प्रमुख बाजारों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत बना रहे हैं।

## महिंद्रा की झोली में आई एक और कंपनी, 650 रुपये प्रति शेयर पर हुई थी डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) की झोली में एक और कंपनी आई है। दरअसल, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने स्व्रू इसुजु लिमिटेड (एसएमएल) में 58.96 प्रतिशत नियंत्रण हिस्सेदारी के अधिग्रहण के पूरा कर लिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। इस अधिग्रहण के साथ स्व्रू इसुजु लिमिटेड का नाम बदलकर स्व्रू महिंद्रा




लिमिटेड किया जाएगा। इसकी मंजूरी कंपनी के निदेशक मंडल ने दे दी है। अब इसे रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी), अन्य केंद्रीय रजिस्ट्रेशन सेंटर, निकायों से हरी झंडी का इंतजार है।

**मैनेजमेंट में बदलाव-** महिंद्रा समूह में एयरोस्पेस एवं डिफेंस, ट्रक, बस एवं निर्माण उपकरण विभाग के अध्यक्ष विनोद सहाय को स्व्रू इसुजु लिमिटेड का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, वेंकट श्रीनिवास ने कार्यकारी कार्यालय के मुख्य निदेशक का कार्यभार संभाला है। बता दें कि महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 650 रुपये प्रति शेयर की दर से स्व्रूमें 58.96 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करने पर सहमति व्यक्त की थी।

## अनिल अंबानी लोन फ्रॉड मामले में पहली गिरफ्तारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी समूहों के लिए फर्जी बैंक गारंटी जारी करने वाले गिरोह के संचालन के आरोप में ओडिशा की एक कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह द्वारा रिलायंस समूह की एक कंपनी के लिए कथित रूप से 68 करोड़ रुपये की गारंटी भी प्रदान की गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को धन शोधन के इस मामले में भुवनेश्वर स्थित 'बिस्वाल ट्रेडलिंक' कंपनी के खिलाफ छापेमारी शुरू की थी।

**क्या है डिटेल-** सूत्रों ने बताया कि 'बिस्वाल ट्रेडलिंक' के प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को भुवनेश्वर से हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि अदालत ने उसे छह अगस्त तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया है। ईडी द्वारा पीएमएलए के तहत दर्ज किया गया मामला दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा नवंबर 2024 में दर्ज की गई एक प्राथमिकी से जुड़ा है।

**शुक्रवार को हुई थी तलाशी-** ईडी ने शुक्रवार को कंपनी के भुवनेश्वर स्थित तीन परिसरों और कोलकाता स्थित एक ''सहयोगी'' कंपनियों की तलाशी ली थी। एजेंसी के सूत्रों ने आरोप लगाया कि यह कंपनी आठ प्रतिशत कमीशन लेकर ''फर्जी'' बैंक गारंटी जारी करने का काम कर रही थी।

## एलआईसी में फिर हिस्सेदारी बेच रही सरकार, मर्चेंट बैंक से लीगल फर्म तक पर हुआ फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य वित्तीय संस्थानों में एक बार फिर हिस्सेदारी बेचने वाली है। इसके लिए मर्चेंट बैंकरों और कानूनी सलाहकारों की नियुक्ति की गई है। निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने यह जानकारी दी। चावला ने कहा कि जहां तक एलआईसी का सवाल है, हमने आरएफपी (प्रस्ताव के लिए आग्रह) प्रक्रिया पूरी कर ली है। मर्चेंट बैंकरों और कानूनी सलाहकारों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मर्चेंट बैंकर सभी वित्तीय संस्थानों के लिए काम करेंगे।




**फरवरी में बोलियां आमंत्रित-** बता दें कि दीपम ने फरवरी के महीने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सूचीबद्ध वित्तीय संस्थानों में अपनी हिस्सेदारी बेचने में सरकार की सहायता को मर्चेंट बैंकर, कानूनी फर्मों से बोलियां आमंत्रित की थीं। दीपम द्वारा जारी दो आरएफपी (प्रस्ताव हेतु अनुरोध) के अनुसार, मर्चेंट बैंकरों और कानूनी सलाहकारों को तीन साल के लिए पैनल में शामिल किया जाएगा, जिसे एक और साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि मर्चेंट बैंकर वित्तीय संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से संबंधित सभी लेनदेन की देखरेख करेंगे।

### एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी

सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसने मई, 2022 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे पर 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। इस शेयर बिक्री से सरकार को लगभग 21,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। सरकार को 16 मई, 2027 तक अनिवार्य 10 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए एलआईसी में 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी और बेचने की आवश्यकता है। इसके अलावा, पांच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अभी भी न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंड पूरा करना बाकी है।

### सेबी के मानदंड को मानना जरूरी

वर्तमान में, कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने अभी तक बाजार नियामक सेबी द्वारा निर्धारित न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंड को पूरा नहीं किया है। सरकार ने ऐसी गैर-अनुपालन संस्थाओं के लिए सरकारी हिस्सेदारी कम करने और सार्वजनिक फ्लोट मानदंडों को पूरा करने की समय सीमा एक अगस्त, 2026 निर्धारित की है।

## अमेरिकी टैरिफ के दबाव से एफपीआई का रुख बदला, जुलाई में बाजार से निकाले 17741 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय बाजारों से कुल 17,741 करोड़ रुपये निकाले। इसी के साथ वे इक्विटी बाजार में शुद्ध विक्रेता बन गए हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

अप्रैल, मई और जून के दौरान लगातार तीन महीनों के सकारात्मक निवेश के बाद यह एफपीआई द्वारा नकारात्मक निवेश का पहला महीना है। जुलाई के आखिरी हफ्ते में अचानाक हुई बिकवाली के चलते धारणा में यह भारी बदलाव आया। 28 जुलाई से 1 अगस्त के बीच, विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से 17,390.6 करोड़ रुपये निकाले। इससे कुल मासिक आंकड़ों पर गहरा असर पड़ा और जुलाई का निवेश नकारात्मक दायरे में चला गया।

**एफपीआई ने 2025 में अब तक 1,10,795 करोड़ रुपये निकाले-** यह बिकवाली दबाव मुख्य रूप से अमेरिका की ओर से लगाए गए ने टैरिफ शुल्कों के




कारण है। इसका असर कई अन्य देशों के साथ भारत पर भी भारी पड़ा। जुलाई में हुई हालिया बिकवाली के साथ, कैलेंडर वर्ष 2025 में एफपीआई द्वारा कुल शुद्ध बहिर्वाह अब 1,01,795 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

**मई में एफपीआई का प्रदर्शन अब तक सबसे अधिक रहा-** आंकड़ों से यह भी पता चला कि मई में 2025 में अब तक सबसे अधिक एफपीआई प्रवाह देखा गया। वहीं जनवरी में सबसे बड़ी बिकवाली देखी गई। इसमें 78,027 करोड़ रुपये की शुद्धि बिक्री हुई।

**टैरिफ और भू-राजनीतिक तनाव का पड़ेगा असर-** एफपीआई के रुझान में बदलाव से भारतीय इक्विटी बाजार के लिए चिंताएं बढ़ गई हैं। इसे पिछले महीनों में विदेशी निवेशकों से मजबूत समर्थन मिल रहा था।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से पारस्परिक टैरिफ और अमेरिका और रूस के बीच भू-राजनीतिक तनाव जैसे वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम आने वाले हफ्तों में एफपीआई व्यवहार को प्रभावित करते रहेंगे ।

**पिछले महीनों का प्रदर्शन-** पिछले महीने जून में, एफपीआई ने भारतीय बाजार में 14,590 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। मई में, विदेशी निवेशकों ने 19,860 करोड़ रुपये का निवेश किया। इससे एफपीआई प्रवाह के लिहाज से यह साल का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला महीना बन गया। हालांकि, इस साल की शुरुआत में, एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से अच्छी-खासी रकम निकाली थी। उन्होंने मार्च में 3,973 करोड़ रुपये, जबकि जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये और फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

## टाटा या अडानी, सोमवार को किस पावर शेयर में होगी हलचल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पावर सेक्टर की दो बड़ी कंपनियां- टाटा पावर और अडानी पावर ने जून तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बीते शुक्रवार को जारी तिमाही नतीजे में दोनों कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अब सोमवार को अडानी पावर और टाटा पावर के शेयर फोकस में रहेंगे। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कि दोनों कंपनियों के शेयर में किस पर दांव लगाना सही है।

**आपको कौन सा शेयर खरीदना चाहिए?-** जून तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद कौन सा शेयर खरीदना चाहिए, इस पर मिंट से एसएमसी ग्लोबल की सीमा श्रीवास्तव ने कहा- लॉन्ग टर्म के आउटलुक से अडानी पावर अपनी हाई डेवलपमेंट कैपिसिटी और लगभग 10-15 के कम पी/ई रेश्यो के कारण ज्यादा आकर्षक प्रतीत होता है। वहीं, टाटा पावर का पूर्व पी/ई रेश्यो 0.4-4.5 प्रतिशत है।

### टाटा पावर के नतीजे

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में टाटा पावर का मुनाफा 6 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,262 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1,189 करोड़ रुपये रहा था। जून तिमाही के दौरान कंपनी की आय बढ़कर 17,464 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 16,810 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने महाराष्ट्र के प्रमुख क्षेत्रों में अपने वितरण का विस्तार करने के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। यह कंपनी के 2030 तक चार करोड़ ग्राहकों तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप है। जून तिमाही में अडानी पावर का मुनाफा 15.5 प्रतिशत घटकर ?3,305.13 करोड़ रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह ?79 करोड़ था।

## कृषि-डेयरी क्षेत्रों के लिए अमेरिका को रियायत देने को तैयार नहीं भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) में कृषि उत्पादों, डेयरी और जीएम खाद्य पदार्थों पर शुल्क रियायत बढ़ाने पर अपना रुख साफ कर दिया है। अमेरिका और भारत के साथ अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की है कि 7 अगस्त से अमेरिकी बाजारों में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा। इससे पहले यह शुल्क एक अगस्त से लगाया जाना था। हालांकि, राष्ट्रपति ने यह भी नहीं बताया कि रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने पर उन्होंने भारत पर कितना जुर्माना लगाने की घोषणा की है। भारत के रुख के पीछे के कारणों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को समझाने के लिए आइए जानते हैं कुछ



अहम सवालों के जवाब।

भारत और अमेरिका ने मार्च 2025 में एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी बीटीए के लिए वार्ता शुरू की, जिसका लक्ष्य 2025 के अक्तूबर-नवंबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना है। अब तक पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है। अगले दौर के लिए, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिकी टीम 25 अगस्त से भारत दौरे पर आ रही है।

**बीटीए का मकसद क्या है?-** आमतौर पर किसी व्यापार समझौते में, दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क या तो काफी कम कर देते हैं या उसे पूरी तरह से समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और दोतरफा निवेश बढ़ाने के लिए मानदंडों को आसान बनाते हैं। भारत-अमेरिका बीटीए का लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान के 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

**बीटीए में दोनों देशों की एक दूसरे से प्रमुख मांगें क्या हैं?-** अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, कृषि वस्तुओं, डेयरी वस्तुओं, सेब, वृक्ष नट्स और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।

वहीं, भारत इस अतिरिक्त टैरिफ (वर्तमान में 25 प्रतिशत) को हटाने तथा इस्पात और एल्युमीनियम (50 प्रतिशत), ऑटो क्षेत्र (25 प्रतिशत), श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले पर टैरिफ में कटौती की मांग कर रहा है।

### 25 प्रतिशत शुल्क कब से लागू होगा?

इस सप्ताह घोषित यह शुल्क 7 अगस्त (भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे) से लागू होगा। कार्यकारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 5 अक्टूबर, पूर्वी डेलाइट समय (ईडीटी) के अनुसार रात 12:01 बजे या भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे तक पारगमन में मौजूद वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा, बशर्ते कि ऐसी वस्तुएं 7 अगस्त, पूर्वी डेलाइट समय के अनुसार रात 12:01 बजे से पहले पारगमन में प्रवेश कर गई हों। भारत डेयरी, कृषि और जीएम खाद्य पदार्थों पर शुल्क रियायत देने के लिए तैयार क्यों नहीं है?

**कृषि-** कृषि आजीविका दांव पर है। यह राजनीतिक और आर्थिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है क्योंकि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 70 करोड़ से ज़्यादा लोग इस क्षेत्र पर निर्भर हैं। अगर भारत टैरिफ हटाता है, तो वैश्विक कीमतों में गिरावट के दौरान सस्ते, सब्सिडी वाले अमेरिकी अनाज भारतीय बाजारों में भर सकते हैं। अमेरिका के उलट, जहां कृषि का निगमीकरण हो चुका है, भारतीय खेती आजीविका से जुड़ा मसला है।

# ओवल टेस्ट- इंग्लैंड की पारी लड़खड़ाई

● ओली पोप आउट ● सिराज सीरीज के टॉप विकेट टेकर, टंग को पीछे छोड़ा ● 374 चेज कर रही इंग्लैंड के 3 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने ओवल टेस्ट में इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का टारगेट दिया है। जवाब में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 154 रन बना लिए थे। ओली पोप (27 रन) को मोहम्मद सिराज ने एलबीडब्ल्यू किया। वे इस सीरीज के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने जोश टंग (19 विकेट) को पीछे छोड़ा। बेन डकेट (54 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया।

रविवार को मैच का चौथा दिन था और पहला सेशन जारी है। भारत जीत से 5 विकेट दूर थी, क्योंकि क्रिस वोक्स इंजरी के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। वहीं, इंग्लैंड को आखिरी 2 दिन में 253 रन बनाने हैं।

मुकाबले के तीसरे दिन भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर ऑलआउट हुआ। इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे।

## दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत** – शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, प्रसिद्ध कृष्णा।

**इंग्लैंड** – ओली पोप (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैकब बेथेल, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, जैमी ओवर्टन, जोश टंग।

# साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली कश्यप संग फोटो शेयर की

## 19 दिन पहले अलग हुए थे, अब लिखा- हम फिर कोशिश कर रहे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बैडमिंटन ओलिंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली कश्यप के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा- कभी-कभी दूरियों से इंसान की अहमियत समझ आती है। यहां हम फिर से कोशिश कर रहे हैं। साइना नेहवाल ने 19 दिन पहले इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट करते हुए लिखा था कि उन्होंने पति से अलग होने का फैसला कर लिया है।

**पहाड़ों के बैकग्राउंड के साथ फोटो शेयर की** – साइना ने पारुपल्ली कश्यप को टैग किया और फोटो शेयर की। इसमें दोनों पहाड़ों के बैकग्राउंड में खड़े नजर आए। जहां पीछे की ओर पानी भी नजर आया। साइना ने शनिवार शाम 7 बजे यह पोस्ट की। साइना नेहवाल ने 13 जुलाई को इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, बहुत सोच-विचार के बाद कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है। साइना ने लिखा, जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद।

**7 साल पहले हुई थी शादी, ट्रेनिंग के दौरान मिले थे** – साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे।

# साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूसीएल का खिताब जीता

## फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया, एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया।मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट खोकर 196 रन का टारगेट हासिल कर लिया। एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए। डिविलियर्स को उनके शतक और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।



**शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए** – पाकिस्तान के लिए शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। उनके अलावा उमर अमीन ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। आसिफ अली ने 28 और शोएब मलिक ने 20 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका के लिए हार्डस विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए। डुआने ओलिवियर को एक विकेट मिला।

**डुमिनी ने नाबाद 50 रन बनाए** –एबी डिविलियर्स ने 60 गेंदों में नाबाद 120 रन बनाए। जेपी डुमिनी ने 28 गेंदों में नाबाद 50 रन की पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी निभाई। इस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी।

**पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत** – इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे।

**डब्ल्यूसीएल प्राइवेट लीग, इसे अजय देवगन की कंपनी करा रही** – डब्ल्यूसीएल-टी-20 क्रिकेट लीग है। इसमें दुनिया भर के रिटायर्ड प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 6 टीमें इंडिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। लीग का आयोजन बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड करा रहे हैं। लीग का यह दूसरा सीजन था। पहले सीजन में भारत चैंपियन बना था।

# वेस्टइंडीज ने दूसरा टी-20 जीता

## पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 की बराबरी पर; जेसन होल्डर ने लिए 4 विकेट

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने लॉडरहिल (फ्लोरिडा) के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 133 रन बनाए, जबकि वेस्टइंडीज ने 134 रन के लक्ष्य को 8 विकेट खोकर 19.4 ओवर में हासिल कर लिया। जेसन होल्डर ने 4 विकेट लेने के साथ ही 16 रन बना कर वेस्टइंडीज की जीत में अहम भूमिका निभाई।



**पाकिस्तान की बल्लेबाजी- खराब शुरुआत, सलमान और नवाज ने संभाला** – टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 9 रन बनाकर आउट हुए, जबकि दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान 16 रन पर पवेलियन लौट गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मोहम्मद हारिस भी 21 रन के कुल स्कोर पर आउट हो गए। पावरप्ले (पहले 6 ओवर) में पाकिस्तान ने 3 विकेट खोकर मात्र 24 रन बनाए।इसके बाद सलमान आगा और हसन नवाज ने पारी को संभालने की कोशिश की। सलमान आगा ने 33 गेंदों में 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने पहले फखर जमान के साथ चौथे विकेट के लिए 27 गेंदों में 32 रन की साझेदारी की और फिर हसन नवाज के साथ 39 गेंदों में 60 रन की साझेदारी कर स्कोर को 130 के पार पहुंचाया। हसन नवाज ने 23 गेंदों में 40 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें 1 चौका और 4 छक्के शामिल रहे। उनकी इस पारी ने पाकिस्तान को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

**वेस्टइंडीज की गेंदबाजी- होल्डर ने लिए 4 विकेट** –वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट झटके। गुकेश मोटी ने 4 ओवर में 39 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि अकील हुसैन और रोस्टन चेज को 1-1 विकेट मिला।


**वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी- शुरुआत खराब, फिर संभली पारी** – 134 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज एलिक अथानाजे 2 रन बनाकर आउट हुए, जबकि दूसरे ओपनर ज्वेल एंड्रयू 12 रन पर पवेलियन लौट गए। पावरप्ले में वेस्टइंडीज ने 2 विकेट खोकर 34 रन बनाए। इसके बाद गुकेश मोटी (28 रन), कप्तान शाई होप (21 रन), रोस्टन चेज (16 रन) और जेसन होल्डर (16 रन) ने उपयोगी योगदान दिया। रोमारियो शेफर्ड ने 11 गेंदों में 15 रन और ज्वेल एंड्रयू ने 12 गेंदों में 10 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में वेस्टइंडीज ने 2 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

**पाकिस्तान की गेंदबाजी- नवाज और अयूब ने दिखाया दम** – पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। सईम अयूब ने भी 4 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। हालांकि, अन्य गेंदबाजों का प्रदर्शन औसत रहा, जिसके कारण पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा।

# एशिया कप, भारत-पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में खेलेंगे

## फाइनल समेत सुपर-4 के एक मैच को छोड़कर सभी मैच यहीं होंगे; टूर्नामेंट 9 सितंबर से

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मेंस एशिया कप के मुकाबलों के लिए वेन्यू का ऐलान कर दिया। हालांकि, शेड्यूल का ऐलान पहले ही किया जा चुका था। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (श्च) में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितंबर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।




**भारत का पहला मैच यूएई से**

भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को श्च, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

- **पिछला एशिया कप पाकिस्तान ने होस्ट किया था** – एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि, भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था।
- **पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव** –अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आएगा। इसलिए एसीसी टूर्नामेंट को यूएई में कराया जा रहा है।
- **भारत ने 8 बार जीता एशिया कप** – एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

# बीसीसीआई आयु-धोखाधड़ी रोकने के लिए करने जा रहा है स्क्रीनिंग एजेंसी नियुक्त

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आयु-धोखाधड़ी रोकने और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी को नियुक्त करने जा रहा है। बीसीसीआई के अनुसार आयु-धोखाधड़ी और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया में है। हाल ही में एक आरएफपी जारी किया गया है, जिसमें सत्यापन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इस आउटसोर्स एजेंसी के अगस्त के अंत तक स्थापित होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि यह मामला खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज या प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए से संबंधित है। बीसीसीआई का उद्देश्य इस प्रक्रिया को पेशेवर बनाना और अधिक आयु के खिलाड़ियों के इस प्रणाली में प्रवेश करने की किसी भी संभावना को समाप्त करना है। बीसीसीआई दो-स्तरीय आयु-सत्यापन प्रणाली अपनाता है - पहले में दस्तावेजों और जन्म प्रमाण पत्रों की जांच शामिल है जबकि दूसरा अस्थि परीक्षण है, जिसे आमतौर पर टीडब्ल्यू3 (टैनर-व्हाइटहाउस 3) पद्धति के रूप में जाना जाता है।



ये सत्यापन आमतौर पर लड़कों के लिए अंडर-16 स्तर पर और लड़कियों के लिए अंडर-15 स्तर पर किए जाते हैं। बीसीसीआई ने बोली लगाने वाली संस्थाओं से अपेक्षित आवश्यकताओं की रूपरेखा तैयार की है। एक हालिया अधिसूचना के अनुसार, बोली लगाने वाली कंपनियों/एजेंसियों के पास प्रतिष्ठित फर्मों को पृष्ठभूमि सत्यापन सेवाएं प्रदान करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इनमें कॉर्पोरेट कंपनियां शैक्षणिक बोर्ड/संस्थान और भर्ती निकाय शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। इसके अलावा इच्छुक पक्षों के पास एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क या सभी भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भौतिक और डिजिटल दोनों तरह से सत्यापन करने की क्षमता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई वर्ष में इसी समय जुलाई और अगस्त के आसपास आयु सत्यापन करता है। इस वर्ष यह प्रक्रिया सितंबर तक भी बढ़ सकती है क्योंकि एजेंसी के इस महीने के अंत तक काम शुरू करने की उम्मीद है। सत्यापन राज्यवार किया जाता है और प्रत्येक राज्य से, प्रत्येक बालक और बालिका वर्ग में, 40-50 खिलाड़ियों को परीक्षण प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

# ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने डीपीएल 2025 में की विजयी शुरुआत, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान अनुज रावत (55) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण के शुरुआती मुकाबले में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह में डीपीएल शानदार आगाज हुआ।



दर्शकों ने सुनंदा शर्मा, रफ्तार, कृष्णा और सीधे माउत के जोशीले प्रदर्शनों का आनंद लिया। समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी, डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला उपस्थित थे। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी ने प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'मैं सभी टीमों और खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह टूर्नामेंट प्रतिभा, टीम वर्क 'और खेल भावना का उत्सव बने। मैं रोमांचक क्रिकेट देखने के लिए उत्सुक हूं और आशा करती हूं कि यह आयोजन हमारे शहर के युवाओं को खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा।

डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'दिल्ली प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन आज आधिकारिक रूप से शुरू हो रहा है और यह स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। मैं इस वर्ष भाग लेने वाली सभी टीमों और खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। आशा करता हूं कि लीग का कद बढ़ता रहे और उभरते सितारों को चमकने के लिए एक मजबूत मंच मिले। दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज और पूर्वी दिल्ली राइडर्स के बीच शुरुआती मुकाबला हुआ जो बेहद रोमांचक रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज ने 20 ओवरों में छह विकेट पर 169 रन बनाए। सुपरस्टार्ज को शुरुआती झटका तब लगा जब कुंवर बिधूड़ी दूसरी ही गेंद पर अजय अहलावत का शिकार बन गए। सलामी बल्लेबाज सार्थक रे और कप्तान आयुष बदौनी ने 43 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला, लेकिन बदौनी 20 गेंदों पर 25 रन बनाकर आउट हो गए। लगातार विकेट गिरने के कारण उनका स्कोर 82/5 हो गया ऐसे संकट के समय में सार्थक रे के साथ विजन पांचाल क्रीज पर आए। सार्थक रे और विजन पांचाल ने छठे विकेट के लिए 32 रनों की अटूट साझेदारी की, जिसमें पांचाल ने 15 गेंदों पर 29 रनों की तेज पारी खेली। इसके बाद अभिषेक खंडेलवाल ने 23 गेंदों पर नाबाद 40 रनों की पारी खेली, जबकि सार्थक रे 35 गेंदों पर 41 रन बनाकर नाबाद रहे और सुपरस्टार्ज को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। 170 रनों के लक्ष्य के जवाब में, ईस्ट दिल्ली राइडर्स के सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा और सुजल सिंह ने 4.3 ओवर में 33 रनों की साझेदारी की, लेकिन राणा 15 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हो गए।

# महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 में शामिल होने की पुष्टि की

## सीएसके की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ ही संभालेंगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** इस साल चोटिल रुतुराज गायकवाड़ से 5 बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कमान संभालने के बाद तूफानी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अगले साल के संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और कहा है कि रुतुराज कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे। धोनी ने एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कहा कि उन्हें चेन्नई के साथ अपने लंबे समय से जुड़े जुड़ाव, चेन्नई के प्रशंसकों से मिले प्यार, स्नेह और समर्थन की याद आती है। चेन्नई के प्रति उनका प्यार तब स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जब उन्होंने कहा कि इसी शहर ने उन्हें 2005 में पहला टेस्ट और 2008 में आईपीएल का पहला मैच दिया था। धोनी ने इस साल के संस्करण में टीम की समस्याओं और संतुलन की बात स्वीकार की, लेकिन यह भी कहा कि अगले साल सीएसके की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है।

# पीसीबी का बड़ा फैसला

## अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाकिस्तान

### भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन; साउथ अफ्रीका चैंपियन बना

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इनकार कर दिया था। इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की । पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संचालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।



**पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत** – इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे। भारत ने यह फैसला कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण लिया था।

**डब्ल्यूसीएल बोला था- हम जो करते दर्शकों के लिए करते हैं** –डब्ल्यूसीएल टी-20 क्रिकेट लीग है। इसमें दुनिया भर के रिटायर्ड प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 6 टीमों इंडिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने हिस्सा लिया। लीग का आयोजन बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड करा रहे हैं। लीग का यह दूसरा सीजन था। पहले सीजन में भारत चैंपियन बना था।

**साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूसीएल का खिताब जीता** – साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकारी आवास किया खाली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायपालिका के प्रमुख का आधिकारिक आवास खाली कर दिया है। भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 8 नवंबर, 2024 को रिटायर्ड हो गए थे। हाल में नई दिल्ली के कृष्ण मेनन मार्ग स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास पर उनके निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने को लेकर विवाद हो गया था। जस्टिस चंद्रचूड़ ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा था कि सामान बांध लिया गया है और वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जल्द ही किराए पर सरकारी आवास में चले जाएंगे। जस्टिस चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना और बेटियां प्रियंका व माही कृष्ण मेनन मार्ग, नई दिल्ली स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास में रह रहे थे। प्रियंका और माही दोनों दिव्यांग हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बंगले में निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा था, हमने वास्तव में अपना सामान बांध लिया है। हमारा सामान पहले ही पूरी तरह बांधा जा चुका है। कुछ सामान पहले ही नए घर में भेज दिया गया है और कुछ यहां भंडार कक्ष में रखा हुआ है। वह सुप्रीम कोर्ट प्रशासन की ओर से केंद्र सरकार को भेजे गए पत्र का जवाब दे रहे थे। पूर्व सीजेआई ने विवाद पर दुख जताया था और अपनी बेटियों की मेडिकल स्थिति का हवाला दिया था, जिन्हें व्हीलचेयर अनुकूल घर की आवश्यकता थी। घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा था कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना से बात की थी, जो उनके उत्तराधिकारी बने थे। चंद्रचूड़ ने उन्हें बताया था कि उन्हें 14 तुगलक रोड स्थित बंगले में लौटना है, जहां वह प्रधान न्यायाधीश बनने से पहले रहते थे। न्यायमूर्ति खन्ना ने जस्टिस चंद्रचूड़ को प्रधान न्यायाधीश के बंगले में ही रहने को कहा था, क्योंकि न्यायमूर्ति खन्ना आधिकारिक आवास में नहीं रहना चाहते थे।

### एक दिन पहले ही बीजेपी में हुए शामिल, रणजीत सिंह गिल के घर पर सतर्कता ब्यूरो का छापा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने अकाली दल के पूर्व नेता और प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारी रंजीत सिंह गिल के परिसरों पर शनिवार को छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गिल के खिलाफ यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब वह एक दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार शाम अपने सरकारी आवास पर गिल का भाजपा में स्वागत किया। सतर्कता ब्यूरो के अधिकारियों ने चंडीगढ़ स्थित गिल के आवास पर छापेमारी की। हालांकि, इस कार्रवाई के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गिल ने हाल ही में शिरोमणि अकाली दल की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें कभी शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल का करीबी माना जाता था। गिल ने 2017 और 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में खरड़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने शुक्रवार को भाजपा में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के प्रति विश्वास जताया।

### केदारनाथ यात्रा फिर शुरू, लेकिन पहले से ज्यादा पैदल चल कर पहुंचना होगा धाम

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण यह यात्रा कई दिनों से बाधित थी। हालांकि अब बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए अब श्रद्धालुओं को पहले से ज्यादा पैदल चल कर बाबा के धाम पहुंचना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुण्ड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है। पंवार ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुए स्थल पर वाहनों के आवागमन शुरू होने तक श्रद्धालुओं को तकरीबन 22 किलोमीटर पैदल चलकर केदारनाथ धाम की यात्रा करनी होगी। बारिश होने की स्थिति में यहां पर आवागमन को अस्थायी तौर पर रोका जाएगा। अपना यात्रा करें।

# मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के 750 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा मातृ वन

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम में अब 750 एकड़ भूमि पर मातृ वन विकसित किया जाएगा। यह मातृ वन अरावली के जंगल के साथ लगती गांव घाटा और वजीराबाद की जमीन में विकसित होगा। केंद्रीय आवासन एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और पर्यावरण, वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को सेक्टर-54 में मातृ वन का शिलान्यास किया। इसका उद्देश्य बड़ी संख्या में पेड़-पौधे लगाकर मिलेनियम सिटी की हवा को स्वच्छ बनाना है।



साल के 200 दिनों तक प्रदूषित हवा में सांस लेने वाले मिलेनियम सिटी के लोगों के लिए वन विभाग की तरफ से मातृ वन विकसित करने की योजना बनाई गई है। वन विभाग द्वारा 750 एकड़ में बनने वाले इस मातृ वन में स्थानीय प्रजाति के पौधों जैसे बड़, पीपल, नीम, गुल्लर आदि के रोपण को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे आने वाले 10 वर्षों में सार्थक परिणाम देखने को मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा के वन मंत्री राव नरबीर सिंह के नेतृत्व में किया गया।

**कैक्टस गार्डन और बटरफ्लाई पार्क होंगे विकसित :** मातृ वन के लिए चिन्हित जमीन पर फिलहाल बड़ी संख्या में काबुल कीकर लगी हुई है। अब वहां पर बरगद, पीपल, गुल्लर, बेस पत्र, ईमली, पिलखन, नीम, बांस, फूल, औषधीय पौधे आदि लगाए जाएंगे। साथ ही मातृ वन में नक्षत्र वाटिका, राशि वाटिका, कैक्टस गार्डन और बटरफ्लाई पार्क भी विकसित होंगे।

**दिल्ली की हवा भी होगी स्वच्छ :** कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दुनियाभर में गुरुग्राम का नाम प्रगति के लिए लिया जाता है लेकिन अब प्रगति के साथ प्रकृति से भी जुड़ाव होना चाहिए। हम न केवल पेड़ लगाएंगे बल्कि उनकी पांच-छह वर्षों तक देखभाल भी करेंगे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति प्रतिदिन एक किलोग्राम कार्बन छोड़ता है, जबकि एक पेड़ प्रतिदिन 60 से 90 ग्राम कार्बन ग्रहण करता है। ऐसे में जीवन के लिए प्रति व्यक्ति को 15 से 16 पेड़ों की आवश्यकता होती है। यह वन ने केवल गुरुग्राम बल्कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक के वातावरण को स्वच्छ करेगा।

**कोयंबटूर की तर्ज पर तितली पार्क विकसित करने का सुझाव :** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि हरियाणा वन विभाग से कोयंबटूर की तर्ज पर तितली पार्क विकसित करने का सुझाव दिया है। इसमें औषधीय पौधों को प्राथमिकता देने की बात कही।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के लिए ऊर्जा क्षेत्र में भी नवाचारों का बढ़ावा दिया जा रहा है। कोयले के स्थान पर हाइड्रो, सोलर, न्यूक्लियर एनर्जी आदि विकल्पों को बढ़ावा दिया जा रहा। तीन महीने पहले की एक रिपोर्ट में भारत में कोयले से तैयार होनी वाली बिजली 50 फीसदी से कम हो गई है।

केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम की पहचान से जुड़े औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने को भी समय की आवश्यकता बताया। इसके लिए गुरुग्राम में जंगल सफारी, एचएसआईआईडीसी द्वारा 125 एकड़ में न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क की तर्ज पर आनंद वन विकसित करने, 500 से 600 एकड़ में डिज्नीलैंड बनाने, सिंगापुर की तर्ज पर डिज्नीलैंड या सेक्टर 29 में बड़ा एक्वेरियम बनाने, एक बड़ा कंवेंशन सेंटर बनाने के साथ बायोडायवर्सिटी पार्क को और अधिक विकसित किया जाएगा।

## सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉक्टर्स ने 6 घंटे में जोड़ा कटा हाथ

**जयपुर, एजेंसी।**
डॉक्टर साहब, कुछ कीजिए... मेरे बेटे का हाथ कट गया है... अलवर से जयपुर पहुंचे एक मां की ये चीख, शायद किसी भी डॉक्टर का दिल पिघला सकती थी। लेकिन एसएमएस अस्पताल के डॉक्टर सिर्फ भावुक नहीं हुए, उन्होंने वो कर दिखाया जिसे चमत्कार कहने में भी कोई हिचक नहीं। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में कुछ दिन पहले एक ऐसी सर्जरी हुई, जिसने ना सिर्फ एक मासूम का भविष्य बचा लिया, बल्कि मेडिकल साइंस में भरोसा और गहरा कर दिया। अलवर के रहने वाले छह साल के जसप्रीत सिंह का हाथ घास काटने की मशीन में आकर पूरी तरह कट गया था। हथेली अलग होकर जमीन पर गिर चुकी थी। चीख-पुकार मची, खेत में मौजूद हर इंसान की आंखें फटी की फटी रह गईं। परिजनों ने बिना वक्त गंवाए जसप्रीत को पास के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसे तत्काल जयपुर रेफर कर दिया गया। रात के करीब 9 बजे जब बच्चे को स्र्क्स ट्रॉमा सेंटर लाया गया, तब वहां मौजूद डॉक्टरों की टीम ने हालात की गंभीरता को पहचानते हुए देर नहीं की। 'ऑपरेशन अभी और यहीं!' यही फैसला हुआ। डॉ. प्रदीप गुप्ता की अगुवाई में डॉक्टरों की एक बड़ी टीम जिसमें डॉ. आकांक्षा वशिष्ठ, डॉ. हर्षा रेड्डी, साक्षी कश्यप, समृद्धि गुप्ता, दिलप्रीत कौर, शुभम रानी, अनामिका, रूपल और एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. वंदना मंगल शामिल थीं ने रातभर ऑपरेशन थिएटर में मोर्चा संभाला। ये कोई आम सर्जरी नहीं थी। यह वक्त और संयम की दौड़ थी। एक-एक नस को जोड़ना, मांसपेशियों को दुरुस्त करना, खून का बहाव सामान्य करना ये सब कुछ उस नन्हे हाथ को फिर से जिंदा करने के लिए ज़रूरी था। और आखिरकार, छह घंटे की मेहनत के बाद वो असंभव संभव हो गया। जसप्रीत की कटी हथेली को फिर से जोड़ दिया गया। डॉ. आकांक्षा ने बताया कि ऑपरेशन के बाद 12 दिन तक लगातार निगरानी में रखने के बाद यह देखा गया कि अंग में खून का प्रवाह सामान्य है, रंग भी ठीक है और कोई संक्रमण नहीं फैला। यह एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है। यह पूरा मामला केवल डॉक्टरों की निपुणता का उदाहरण नहीं है, बल्कि एक टीमवर्क की मिसाल है जहां किसी ने भी समय, थकान या रात का बहाना नहीं बनाया। सभी ने बच्चे की जिंदगी बचाने को ही अपनी प्राथमिकता माना।

## आंध्र प्रदेश में किसानों के खाते में आए 7-7 हजार रुपये, राज्य सरकार ने भी 47 लाख लोगों को दिया तोहफा

**अमरावती, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश सरकार ने शनिवार को 'अन्नदाता सुखीभव' योजना के तहत 47 लाख किसानों को 7-7 हजार रुपये की राशि वितरित की। इस योजना के तहत प्रत्येक किसान को प्रति वर्ष 20,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। सरकार द्वारा साझा किए गए एक वीडियो लिंक के अनुसार, 3,174 करोड़ रुपये की राज्यव्यापी पहल का शुभारंभ करते हुए, मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से दो किसानों को चेक प्रदान किए और दारसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए 29 करोड़ रुपये का चेक भी प्रदान किया।

नायडू ने प्रकाशम जिले के दारसी मंडल के पूर्वी वीरयापलेम गांव में धनराशि की पहली किश्त वितरित की।शनिवार को लाखों किसानों को दिए गए 7,000 रुपये में से 5,000 रुपये प्रदेश से, जबकि शेष 2,000 रुपये केंद्र सरकार द्वारा पीएम-किसान योजना के तहत दिए गए। पीएम-किसान के तहत केंद्र के 6,000 रुपये और राज्य के 14,000 रुपये के योगदान को मिलाकर, दक्षिणी राज्य का लक्ष्य 'अन्नदाता सुखीभव' - 'पीएम किसान' योजना के तहत पात्र किसानों को तीन किस्तों में प्रति वर्ष 20,000 रुपये वितरित करना है। राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पहली किस्त के लिए 2,343 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जबकि केंद्र ने 831 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। 'अन्नदाता सुखीभव' 2024 के चुनावों के लिए नायडू द्वारा किया गया।



## राजस्थान: जोधपुर में युवक की चार शादियां करवाईं, एक भी दुल्हन नहीं भेजी- पड़ोसियों ने रचाया शादी स्कैम

**जोधपुर , एजेंसी।**
जोधपुर से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर किसी की भी हँसी छूट सकती है, लेकिन पीड़ित की हालत ऐसी है कि अब वह शादी का नाम सुनकर ही काँप जाता है। कहानी शुरू होती है विजेंद्र भारती से–लंबे समय से कुंवारा चल रहा युवक, जो अब तक अपने अकेलेपन से निपट नहीं पाया था। लेकिन फिर एक दिन अचानक उसके पड़ोसी 'फ़रिश्ता' बनकर आए और बोले - तेरी शादी हम करवाएंगे, बस थोड़ा भरोसा और थोड़ा पैसा दे।



विजेंद्र को क्या पता था कि ये 'भरोसा' उसका सबसे बड़ा नुकसान बन जाएगा और ये पड़ोसी फ़रिश्ते नहीं, स्कैम के 'प्लानर' हैं। फिर क्या था–पहली शादी हुई, मंडप सजा, बैंड बाजा बजे, बारात चढ़ी और जैसे ही दुल्हन बस से उतरी, वो बस में ही दोबारा चढ़कर रफूचक्कर हो गई। विजेंद्र को लगा कि चलो, एक बार की बात है, गलती हो गई होगी।

पड़ोसियों ने भी झट दिलासा दिया - कोई बात नहीं भाई, अगली बार पक्की लड़की लाएंगे। दूसरी शादी की तैयारी हुई, बारात चली, लेकिन इस बार दुल्हन ने ट्रेन में बैठते ही 'फुल स्पीड' पकड़ ली और पटरियों पर लुट गया बेचारा दूल्हा।

तीसरी बार फिर मंडप सजा। विजेंद्र को अब तक यकीन हो चुका था कि उसकी किस्मत में कोई तो दुल्हन होगी। लेकिन इस बार तो हद ही हो गई–शादी की रस्में शुरू ही हुई थीं कि दुल्हन मौके से फरार! पंडित मंत्र अधूरे छोड़कर भाग गया, और बाराती थालियों की जगह माथा पकड़ कर बैठे नजर आए।

और जब चौथी बार फिर से शादी का 'सपना' दिखाया गया, तो लगा कि अबकी बार सब सही होगा। लड़की आई, शादी भी हुई, लेकिन जब विदाई का वक्त आया, तो दुल्हन ने दो टूक कह दिया - मैं तो इसके साथ नहीं जाऊंगी। विजेंद्र को उस पल समझ आ गया कि उसके साथ 'शादी' नहीं, ठगी हो रही है।

इन चार शादियों में, विजेंद्र ने कुल 3 लाख 85 हजार रुपए खर्च किए। कभी लड़की के कपड़े के नाम पर, कभी मंडप बुकिंग के बहाने, कभी दहेज की औपचारिकताओं के तर्क पर, तो कभी लड़की वालों की मर्जी का हवाला देकर। पैसे गए, लड़की नहीं आई।

## नोएडा में यूनिटेक की अधूरी परियोजनाओं में 9000 फ्लैट बनाने की तैयारी

**नोएडा , एजेंसी।**
नोएडा शहर में यूनिटेक की रुकी परियोजनाओं में करीब नौ हजार फ्लैट बनाए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित प्रबंधन ने इन फ्लैटों के टावरों का नक्शा और भूखंड का ले आउट प्लान तैयार कर मंजूरी के लिए नोएडा प्राधिकरण में जमा किया है। अब प्राधिकरण नक्शों की जांच कर मंजूरी देगा। इसके बाद ही परियोजना में काम शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यूनिटेक की परियोजनाओं में करीब 9-10 साल से काम बंद पड़ा था। करीब 17 साल से लोग फ्लैट पाने का इंतजार कर रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण ने वर्ष 2006-07 में यूनिटेक को जमीन आवंटित करनी शुरू की थी। प्राधिकरण ने सेक्टर-96, 97, 98, 113 और 117 में अलग-अलग परियोजनाओं के लिए जमीन आवंटित की। कुछ साल बाद बिल्डर ने प्राधिकरण को जमीन की कीमत देनी बंद कर दी। इससे बिल्डर पर बकाया बढ़ता गया। इस बीच कुछ साल पहले किसी मामले में वर्ष यूनिटेक के चेयरमैन सहित अन्य लोग जेल चले गए। इससे मामला फंस गया। पिछले कुछ साल से यह मामला बिल्डर और नोएडा प्राधिकरण के बीच सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन था। पिछले साल न्यायालय ने कुछ बिंदुओं पर बिल्डर के पक्ष में फैसला सुनाया। पिछले साल यूनिटेक के मामले में गठित प्रबंधन ने लॉन्च हो चुकी परियोजनाओं के नक्शे प्राधिकरण में जमा किए थे। इसके तहत प्राधिकरण ने जांच कर नक्शों को मंजूरी दे दी थी। खास बात यह है कि बीते एक साल में कोर्ट में हुई सुनवाई में प्रबंधन ने तर्क दिया कि परियोजनाओं में खाली पड़ी जमीन पर बनने वाले फ्लैटों के नक्शे भी पास किए जाएं। इसके पीछे वजह यह है कि लॉन्च हो चुकी परियोजनाओं में काम पूरा करने के लिए पैसों की जरुरत होगी, जो खाली पड़ी जमीन पर फ्लैट बनने के बाद बेचने से आएंगे। जबकि प्राधिकरण इसका विरोध कर रहा था। प्राधिकरण का तर्क था कि पहले प्रबंधन बकाया दे, उसके बाद खाली जमीन पर फ्लैट के नक्शे पास किए जाएंगे। हालांकि, कोर्ट ने प्राधिकरण के तर्क को नहीं माना। ऐसे में अब यूनिटेक से जुड़े प्रबंधन ने खाली पड़ी जमीन पर भी फ्लैट बनाने की योजना तैयार कर उनसे संबंधित नक्शों को मंजूरी के लिए प्राधिकरण में जमा कर दिया है।



## जमानत मिलने के बाद केरल की दो नन छत्तीसगढ़ की दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा

**बिलासपुर , एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की एक विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद शनिवार को केरल की दो ननों को दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। जेल के बाहर से प्राप्त तस्वीरों में देखा जा सकता है किवाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसदों, भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर समेत केरल के कई नेताओं ने कैथोलिक नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस का स्वागत किया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए)-अदालत) सिराजुद्दीन कुरैशी की विशेष अदालत ने मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार दोनों ननों और एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को इस शर्त पर जमानत दे दी कि वे अपने पासपोर्ट जमा कर दें तथा देश छोड़कर न जाएं।

बचाव पक्ष के वकील अमृतो दास ने बताया कि अन्य शर्तों में 50 हजार रुपये का मुचलका जमा करना, देश नहीं छोड़ना और अपना पासपोर्ट जमा करना शामिल है। वकील दास ने कहा कि उन्हें जांच में भी सहयोग करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि कुछ और शर्तें भी हैं, लेकिन अंतिम आदेश अभी प्राप्त नहीं हुआ है। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बजरंग दल के स्थानीय पदाधिकारी की शिकायत पर 25 जुलाई को शासकीय रेल पुलिस ने नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस के साथ सुकमन मंडावी नामक एक व्यक्ति को दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। इस बीच, मामले की कथित पीड़ित तीन युवतियां नारायणपुर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की। बजरंग दल के इन कार्यकर्ताओं पर कथित तौर पर युवतियों पर हमला करने और उन्हें दुर्ग राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सामने ननों के खिलाफ झूठे बयान देने के लिए मजबूर करने का आरोप है। छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में दो कैथोलिक ननों की गिरफ़्तारी, भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उत्पीड़न की ताज़ा घटना है। इसने समुदाय, विशेष रूप से ननों के गृह राज्य केरल में, कड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। ननों को पिछले हफ्ते दुर्ग रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया था, जब वे तीन आदिवासी लड़कियों के साथ आगरा के एक कॉन्वेंट जा रही थीं। उन्हें बजरंग दल के एक सदस्य की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, ननों, लड़कियों और उनके साथ आई एक लड़की के भाई को धमकाया गया और उनके साथ मारपीट की गई।

# पहलगाम हमले के बाद देश से निकाली गई पाकिस्तानी महिला, अब मिलेगा आगंतुक वीजा

**जम्मू, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट को सूचित किया कि उसने पाकिस्तानी नागरिक रक्षंदा राशिद को आगंतुक वीजा देने का फैसला किया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को देश से निष्कासित कर दिया गया था। फैसले के अनुसार, रक्षंदा राशिद को जम्मू से निष्कासित कर दिया गया था, जिसके बाद अदालत ने महिला की ओर से भारत लौटने की इजाजत मांगने वाली याचिका खारिज कर दी थी। हालांकि, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि गृह मंत्रालय का यह आदेश किसी प्रकार की मिसाल के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

रक्षंदा राशिद ने 35 साल पहले जम्मू में भारतीय नागरिक शेख जहूर अहमद से विवाह किया था। उन्हें उन पाकिस्तानी नागरिकों की सूची में शामिल कर देश से निकाला गया, जिन्हें सरकार ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद वापस भेजने का फैसला किया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने गृह मंत्रालय की ओर से अदालत को बताया कि इस मामले की विशिष्ट परिस्थितियों को देखते हुए मंत्रालय ने विचार-विमर्श के बाद उन्हें आगंतुक वीजा देने का निर्णय लिया है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण पाली और न्यायमूर्ति रजनीश ओसवाल की खंडपीठ ने इस वक्तव्य को आदेश में दर्ज किया। न्यायालय ने यह भी कहा कि रक्षंदा राशिद भारतीय नागरिकता और दीर्घकालिक वीजा के लिए दायर अपनी दोनों याचिकाओं को आगे बढ़ा सकती हैं। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल की दलीलों को दर्ज करते हुए कहा, एक बार सक्षम प्राधिकरण की ओर से सैद्धांतिक निर्णय ले लिया गया है। औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद उन्हें शीघ्र ही आगंतुक वीजा जारी कर दिया जाएगा।



न्यायालय ने निर्वासन से राहत मांगने वाली राशिद की याचिका को खारिज कर दिया था। इसने कहा कि विवादित अंतरिम आदेश अपनी प्रासंगिकता खो देता है और इसके साथ ही अंतरिम आदेश भी स्वतः अमान्य हो गया। तुषार मेहता ने 22 जुलाई को अदालत से अनुरोध किया था कि वे सुनवाई को स्थगित करें ताकि यह देखा जा सके कि रक्षंदा राशिद की कोई मदद की जा सकती है या नहीं। रक्षंदा के वकील अंकुर शर्मा और हिमानी खजुरिया ने अदालत को बताया कि उनकी मुवक्किल इस प्रक्रिया से सहमत हैं।

न्यायमूर्ति राहुल भारती की एकल पीठ ने 6 जून को केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि राशिद को भारत वापस लाया जाए। आदेश पारित करते हुए जस्टिस भारती ने कहा, यह अदालत इस पृष्ठभूमि संदर्भ को ध्यान में रख रही है कि याचिकाकर्ता के पास प्रासंगिक समय पर दीर्घकालिक वीजा था, जो उसके निर्वासन को उचित नहीं ठहरा सकती थी लेकिन उसके मामले की बेहतर परिप्रेक्ष्य में जांच किए बिना और संबंधित अधिकारियों से उसके निर्वासन के संबंध में उचित आदेश लिए बिना, उसे निर्वासन के लिए मजबूर किया गया। उन्हें 28 अप्रैल को आप्रवासन और विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 के तहत भारत छोड़ने का नोटिस जारी किया गया था जिसमें 29 अप्रैल तक देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था।

रक्षंदा राशिद ने उच्च न्यायालय का रुख कर इस आदेश पर अंतरिम रोक की मांग की थी, लेकिन इसके बाद उन्हें एग्जिट परमिट जारी कर अमृतसर के अटारी-वाघा सीमा तक पहुंचाया गया जहां से उन्होंने पाकिस्तान में प्रवेश किया। जम्मू के तालाब खटिकन इलाके की निवासी राशिद के चार बच्चे अब भी जम्मू-कश्मीर में रह रहे हैं। इस्लामाबाद के नामुद्दीन रोड निवासी मोहम्मद राशिद की पुत्री रक्षंदा 10 फरवरी, 1990 को 14 दिवसीय आगंतुक वीजा पर जम्मू आई थीं। बाद में उन्हें प्रतिवर्ष नवीनीकृत किए जाने वाले दीर्घकालिक वीजा पर भारत में रहने की अनुमति दी गई थी। अपने प्रवास के दौरान उसने बताया किया कि उसने एक भारतीय नागरिक से विवाह किया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129